संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 24 नवंबर 2023 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 17 अंकः 314 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के श्री कृष्ण जन्मस्थान मंदिर (मथुरा) में दर्शन और पूजा की।

## फास्ट न्यूज

### ममता बनर्जी के बयान को भाजपा ने बताया गंदी राजनीति से प्रेरित

**नई दिल्ली।** वन डे विश्व कप के फाइनल मैच को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पलटवार करते हुए इसे गंदी राजनीति से प्रेरित बताया है। भाजपा नेता मनजिन्दर सिंह सिरसा ने गुरुवार को कहा कि ममता बनर्जी का बयान बेहद दुखद है। वे क्रिकेट के खेल को लेकर गंदी राजनीति कर रही हैं। हमारे खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इस वन डे विश्व कप के ग्यारह में से दस मैच भारत ने जीता है। यह चुनाव नहीं है, ये खेल है, इसमें कोई जीतता है तो कोई हारता है। ममता बनर्जी की मानसिकता ये है कि गुजरात के लोग बुरे हैं, क्योंकि वहां मैच खेला गया। अगर क्रिकेट का यह मैच पश्चिम बंगाल में खेला जाता तो हम जीत जाते। मतलब साफ है कि वे खेल को राज्यों के नाम पर बांट रही हैं।

### गुरु तेग बहादुर जी के 'शहीदी दिवस' की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरु तेग बहादुर के 'शहीदी दिवस' की पूर्व संध्या पर श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा मैं गुरु तेग बहादुर जी को उनके शहीदी दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। गुरु तेग बहादुर जी ने मानवीय मूल्यों और अधिकारों की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। गुरु तेग बहादुर जी ने प्रेम, करुणा और भाईचारे का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं हमें मानवता की सेवा करने और सभी को एकजुट होने की प्रेरणा देती हैं। गुरु तेग बहादुर जी का जीवन और शिक्षाएं हम सभी में राष्ट्रीयता की भावना जगाती रहें।

### बेल्जियम के राजदूत ने सीएम योगी से की भेंट

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर भारत में बेल्जियम के राजदूत डिडिएर वेंडरहासेल्ट ने शिष्टाचार भेंट की। उनकी राजदूत डिडिएर वेंडरहासेल्ट से चर्चा बेल्जियम और उत्तर प्रदेश के बीच संबंधों को गहरा करने, सहयोग के रास्ते तलाशने और आपसी विकास की अपार संभावनाओं पर केंद्रित थी।

# राजोरी मुठभेड़ में बड़ी सफलता


## ढांगरी हमले का मास्टरमाइंड आतंकी कॉरी समेत दो ढेर, हथियार बरामद

**आप को झटका**

8 कॉरी लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी कमांडर था। एक साल से अपने ग्रुप के साथ राजोरी में सक्रिय था।


**टीम एक्शन इंडिया/राजोरी**
जम्मू संभाग के जिला राजोरी के बाजीमाल में गुरुवार दूसरे दिन भी मुठभेड़ हुई। इस ऑपरेशन में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यहां दो आतंकियों को मार गिराया गया है। उनके पास से हथियार और गोला बारूद भी बरामद किया गया है। अभी तलाशी अभियान जारी है। पीआरओ डिफेंस ने बताया कि गोलीबारी के दौरान पाकिस्तानी आतंकवादी कॉरी मारा गया है। उसे पाक और अफगान मोर्चे पर प्रशिक्षित किया गया है। कॉरी लश्कर-ए-तैयबा का उच्च रैंक आतंकवादी कमांडर था। वह पिछले एक साल से अपने ग्रुप के साथ राजोरी और पुंछ में सक्रिय था। उसे ढांगरी और कंडी हमलों का मास्टरमाइंड भी माना जाता है। इन आतंकियों को इन क्षेत्रों में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के लिए भेजा गया था। वह आईईडी लगाने, गुफाओं से छिपकर हमला करने और प्रशिक्षित स्नाइपर था। इस साल एक जनवरी को राजोरी के ढांगरी में दोहरे आतंकी हमले को अंजाम दिया गया था, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई थी। इसमें पांच लोग गोलीबारी में और दो लोग आईईडी ब्लास्ट में मारे गए थे। जिला राजोरी के धर्मसाल के बाजीमाल इलाके में सेना व जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ गुरुवार सुबह एक बार फिर शुरू हुई। बुधवार सुबह 10 बजे शुरू हुई मुठभेड़ रात सात बजे तक जारी रही। अंधेरा होने के कारण नौ घंटे बाद गोलीबारी बंद कर दी गई लेकिन सुरक्षाबलों ने दोनों दहशतगर्दों को घेरा डाले रखा।

**मुठभेड़ के दौरान दो कैप्टन समेत पांच सैन्यकर्मी बलिदानः** गुरुवार को मुठभेड़ के दौरान एक जवान बलिदान हो गए। इससे पहले बुधवार को दो कैप्टन समेत चार सैन्यकर्मी बलिदान हो गए और दो जवान घायल हुए। बुधवार को नागरिकों को बचाते हुए सुरक्षाबलों पर अचानक आतंकियों ने हमला कर दिया। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा में जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया। इस ऑपरेशन में कुल पांच सुरक्षाकर्मी वीरगति को प्राप्त हुए और दो घायल हुए हैं। बलिदान अधिकारियों की पहचान कर्नाटक के कैप्टन एमवी प्रांजल, 63 आरआर/ सिग्नल, आगरा के कैप्टन शुभम, 9-पैरा और जम्मू के पुंछ के हवलदार माजिद, 9-पैरा के रूप में हुई है। दो बलिदानियों की पहचान अभी नहीं चल पाई है। 9 पैरा के मेजर मेहरा के हाथ और छाती में चोट आई है। उन्हें उधमपुर के कमांड अस्पताल में एयरलिफ्ट कर पहुंचाया गया।




### कुछ दिनों से इलाके में थे आतंकी, खाना न देने पर पशु चरा रहे ग्रामीण की कर दी थी पिटाई

**राजोरी :** राजोरी में गुरुवार को दूसरे दिन भी मुठभेड़ चल रही है। जिले के धर्मसाल के बाजीमाल इलाके में सेना व जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी जारी है। सूत्रों से मिली ताजा जानकारी के अनुसार, मुठभेड़ स्थल पर अभी भी दो शव पड़े हुए हैं, इनमें से एक सुरक्षाकर्मी का और एक आतंकी के होने का अंदेशा है। पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बाजीमाला में मंगलवार शाम आतंकवादियों ने एक



गुज्जर व्यक्ति की पिटाई कर दी थी। गुज्जर व्यक्ति ने दोनों आतंकवादियों को खाना देने से मना कर दिया था। गुज्जर ने सुरक्षाबलों को दिए अपने बयान में बताया है कि वह जंगली इलाके में पशु चरा रहा था। अचानक से वहां पर दो अज्ञात बंदूकधारी आ गए और खाना मांगने लगे। उसने कुछ भी होने से इनकार दिया तो दोनों ने उसे बुरी तरह से पीट दिया। दोनों बंदूकधारी ज्यादा देर नहीं रुके और वहां से जंगल में भाग गए। आतंकी संगठनों ने सर्दी शुरू होते ही जम्मू-कश्मीर में हमले तेज कर दिए हैं। यह सिलसिला अगले कुछ दिनों में और बढ़ सकता है, क्योंकि बर्फ गिरने से पहले सीमा पार से आतंकियों की बड़े स्तर पर घुसपैठ कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### जम्मू को दहलाने की साजिश नाकाम



**जम्मू :** सीमा पार बैठे आतंकियों की जम्मू को दहलाने की साजिश को एक बार फिर सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया है। गुरुवार को सेना और जम्मू पुलिस की संयुक्त टीम ने नियंत्रण रेखा के पास जम्मू के अखनूर के पलांवाला में हथियारों का जखीरा जब्त किया है। जम्मू पुलिस और सेना की टीम ने आज सुबह एलओसी के पास पालांवाला के पास संयुक्त तलाशी अभियान में एक संदिग्ध बॉक्स बरामद किया। बॉक्स खोलने पर इसमें हथियार पाए गए। सूत्रों की मानें तो सीमा पार बैठे आतंकियों ने ड्रोन से इन हथियारों को यहां तक पहुंचाया।

# 'ब्रज के कण-कण में राधा और कृष्ण समाए है'



**विचार...**

8 सांसद के रूप में दस साल से मैंने भी विकास किया, अभी कुछ बाकी है। ब्रज से बढ़कर कोई धाम नहीं है।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को मथुरा पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद पीएम मीराबाई के 525वें जन्मोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे, जहां अभिनेत्री और सांसद हेमा मालिनी ने उनका स्वागत किया। हेमा मालिनी ने कहा, "प्रधानमंत्री ने विश्व में देश का गौरव बढ़ाया है। सांसद के रूप में दस साल से मैंने भी विकास किया, अभी कुछ बाकी है। ब्रज से बढ़कर कोई धाम नहीं है।" भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने कहा, "मैं जब से यहां सांसद बनकर आई हूं तब से मैंने देखा है कि बहुत से साधु-संतों के स्थल बने हैं, लेकिन मीराबाई के बारे में कहीं कुछ नहीं है। मैंने पीएम मोदी से अपना दुख प्रकट किया तो उन्होंने तुरंत इस बात को माना और आज मीराबाई के लिए यह समारोह हो रहा है।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, मैं देरी से आने के लिए क्षमा चाहता हूं। राजस्थान के चुनावी मैदान से भक्ति के स्थान पर आया हूं। यहां वही आता है जिसे श्रीकृष्ण बुलाते हैं। ये साधारण धरती नहीं है। ब्रज की रज भी पूरे संसार में पवित्र मानी जाती है। कण-कण में राधा और कृष्ण समाए हैं। विश्व के सभी तीर्थ यात्रा से जो लाभ मिलता है. यहाँ आने से सब मिल जाता है। मुझे मीराबाई की जयंती पर आने का सौभाग्य मिला है। मैं राधा कृष्ण के चरणों में नमन करता हूं। हेमा सांसद तो हैं, लेकिन कृष्ण की भक्ति में रम गईं है। मेरे लिए यहां आना एक और विशेष है। कृष्ण से मीराबाई तक का नाता गुजरात से रहा। कृष्ण द्वारिका जाकर द्वारकाधीश बने। मीराबाई भी द्वारिका रहीं।

# फिर से महुआ के बचाव में आई ममता

**टीम एक्शन इंडिया/कलकत्ता**
रिश्वत लेकर सदन में सवाल पूछने के मामले में तृणमूल सांसद (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा लगातार मुश्किलों में घिरती जा रही हैं। इस बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी लंबी चुप्पी पर विराम लगा दिया। उन्होंने कहा कि महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की योजना बनाई जा रही है। बनर्जी ने कहा, 'महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की योजना बनाई जा रही है, लेकिन इससे उन्हें (2024 के आम चुनावों से) चुनाव से पहले मदद मिलेगी। पश्चिम बंगाल की



मुख्यमंत्री कोलकाता के एक कार्यक्रम में बोल रही थीं।' इस पूरे मामले में काफी लंबे समय से बनर्जी ने चुप्पी बनाए रखी थी। दरअसल, मोइत्रा पर संसद में सवाल पूछने के लिए व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी से दो करोड़ रुपये नकद रिश्वत और लक्जरी उपहार आइटम लेने का आरोप लगाया गया है।

**योजना...**

8 लोकसभा से निष्कासित करने की योजना बनाई जा रही है, लेकिन इससे उन्हें चुनाव से पहले मदद मिलेगी।

**केंद्र में सिर्फ तीन महीने बचे :** उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला कर कहा कि केंद्र में सिर्फ तीन महीने बचे हैं। वर्तमान में विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने वाली केंद्रीय एजेंसियां 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद भाजपा के पीछे पड़ जाएंगी।

### सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज का निधन

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज और तमिलनाडु की पूर्व राज्यपाल फातिमा बीवी का निधन हो गया है। उन्होंने 96 साल की उम्र में अंतिम सांस ली है। न्यायाधीश फातिमा बीवी ने अपने लंबे और शानदार करियर के दौरान देशभर में महिलाओं के लिए एक आदर्श और नजीर के रूप में काम किया है। फातिमा बीवी का नाम ज्यूडिशरी ही नहीं बल्कि देश के इतिहास में भी स्वर्ण अक्षरों में अंकित हैं। फातिमा बीवी तमिलनाडु की पूर्व राज्यपाल भी रह चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में अपनी सेवा देने के बाद उन्होंने तमिलनाडु के राज्यपाल के रूप में नियुक्त होकर राजनीतिक क्षेत्र पर भी अपनी छाप छोड़ी।

# पीएम के नेतृत्व में राज्य की जनता भाजपा को देगी प्रचंड बहुमतः अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान की जनता उन्हें प्रचंड बहुमत देने के लिए खड़ी है। यहां सभी रिकॉर्ड तोड़कर भाजपा की सरकार बनेगी। देशभर में प्रचलित ओल्ड पेंशन स्कीम पर वे बोले कि ओपीएस को लेकर भी कमेटी बनायी है। यहां पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि राजस्थान में पिछले पांच साल में प्रतिदिन 19 मामले सामने आए हैं। यहां 35 हजार से ज्यादा दुष्कर्म



की घटनाएं दर्ज हुई हैं। देशभर में रेप के केसों में यहां 22 प्रतिशत मामले हैं, फिर भी अशोक गहलोत सरकार के कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। महिलाएं एकजुट होकर अशोक गहलोत के खिलाफ और नरेंद्र मोदी के साथ नजर आ रही हैं। साथ ही राजस्थान में 19 हजार से ज्यादा किसानों की भूमि को नीलाम किया। किसानों से कर्ज माफी का वादा करके आई गहलोत सरकार पांच साल में 5 प्रतिशत किसानों का भी कर्ज माफ नहीं कर पाई। किसान गहलोत सरकार के खिलाफ भाजपा के साथ लामबंद होकर खड़े हैं। यहां दर्जनों किसान आत्महत्या कर चुके हैं। इसके अलावा राज्य में भर्तियों में पेपरलीक के मामले में एक प्रकार से सारे रिकॉर्ड तोड़ गए।

# सीएम ने की निर्माणाधीन सुरंग में फंसे श्रमिकों से बात

**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी की सिलक्यारा में निर्माणाधीन टनल में फंसे श्रमिकों में गब्बर सिंह नेगी और सबा अहमद से बात कर उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री ने उन्हें सकुशल बाहर निकालने के लिए तीव्र गति से चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन से भी अवगत कराया। दोनों लोगों ने सभी श्रमिक भाइयों के स्वस्थ और सुरक्षित होने की भी जानकारी दी। श्रमिक भाइयों को प्रधानमंत्री के द्वारा निरंतर उनकी वस्तुस्थिति के बारे में जानकारी




लेने और बचाव कार्यों की मॉनिटरिंग किए जाने के बारे में भी अवगत कराया। बचाव कार्य सही दिशा में संचालित है और शीघ्र ही सभी श्रमिक भाई को सुरक्षित बाहर आकर अपने परिजनों के साथ होने का भरोसा दिया। इस मौके पर केन्द्रीय राज्य मंत्री जरनल वीके सिंह, प्रधानमंत्री कार्यालय के पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण, गंगोत्री क्षेत्र के विधायक सुरेश चौहान, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी सहित रेस्क्यू टीम मौजूद हैं।

# समलैंगिक विवाह के फैसले पर कोर्ट में फिर होगी सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने से इनकार करने वाले 17 अक्टूबर के फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली एक याचिका गुरुवार को खुली अदालत में सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पेश की गई। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने याचिकाकताओं में से एक की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी की दलीलों पर ध्यान दिया और कहा कि समलैंगिक विवाह को मान्यता देने की मांग करने वालों की शिकायतों के निवारण के लिए समीक्षा याचिका पर खुली अदालत में सुनवाई की जरूरत है। समलैंगिक जोड़ों को विवाह समानता का अधिकार देने से इनकार करने वाले शीर्ष अदालत के फैसले के खिलाफ समीक्षा याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 28 नवंबर को सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ता खुली अदालत में सुनवाई चाहता है। कोर्ट का कहना है कि वह पुनर्विचार याचिका पर खुली अदालत में सुनवाई की मांग करने वाली याचिकाकर्ता की याचिका पर गौर करेगा। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। सीजेआई ने कहा, मैंने (समीक्षा) याचिका की जांच नहीं की है। मुझे इसे (उस संविधान पीठ के न्यायाधीशों के बीच) प्रसारित करने दीजिए।

### सरकारों के पास बकाया भुगतान का अंतिम मौका

**नई दिल्ली :** दूसरी राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की सिफारिशों के मुताबिक निचली अदालत के न्यायाधीशों के बकाया वेतन और अन्य बकाया भुगतान करने के लिए राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों को सुप्रीम कोर्ट ने अंतिम मौका दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने



मामले की सुनवाई करते हुए कहा, आदेश के अनुपालन के लिए एक आखिरी मौका दिया जा रहा है। यदि फिर भी आदेशों की अवमानना होती है तो, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव व्यक्तिगत रूप से अदालत के सामने पेश होंगे।

### सलिल को मिली पासपोर्ट रिन्यू कराने की मंजूरी

**मुंबई :** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसे महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख के बेटे सलिल देशमुख को पासपोर्ट रिन्यू कराने की मंजूरी मिल गई है। मुंबई की एक स्पेशल कोर्ट ने कहा कि सिर्फ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुकदमे का सामना करने के आधार पर ही पासपोर्ट रिन्यू कराने से नहीं रोका जा सकता। कोर्ट ने सशर्त पासपोर्ट रिन्यू कराने की मंजूरी दे दी। स्पेशल जज आरएन रोकाडे ने बुधवार को सलिल देशमुख की याचिका पर ईडी द्वारा जब्त पासपोर्ट वापस देने का निर्देश दिया।

**सुधार की बात** एआई प्रौद्योगिकी और सुशासन के एकीकरण के माध्यम से यह प्रणाली सभी विद्यार्थियो को सही सामग्री और जानकारी से और सशक्त बनाएगी।

# 'शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों में सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका अहम'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को विद्या समीक्षा केंद्र वीएसके का लोकार्पण किया। यह महत्वाकांक्षी योजना राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा और कान्वे जीनियस के सहयोग से आरम्भ की गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्विफ्ट चैट एआई कृत्रिम मेधा द्वारा संचालित विद्या समीक्षा केंद्र हिमाचल प्रदेश के सभी स्कूलों को प्रौद्योगिकी और डेटा-संचालित प्रणाली से सक्षम बनाएगा। शिक्षा में एआई प्रौद्योगिकी और सुशासन के



एकीकरण के माध्यम से यह प्रणाली सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रशासकों को सही सामग्री और जानकारी से और सशक्त बनाएगी। उन्होंने कहा कि विद्या समीक्षा केंद्र सभी प्रमुख कार्यक्रमों की प्रभावी निगरानी में मदद करेगा। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि विद्या समीक्षा केंद्र, स्विफ्ट चैट पर संवादात्मक एआई चैटबाट की विविध श्रृंखला डिजिटल मित्र की तरह काम करेगी, जो विद्यार्थियों का मार्गदर्शन, शिक्षकों की सहायता और प्रशासकों के लिए मूल्यवान डेटा उपलब्ध करवाएगा। यह जिलों, खण्डों और स्कूलों के लिए डैशबोर्ड और रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। इससे विद्यार्थियों की प्रगतिए शिक्षक प्रशिक्षण और समग्र स्कूल प्रदर्शन से सम्बंधित डेटा उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि वास्तविक समय में प्रतिक्रिया और सुधारात्मक सुझाव के आधार पर शिक्षक शिक्षण सम्बंधी रणनीतियों में बदलाव कर सकेंगे, जिससे प्रत्येक विद्यार्थी को सीखने के अवसर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए शिक्षा क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का समावेश कर सुधार किया जा रहा है।

**बदलाव**

8 शिक्षक शिक्षण सम्बंधी रणनीतियों में बदलाव कर सकेंगे, प्रत्येक विद्यार्थी को सीखने के अवसर प्राप्त होंगें।

# आईआईटी गुवाहाटी में पांच छात्र को मिला एक करोड़ से अधिक का पैकेज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी, गुवाहाटी में रविवार को रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस भर्ती प्रक्रिया में आईआईटी गुवाहाटी के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 302 ऑफर्स प्राप्त किये हैं। इन्हीं प्री प्लेसमेंट ऑफर में आईआईटी गुवाहाटी के एक छात्र ने 1 करोड़ से अधिक का पैकेज हासिल किया है। छात्र को यह ऑफर माइक्रोसॉफ्ट कंपनी ने प्रदान किया है। पिछले कुछ दिनों से यह बात सामने आ रही है कि मार्केट में मंदी की मार है, लेकिन प्री प्लेसमेंट



ऑफर्स में ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला।

**5 स्टूडेंट्स को प्राप्त हुआ 1 करोड़ से अधिक का पैकेज**
आईआईटी गुवाहाटी के सेंटर फॉर करियर डेवलपमेंट के प्रमुख लालती मोहन पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि पांच आईआईटी में पांच छात्रों को 1 करोड़ से अधिक का ऑफर प्राप्त हुआ है। इसमें से सबसे ज्यादा ऑफर 1.10 करोड़ रुपये प्राप्त हुआ है। आपको बता दें कि यह सभी ऑफर्स प्री प्लेसमेंट ऑफर के तहत प्रदान किये गए हैं।

**बेहतर प्रदर्शन**

8 आईआईटी गुवाहाटी के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 302 ऑफर्स प्राप्त किये हैं।

# दुनिया में 10 फीसदी लोग शारीरिक या मानसिक रूप से हैं दिव्यांग : मक्कड़

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज संस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य आयुक्त दिव्यांगजन हरियाणा से की भेंट

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) विश्व** स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया में 10 फीसदी लोग शारीरिक अथवा मानसिक रुप से दिव्यांग हो चुके हैं, जो चिन्ता का विषय है। इतना ही नहीं, हरियाणा में भी करीब 2.5 लाख दिव्यांग प्रदेश सरकार से 2700/- मासिक पेंशन प्राप्त कर रहे हैं और करीब 2.5 लाख अन्य दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनवाने के बाद सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। जबकि हरियाणा में करीब 5 लाख दिव्यांग अभी भी ऐसे है, जिन्होंने जागरूकता के अभाव अथवा अन्य कारणो से प्रमाण-पत्र नहीं बनवाएं हैं और उन तक सरकार की सुविधाओं का लाभ नहीं पहुंच रहा हैं। इन्हें जागरूक करने के लिए सरकार के साथ यदि प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज



संस्थान जैसी संस्थाएं भी जुड़ जाए, तो निश्चित तौर पर बेहतर परिणाम होंगे। यह विचार राजकुमार मक्कड़, राज्य आयुक्त दिव्यांगजन हरियाणा ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान की पंजाब जोन मीडिया कोऑर्डिनेटर राजयोगिनी बीके पूनम बहन के नेतृत्व में मिलने पहुंचे एक प्रतिनिधिमंडल के समक्ष व्यक्त किए। राज कुमार मक्कड़ ने बताया कि बढ़ते मानसिक तनाव के चलते पिछले कुछ समय से विश्व भर में शारीरिक अथवा मानसिक रुप से दिव्यांगता के मामलों में वृद्धि हुई हैं। इसके लिए हमें अपने लाइफ स्टाइल में परिवर्तन करना होगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा में दिव्यांगो के उत्थान के लिए प्रदेश की मनोहर सरकार ने जहां कई आकर्षक योजनाएं शुरू की हैं, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार भी इस दिशा में गंभीरता से प्रयासरत हैं। इससे पहले प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान की पंजाब जोन मीडिया कोऑर्डिनेटर राजयोगिनी बीके पूनम बहन ने राज्य आयुक्त राज कुमार मक्कड़ को बताया कि हर कोई अपने जीवन में स्थाई या अस्थाई रूप से असक्षमता अनुभव करता हैं। इसलिए ब्रह्माकुमारीज दिव्यांग सेवा विभाग, दिव्यांग व्यक्तियों के आंतरिक गुणों और सद?गुणों को विकसित करने के लिए वर्ष 2008 से निरन्तर सेवा कर रहा है। संस्थान द्वारा दृष्टि बाधित वर्ग के लिए 8 पुस्तके भी प्रकाशित की गई है। मेडिटेशन के लिए 3-डी फाइबर मॉडल्स तैयार किए गए हैं। श्रवण बाधित वर्ग के लिए 13 विभिन्न भाषाओं में आत्म उन्नति, व्यक्तित्व विकास की पुस्तकें प्रकाशित की गई है। चित्र से चरित्र ड्राईंग अभ्यास पुस्तिका अन्य वर्ग के लिए प्रकाशित की गई है। इतना ही नहीं, 6 रोचक और ऊजार्वान मूल्यों पर आधारित खेल बनाए गए हैं। बी.के पूनम बहन ने बताया कि दिव्यांग सेवा मुख्यालय माउंट आबू के नेशनल कोआर्डिनेटर बी.के. सूर्यमणि भाई के मार्गदर्शन में राजस्थान, उड़ीसा, गुजरात, मध्य-प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलगांना, गोआ और कर्नाटक राज्यों में इस प्रकार के कार्यक्रम की सफलता के बाद अब हरियाणा राज्य में भी प्रयास जारी है।

# पब्लिक हेल्थ कर्मचारियों की लंबित माँगों को लेकर बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
23 नवंबर 2023 को मैकेनिकल वर्कर यूनियन की संयुक्त मिटिंग हुई। मिटिंग की अध्यक्षता अनिल कुमार जिला प्रधान व कुलवंत शर्मा ने की व संचालन ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ ने की। आज की मीटिंग में फिल्ड कर्मचारियों की लम्बें समय से अधूरी पड़ी मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई।जो इस प्रकार से है जिसमें कर्मचारियों को विभाग की तरफ से मिलने वाली सुविधाएं जैसे वाटर वर्क्स पर साबुन,बल्ब, डस्टर, झाड़ू , डांगरी, सूज आदि एक साल से नहीं दी गई।जिन वाटर वर्क्स पर रिपेयरिंग होनी है कई कई साल से काम नहीं हुआ।वाटर वर्क्स की बिल्डिंग खंडहर होती जा रही है। समय पर मोटर,स्टाटर्स रिपेयर नहीं होते जिस कारण सप्लाई में बांधा आती है। कर्मचारियों के मेडिकल बिल लम्बें समय तक अनाप-शनाप



आपत्ती लगाकर लटकाए जाते हैं।
2020 से 2023 तक के ब्लाक इयर की एलटीसी का भुगतान नहीं किया जा रहा।अधिकारियों से बात करने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता। कार्यकारी अभियंता कुरुक्षेत्र से बार बार मिलनें का समय मांगने पर भी मिटिंग का समय नहीं दिया जा रहा है।जिस कारण कर्मचारियों में भारी रोष है। अतः संगठन ने यह निर्णय लिया है कि यदि 28 नंबर 2023 तक बातचीत के माध्यम से समाधान नहीं हुआ तो 1 दिसंबर 2023 से धरना प्रदर्शन किया जाएगा।जिस की सारी जिम्मेदारी कार्यकारी अभियंता पब्लिक हेल्थ कुरुक्षेत्र की होगी।आज की मीटिंग में मुख्य रूप से सुरेन्द्र यादव, कुलदीप सैनी, गुरनाम सिंह, रामरतन, महेंद्र पाल, विशाल सैन, अशोक कुमार,रिखी राम यादव आदि ने भी अपनी बात रखी।

# जिला पुलिस कुरुक्षेत्र में भर्ती होंगे एक साल के लिए 14 स्पेशल पुलिस ऑफिसर

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)। जिला पुलिस कुरुक्षेत्र** एक साल के लिए अस्थाई आधार पर 14 स्पैशल पुलिस ऑफिसर एसपीओ भर्ती करेगी। इसके लिए चयन प्रक्रिया पुलिस लाईन कुरुक्षेत्र में की जाऐगी। इस प्रक्रिया में भारतीय सेना से सेवानिवृत सैनिक (एक्स सर्विसमैन), सीआरपीएफ से सेवानिवृत कर्मी , एचएस आईएसएफ व एचएपी 2004 से सेवामुक्त किए गए जवानों को प्राथमिकता दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने बताया कि कुरुक्षेत्र पुलिस में एक साल के लिए अस्थाई आधार पर 14 स्पैशल पुलिस ऑफिसर (एसपीओ) को भर्ती किया जाना है।

# क्षेत्र की जनता के लिए हर कदम पर संघर्ष को तत्पर : कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली गन्नौर**
देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक देवेंद्र कादियान ने कहा कि जनता की सेवा को ही उन्होंने अपना ध्येय बना लिया है और इससे कभी पीछे नहीं हटेंगे। वह हलके की जनता के लिए हर कदम पर संघर्ष करने को तैयार है। देवा सोसायटी के संस्थापक देवेंद्र कादियान ठरू गांव में ग्रामीणों द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के दौरान बोल रहे थे। इससे पहले समारोह में पहुंचने पर ग्रामीणों ने देवेंद्र का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। वहीं समारोह में युवाओं का देवेंद्र के प्रति ज्यादा उत्साह



देखने को मिला। इस दौरान लोगों ने विस चुनावों में देवेंद्र को अपना समर्थन देने का विश्वास दिलाया।
कादियान ने कहा कि देवा सोशल सोसायटी के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य व स्वच्छता पर काम कर रहे है। उनकी एकेडमी पर बीपीएल परिवार की बच्चों को मुफ्त कोचिंग दी जाती है, बहुत से बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर सरकारी जॉब मिली है। स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देने के लिए क्षेत्र में दस मुफ्त एंबुलेंस सेवा दी जा रही है। रोजाना इन एंबुलेंस से 15 से 20 गरीब व जरूरतमंदों को लाभ मिल रहा है। इसमें सड़क दुर्घटना में जख्मी, गर्भवती महिलाएं समेत अन्य कई तरह की बीमारी से ग्रस्त होते है। इसी तरह स्वच्छता को लेकर विस के प्रत्येक गांव में एक-एक ई-ऑटो रिक्शा वितरित करने का काम भी सोसायटी कर रही है। ताकि घरों से निकलने वाला कूड़ा-कर्कट इधर-उधर फेंकने की बजाय ऑटो में डालकर एक निश्चित स्थान पर डंप किया जा सके। कादियान ने कहा कि जनता का जो विश्वास और प्यार उन्हें मिल रहा है वह साबित करता है कि विस चुनाव में जनता उनके हाथ मजबूत कर उन्हें विधानसभा में भेजने का काम करेगी। ताकि वह उनके अधिकारों, हितों की आवाज को उठा सकें। वे छतीस बिरादरी के लिए नेता नहीं बल्कि बेटा बनकर काम करने में विश्वास रखते है। कादियान ने इस दौरान गांव ठरू पंचायत को ई-ऑटो रिक्शा भेंट की है। इसको लेकर ग्रामीणों ने उनका आभार व्यक्त किया है। मौके पर नीरज सरपंच, चंद्रहास, रामचंद्र, राजबीर, सूर्य भगत, रणबीर, सतबीर, बलवान सिंह, राज सिंह, रविंद्र वकील, नारायण आदि मौजूद रहे

# खाना परोसने से पहले संदीप गर्ग खुद लगाते है गौ माता का भोग



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ बाबैन (दलबीर मलिक)प्रसिद्व** समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा पांच रसोईयां लाडवा, बाबैन, मथाना, यारी व शाहबाद में खोली गई है। पांचो रसोईयों में पांच रूपए में लोगों को भरपेट खाना दिया जा रहा है। काबिलेगौर है कि समाजसेवी संदीप गर्ग की फैक्टरी से हर रोज खाना तैयार होकर पांचो रसोईयों में पहुंच रहा है और सबसे पहले समाजसेवी संदीप गर्ग उस खाने से गऊमाता का भोग लगाते है और फिर उसके बाद वह खाना पांचो रसोईयों में पहुंचता है और फिर पांच रूपए में लोगों को भरपेट खाना मिल रहा है। संदीप गर्ग द्वारा चलाई गई पांचो रसोईयां अब लोगों की पंसद बन गई है और प्रतिदिन भारी संख्या में लोग चारों रसोईयों में खाना खा रहे है। समाजसेवी संदीप गर्ग ने बताया कि जब पांचो रसोईयों के लिए खाना बनकर तैयार हो जाता है सबसे पहले गऊमाता को भोग लगाता हूं। क्योंकि गऊमाता में 33 करोड़ देवी देवता वास करते है और गऊमाता की पूजा सबसे उत्तम मानी गई है। उन्होंने कहा कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती है जैसे नदियों में मां गंगा और गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है।

देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख-स्मृद्वि प्रदान करती है उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती है। गर्ग ने कहा कि गाय को भोजन कराने से जीवन में सुख शांति की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि यह पांचो रसोईयां हल्के के लोगों की अपनी रसोई है। इन पांचो रसोईयों में प्रतिदिन लोगों को दोपहर 12 बजे से दो बजे तक पांच रूपए में भरपेट खाना मिलता है। उन्होंने कहा कि जिस किसी व्यक्ति के पास भोजन करने के लिए यदि पांच रूपए भी नहीं है उसे भी खाना मिलता है।

# आयुर्वेदिक चिकित्सा विश्व की प्राचीनतम और उत्कृष्ट पद्धति: वैद्य राकेश शर्मा



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)बीएएमएस** के नव आगन्तुक चिकित्सकों के लिए श्रीकृष्ण आयुष विवि द्वारा चलाए गए दीक्षारम्भ कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को एनसीआईएसएम के चैयरमेन वैद्य राकेश शर्मा द्वारा भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अनिल शर्मा द्वारा गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत किया गया और विद्यार्थियों को आयुष विवि के इतिहास और कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तार से बताया।वैद्य राकेश शर्मा ने भावी चिकित्सकों को सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति विश्व की प्राचीनतम और उत्कृष्ट पद्धति है। आयुर्वेद तन,मन और आत्मा के बीच संतुलन बनाकर स्वास्थ्य में सुधार करता है। आयुर्वेद में न केवल उपचार होता है बल्कि यह जीवन जीने का एक ऐसा तरीका बताता है जिससे मनुष्य का जीवन खुशहाल बनता है। इसलिए आप आयुर्वेद के श्रेष्ठ चिकित्सक बनें और इसका दुनियाभर में प्रचार व प्रसार करें। उन्होंने कहा आयुर्वेद को पढ़ने का वास्तविक आनंद उसकी अपनी भाषा में है और संस्कृत वैसे भी कई भाषाओं की जननी है। हालांकि आयुर्वेद के बहुत सारे ग्रन्थों का अनुवाद अंग्रेजी भाषा में हो गया है, जो विद्यार्थियों के लिए सुगम और सरल माध्यम है, मगर विद्यार्थियों को कोशिश करनी चाहिए कि वे संस्कृत भाषा में ही आयुर्वेद के साहित्य को पढ़ें। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि गीता मनुष्य के जीवन का वास्तविक दर्शन है। जो व्यक्ति को जीवन जीने की कला और कर्म के सिद्धांत को बताती है। अगर विद्यार्थी भागवत गीता में भगवान

# सरदार रणजीत सिंह ने कैंथला खुर्द स्कूल के छात्रों को जर्सियां की वितरित

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** बढ़ती सर्दी को देखते हुए राजकीय उच्च विद्यालय कैंथला खुर्द में जर्सी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें गांव के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी, रणजीत सिंह, बलबीर पंच, गुरदेव सिंह, पूर्व सरपंच राजेंद्र सिंह सैनी, बलविंदर सिंह, राजकुमार मुख्याध्यापक, अमरजीत बाजवा, रोशन लाल व अन्य स्टाफ सदस्यों ने शिरकत की। कार्यक्रम में गांव के दानी पुरुष रणजीत सिंह द्वारा प्राथमिक व उच्च विद्यालय कैंथला खुर्द के सभी छात्रों को जर्सियां वितरित की गई। उन्होंने



विद्यालय को साउंड सिस्टम भी दान किया। सभी स्टाफ सदस्यों व ग्राम वासियों ने दानी रणजीत सिंह की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। ग्राम सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना बहुत पुण्य का कार्य है इसलिए समय-समय पर सभी को जरूरतमंद और असहाय लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि रणजीत सिंह से सभी को प्रेरणा लेकर दान करना चाहिए क्योंकि महापुरुषों ने कहा है कि दान करने से कभी भी धन नहीं घटता बल्कि धन में बढ़ोतरी होती है।

# आहुलाना मंदिर में केक काटकर मनाया श्याम बाबा का जन्मोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली गन्नौर**
**आहुलाना स्थित** प्राचीन श्याम बाबा मंदिर में तीन बाण धारी गौ सेवा ट्रस्ट द्वारा कार्तिक शुक्ल पक्ष की देव उठनी एकादशी के अवसर पर खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम को इत्र से स्नान करवाकर जयपुर से मंगवाए गए अनेक प्रकार के फूलों से बाबा श्याम को सजाया गया और श्याम बाबा को 56 भोग लगाया गया। मावे का केक भक्तों द्वारा काटकर बाबा श्याम को चढ़ाया गया। मंदिर को रंग-बिरंगे गुब्बारों से मंदिर को सजाया गया। वहीं भजन कलाकारों ने श्याम बाबा के भजनों की प्रस्तुतियां दी और भक्त नाचते झूमते नजर आए। श्याम बाबा जन्मोत्सव के



दौरान आए हुए हुए भक्तों में प्रसाद बांटा गया। कार्यक्रम की व्यस्था में तीन बाण धारी गौ सेवा ट्रस्ट के अलावा मंदिर कमेटी व आहुलाना के ग्रामीणों ने भी अपना सहयोग दिया।

**श्रद्धालूओं ने निकाली निशान यात्रा**

खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु अलग-अलग निशान यात्रा के साथ मंदिर में पहुंचे। सैकड़ों श्रद्धालू डीजे पर भजनों की धून के साथ नाचते गाते आहुलाना धाम में बाबा श्याम के मंदिर में पहुंचे और माथा टेका। वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालु निशान लेकर चुलकाना धाम में भी पहुंचे। सभी श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था।

**3000 वर्ष पुराना इतिहास**

मंदिर के पुजारी सचिन पंडित ने बताया कि आहुलाना गांव में स्थित प्राचीन श्याम मंदिर का 3000 हजार वर्ष पुराना इतिहास है। ग्रामीणों के अनुसार 3000 वर्ष पहले आहुलाना गांव गुज्जर समुदाय का गांव हुआ करता था। उस समय यहां बाबा श्याम की मूर्ती के अवशेष मिले थे। मंदिर के पास एक तलाब भी है जहां श्याम भक्त स्नान किया करते थे। मंदिर के पास यह तालाब अब भी मौजूद है जिसका जीर्णोद्धार किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार आहुलाना गांव के इस प्राचीन श्याम मंदिर का उल्लेख स्कंद पुराण में भी है। उन्होंने बताया कि जो धाम चुलकाना में है वह धाम पहले आहुलाना गांव में हुआ करता था।

**ढाई एकड़ में स्थापित है मंदिर**

गांव आहुलाना का मंदिर करीब ढाई एकड़ में स्थित है। जिसमें प्राचीन श्याम मंदिर का निर्माण किया गया था। अब ग्रामीणों द्वारा इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। 61 बाई 81 फुट के हाल में इस मंदिर का निर्माण किया जा चुका है। जिसमें 27 बाई 27 फुट में बाबा श्याम का दरबार सजाया गया है।

# नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत युवाओं ने ली शपथ

## हरियाणा में चार बार साइकिल यात्रा निकाल चुके डॉ. अशोक का किया स्वागत

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) पर्यावरण** संरक्षण और नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान के साथ आगे बढ़ रहे हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा आज साइकिल चलाकर करनाल से कुरुक्षेत्र 2 घंटे 25 मिनट में पहुंचे। उनका कुरुक्षेत्र पहुँचने पर राजकीय तकनीकी संस्थान कुरुक्षेत्र के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने स्वागत किया। तकनीकी संस्थान के प्राचार्य कँवल सचदेवा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ.



अशोक कुमार वर्मा ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि नशा मुक्त होगा हरियाणा और मिलकर सारे जोर लगाना। विद्यार्थियों द्वारा डॉ. वर्मा से साइकिल यात्रा का उद्देश्य पूछने पर उन्होंने बताया कि वे पूर्व में अकेले दो बार हरियाणा भर में साइकिल चला चुके हैं। करनाल तक और आस पास के जिलों में आते जाते रहते हैं। 1 सितम्बर से 25 सितम्बर तक मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में साइकिल पर रहे हैं। पिछले माह कुरुक्षेत्र से करनाल गए और करनाल जिले के गाँव गाँव तक साइकिल पर यात्रा करते हुए नशा मुक्ति का सन्देश दिया है।

वे चार बार हरियाणा के विभिन्न जिलों में साइकिल यात्रा निकाल चुके हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया और शपथ ग्रहण करवाई। साइकिल चलाने के विभिन्न लाभ गिनवाते हुए उन्होंने कहा कि साइकिल मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए सबसे सरल और सस्ता साधन है।

# सर्दी से बचाव के लिए 105 जरूरतमंद छात्रों को की सामग्री वितरित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली गन्नौर**
**रोटरी** क्लब आफ गन्नौर रायल ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला में पढ़ने वाले 105 जरूरतमंद बच्चों को जर्सियां, जूते व जुराबें वितरण की। विद्यालय में जब बच्चों को गर्म जर्सियां, जूते व जुराबों का वितरण किया गया तो उनके चेहरे खिल गए। इस अवसर पर रोटरी क्लब आफ गन्नौर रायल के अध्यक्ष जतिन जैन ने कहा कि कई बार जरूरतमंद बच्चों के पास पहनने के लिए जर्सी व जूते नहीं होते, जिससे वह बीमार पड़ जाते हैं और वे पढ़ाई में पिछड़



जाते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के मामले में उनका क्लब बच्चों को कोई कमी महसूस नहीं होने देगा।

प्रोजेक्ट चेयरमैन यश जैन ने सर्दी के सामान का वितरण करने में विशेष सहयोग दिया। इस मौके पर स्कूल के अध्यापक अरविंद कुमार, अमित दहिया, सुदेश कुमारी व क्लब के सदस्य अजय, त्यागी, नितिन जैन, गौरव जैन, सचिन वधवा, मोहनपाल व श्वेत मित्तल मौजूद रहे।

# दिल्ली के पैरेंट्स ध्यान दें, स्कूलों में दाखिला प्रकिया शुरू

## कुछ अभिभावक ऐसे भी थे जिन्होंने दफ्तर से घर पहुंचने के बाद आवेदन किया।

**आप को झटका**

8 राजधानी के निजी स्कूलों में नर्सरी, केजी और पहली में दाखिले की आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

राजधानी के निजी स्कूलों में नर्सरी, केजी और पहली में दाखिले की आवेदन प्रक्रिया बृहस्पतिवार से शुरू हो चुकी है। इस बार अधिकतर स्कूलों ने आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन की हुई है। कुछ स्कूल ऑफलाइन माध्यम से भी आवेदन फॉर्म उपलब्ध करा रहे हैं।

**दफ्तर से छुट्टी लेकर किया आवेदन:** वहीं, कई स्कूल ऐसे भी हैं जहां आवेदन फॉर्म तो ऑनलाइन उपलब्ध है, लेकिन अभिभावकों को इसका प्रिंट निकलवाकर भरना है और स्कूल में ऑफलाइन माध्यम से जमा करना है। आवेदन फॉर्म भरने के लिए माता-पिता में से किसी एक ने दफ्तर से छुट्टी ली थी। वहीं, कुछ अभिभावक ऐसे भी थे जिन्होंने दफ्तर से घर पहुंचने के बाद आवेदन किया।

**कैसे बढ़ेंगे दाखिला मिलने के चांस :** वसंत कुंज में रहने वाली कविता ने बताया कि उन्होंने एक सप्ताह पहले ही उन स्कूलों की सूची बना ली थी जहां पर वो अपनी बच्ची का नर्सरी में दाखिला कराना चाहती है। वहीं, इन स्कूलों में आवेदन करने के लिए उन्होंने अपने दफ्तर से छुट्टी ली हुई थी। उन्होंने कहा कि चार में से तीन स्कूलों में ही उन्होंने आवेदन किया है चूंकि चौथे स्कूल में आवेदन करने के लिए अभी भी कुछ दस्तावेज उन्हें जुटाने हैं। मयूर विहार के रहने वाले एक अभिभावक ने बताया कि उन्होंने जो स्कूल चिन्हित किए थे उनमें से कुछ में आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से हैं। वहीं, कुछ में ऑफलाइन माध्यम से है। ऐसे में जिन स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया ऑफलाइन है, सुबह सबसे पहले उन स्कूलों में जाकर आवेदन फॉर्म एकत्रित किए हैं। दो दिन के अंदर इन फॉर्म को भरकर वो जमा करेंगे।

**150 अभिभावकों ने किया ऑनलाइन माध्यम से आवेदन :** वहीं, प्रधानाचार्यों ने बताया कि नर्सरी दाखिला प्रक्रिया ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से चल रही है। इस बीच अभिभावक नर्सरी में दाखिला के लिए आवेदन करने से पहले हर तरह के संशय को भी दूर करने के लिए भी स्कूल पहुंच रहे हैं। रोहिणी स्थित माउंट आबू स्कूल की प्रधानाचार्या ज्योति अरोड़ा ने बताया कि स्कूल में ऑनलाइन माध्यम से 150 अभिभावकों ने आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक आवेदन देर शाम के बाद ही प्राप्त हुए हैं चूंकि अधिकतर अभिभावक कामकाजी है ऐसे में उन्होंने दफ्तर से घर पहुंचकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन किया है। द्वारका स्थित श्री वेंकटेश्वर इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या नीता अरोड़ा ने कहा कि बृहस्पतिवार तक 100 से अभिभावकों ने नर्सरी कक्षा के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन किया है।

### नर्सरी दाखिले से जुड़ी अहम जानकारी

= दो दिसंबर तक स्कूलों ने अपनी वेबसाइट पर प्वाइंट अपलोड नहीं किए तो उनमें दाखिला प्रक्रिया होगी स्थगित

= एक दिसंबर से मिलने लगेंगे आवेदन फॉर्म

= 25 रुपये होगा प्रवेश पंजीकरण शुल्क

= स्कूलों का प्रॉस्पेक्टस लेना होगा वैकल्पिक

= उम्र सीमा में मिलेगी 30 दिन की अतिरिक्त छूट

= राजधानी के 1700 से अधिक निजी स्कूलों में सत्र 2023-24 के लिए नर्सरी, केजी और पहली कक्षा में दाखिले के लिए छात्रों को न्यूनतम और अधिकतम उम्र सीमा में 30 दिन की छूट मिलेगी। इसके लिए छात्रों के अभिभावकों को संबंधित स्कूल के प्रधानाचार्य को एक लिखित पत्र जमा करना होगा।

# 350 रुपये के लिए किशोर पर किया चाकू से वार, मौत




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

देश की राजधानी दिल्ली में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां वेलकम इलाके में मंगलवार रात महज 350 रुपये लूटने के लिए 16 साल के किशोर ने 17 साल के किशोर की बेरहमी से हत्या कर दी। हत्याकांड का दिल दहला देने वाला सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। लूट का विरोध करने पर आरोपी ने पहले गला दबाया, फिर चाकू से ताबड़तोड़ 50 से ज्यादा वार कर दिए। खून से लथपथ किशोर को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार को काफी प्रयासों के बाद मृतक की शिनाख्त जाफराबाद निवासी यूसुफ (17) के रूप में हुई। बुधवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद उसका शव परिजनों के हवाले कर दिया। छानबीन के बाद मंगलवार रात को ही पुलिस ने आरोपी किशोर को दबोच लिया। उसके पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, यूसुफ परिवार के साथ गली नंबर-27, जाफराबाद में रहता था। परिवार में माता-पिता व अन्य सदस्य हैं। यूसुफ भाई के साथ वेलकम में कपड़ों पर कढ़ाई का काम करता था। मंगलवार रात को वह किसी काम से जाने की बात कहकर घर से निकला था।

### दिल दहला देने वाला सीसीटीवी फुटेज

**वेलकम** में यूसुफ हत्याकांड का दिल दहला देने वाला सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें यूसुफ पर आरोपी जानवरों की तरह चेहरे व गले पर चाकू से हमला करते हुए नजर आया है। इस दौरान कभी वह चेहरे को लात से मारता तो कभी बाल घसीटकर गली में ले जाते हुए दिखा है। इस दौरान वह नाचते हुए मोहल्ले वालों को ललकार भी रहा था। घटना के दौरान किसी ने भी यूसुफ को बचाने का प्रयास नहीं किया।

इस बीच वह गली नंबर-18, ईदगाह रोड, वेलकम पहुंचा। यहां नशे में धुत आरोपी ने यूसुफ को घेर लिया। आरोपी जबरन उसकी जेब में रखे 350 रुपये निकालने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने गला दबा दिया। जैसे ही यूसुफ नीचे गिरा तो आरोपी ने चाकू से 50 से ज्यादा वार कर दिए।

**पुलिस उपायुक्त ने कही यह बात**

पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि अस्पताल ले जाने पर यूसुफ को मृत घोषित कर दिया गया। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। जांच के बाद वेलकम निवासी आरोपी को दबोच लिया गया। उसके पास से चाकू भी बरामद कर लिया गया।

# भारतीय नागरिक के कब्जे से 98 लाख का सोना बरामद



**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कस्टम डिपार्टमेंट ने एक भारतीय द्वारा अवैध तरीके से लाए जा रहे सोने को जब्त किया है। जांच के बाद जब्त सोने का वजन 1841 ग्राम था और इसकी बाजार में कीमत 98 लाख रुपये आंकी गई। पुलिस ने भारतीय नागरिक को गिरफ्तार कर लिया है। सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि यह भारतीय नागरिक दोहा से नई दिल्ली पहुंचा था। शक होने पर उसकी तलाशी ली गई, जिसमें पेस्ट के रूप में सोने के 8 कैप्सूल बरामद किए गए। उन्होंने कहा कि यात्री के खिलाफ सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया।

# अग्रवाल मेडिकल सेंटर का तुगलकाबाद में भी फैला था जाल




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दक्षिणी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश में अग्रवाल मेडिकल सेंटर में फर्जी सर्जरी करने के मामले में रोज नए खुलासे हो रहे हैं। अब यह जानकारी सामने आई है कि आरोपित लैब टेक्नीशियन महेंद्र ने तुगलकाबाद में भी एक ऐसा ही सेंटर खोल रखा था, जिसमें पथरी की सर्जरी और सिजेरियन डिलीवरी की जाती थी। पुलिस ने बताया कि इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस और एम्स की टीम ने उक्त सेंटर में छापेमारी की और वहां से सर्जरी करने वाली मशीनें बरामद की। बता दें, आरोपी महेंद्र सहित अग्रवाल मेडिकल सेंटर संचालक नीरज अग्रवाल और उसकी पत्नी पांच दिन के पुलिस रिमांड पर हैं।

**आरोपी एक दिन में 2-3 सर्जरी करता था:** ग्रेटर कैलाश थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने बताया कि आरोपित फर्जी सर्जन महेंद्र ने वर्ष 2021 में तुगलकाबाद में सेंटर खोला था। यहां पर भी पथरी और सिजेरियन डिलीवरी की सर्जरी होती थी। महेंद्र अपने सेंटर पर भी सर्जरी करता था, जबकि आरोपित लैब टेक्नीशियन है। वह एक दिन में दो से तीन सर्जरी करता था। पुलिस ने सेंटर से मरीजों की जानकारी से जुड़े रजिस्टर भी बरामद किए हैं।

# आयुर्वेद आधारित सौंदर्य उत्पादों की व्यापार मेले में धूम



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**यहां** प्रगति मैदान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में आयुर्वेद के परंपरागत फामूलों एवं जड़ी-बूटियों से निर्मित सौंदर्य उत्पाद विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। हाल नंबर-12 में हालांकि सभी प्रकार के सौंदर्य उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं लेकिन इनमें आयुथवेदा के उत्पाद लोगों को खासतौर पर लुभा रहे हैं। यू तो बाजार में हर्बल सौंदर्य उत्पादों की कमी नहीं है लेकिन कुछ साल पहले आयुथवेदा ने आयुर्वेद में वर्णित फामूलों के आधार पर त्वचा, दांतों एवं बालों की देखरेख को लेकर उत्पादों की एक नई श्रंखला लांच की थी। इस श्रंखला में करीब सवा सौ उत्पाद अब तक जारी हो चुके हैं तथा देश में ही नहीं विदेशों में भी लोकप्रिय हो रहे हैं। कई देशों में इनकी बिक्री होने लगी है। एमिल-आयुथवेदा के निदेशक डा. संचित शर्मा के अनुसार ये उत्पाद अनूठे, दुष्प्रभाव रहित एवं प्रभावी हैं जिसका फायदा लोगों को मिल रहा है, इसलिए वे इन्हें हाथोंहाथ ले रहे हैं। एक तरफ उत्पाद जहां आयुर्वेद पर आधारित हैं, वहीं लोगों की जरूरतों को भी इसमें ध्यान में रखा गया है। जैसे चारकोल फेसवास एक ऐसा उत्पाद है जो उत्तर भारत में छाए मौजूदा प्रदूषण के दौर में चेहरे की त्वचा को साफ करता है तथा उसमें चमक प्रदान करता है। इसके इस्तेमाल से चेहरे पर जमा तमाम प्रदूषक तत्व निकल जाते हैं। इसमें एक्टिवेटेट चारकोल, फलों के रस तथा अनेक जड़ी-बूटियों को शामिल किया गया है।






## न्यूज फ्लैश

### अंडर-15 मिनी फुटबॉल क्लब चैंपियनशिप में अपोलो स्कूल रहा प्रथम

**गन्नौर।** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी के विद्यार्थियों ने हरियाणा अंडर -15 मिनी फुटबॉल क्लब चैंपियनशिपग 2023 में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय को गौरवान्वित किया। तीन दिन तक अंडर-15 मिनी फुटबॉल मैच चला। जिसमें अपोलो इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों का मुकाबला फाइनल में जाकर बिगान फुटबॉल क्लब के मध्य हुआ। इस प्रतिस्पर्धा में अपोलो स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त करके गोल्डन ट्रॉफी को जीता। इस मौके पर प्रधानाचार्या रजनी शर्मा व खेल विभाग के सचिव कोच अंकित दलाल को और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि-खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और इसे हम कठिन परिस्थितियों के साथ भी आगे बढ़ाते रहेंगे। अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी ऐसे विभिन्न प्रकार की उपलब्धियों को संग्रहित करते रहेंगे। कोऑर्डिनेटर अनीता यादव ने विद्यार्थियों को बधाई दी। इस शुभ अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

### पहाड़ों को काटकर टनल बनाने का कार्य तुरंत हो बंद: स्वामी कैलाशपुरी जी महाराज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**भैरव अखाड़ा** के सुप्रीमो स्वामी कैलाशपुरी महाराज ने देश की नरेंद्र मोदी सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि केंद्र और राज्य की सरकार प्रकृति से छेड़छाड़ करना बंद करें। उन्होंने कहा कि भारत में प्रकृति से लगातार छेड़छाड़ हो रही है, जिसका परिणाम केवल जनता को भुगतना पड़ता है। देश में आने वाले समय में भयानक आपदाएं आ सकती हैं, जिसे देश झेल नहीं पाएगा।

स्वामी कैलाशपुरी महाराज ने कहा कि उत्तरकाशी में पहाड़ों को काटकर टर्नल बनाने का कार्य बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रकृति गुस्से में है और 41 मजदूरों के फंसने की घटना भी इसी संदर्भ में घटित हुई है। टर्नल में फंसे सभी 41 मजदूर सकुशल बाहर लौट आएंगे। मगर प्रकृति का गुस्सा भी सच्चा है, इसे समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आपदा जब आती है, तब इसे हम झेल नहीं पाते। यहां विज्ञान भी फेल हो जाता है।

स्वामी कैलाशपुरी महाराज ने कहा कि लगता है राज्य व केंद्र सरकारों ने जोशीमठ और हिमाचल की घटनाओं से अभी तक सबक नहीं लिया। उन्होंने कहा कि यदि सबक लिया होता तो पहाड़ों से छेड़छाड़ नहीं करते। मनुष्य को लाभ पहुंचाने के लिए पहाड़ों को काटकर टर्नल बनाना कहां तक तर्कसंगत है।

उन्होंने कहा कि भगवान केदारनाथ धाम में जब भयानक आपदा आई थी, हमें तभी सबक लेने की जरूरत थी। मगर हम नहीं सुधरे। उल्टा चंद्रमा के दक्षिणी छोर पर पहुंच कर वहां भी छेड़छाड़ कर आए। चंद्रमा तो स्वयं भगवान शिव के माथे पर विराजमान है। फिर भी छेड़छाड़ नहीं हो रही है। हर साल उत्तराखंड हिमाचल महाराष्ट्र में प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं, मगर ईश्वर रचित पहाड़ों की खूबसूरती से लगातार छेड़छाड़ हो रही है।

स्वामी केलाशपुरी महाराज ने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्कू इस बात को सुनिश्चित करें कि प्राकृतिक से खिलवाड़ अब बंद हो। उन्होंने मोदी और राज्यों की सरकारों को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रकृति को मत छेड़ो, इसमें ही इनकी खूबसूरती है। उन्होंने कहा यदि छेड़छाड़ करेंगे तो प्रकृति अपना गुस्सा जरूर दिखाएगी, जिसे न तो विश्व झेल सकेगा और न ही भारत और न, ही विज्ञान। सब धरा का धरा रह जाएगा। उन्होंने कहा कि पहाड़ों पर टर्नल बनाने की प्रक्रिया तुरंत बंद होनी चाहिए, ताकि पहाड़ों से छेड़छाड़ बंद हो सके। इसके लिए विकास का कोई और विकल्प तैयार करना चाहिए।

### विधायक सुरेंद्र पंवार ने प्रभात फेरियों का न्यू कालोनी में फूल मालाओं व पुष्प वर्षा के साथ किया स्वागत

**सोनीपत।** विधायक सुरेंद्र पंवार ने गुरूपर्व के उपलक्ष्य में श्री गुरूद्वारा साहब द्वारा निकाली गई प्रभात फेरियों का रेलवे रोड़ स्थित न्यू कालोनी में फूलमालाओं व पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। स्वागत के दौरान वाहे गुरु जी दा खालसा, वाहे गुरु जी दी फतेह के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। संगत ने पंडाल में बैठ कर गुरूबाणी से गुरूनानक जी को याद किया। गुरूबाणी के दौरान संगत ने गुरूनानक जी के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने अपना सारा जीवन समाज में फैली बुराइयों को दूर करने में लगा दिया। उन्होंने कहा कि प्रभु का नाम सर्वोपरि है, इसी के सहारे ही व्यक्ति की नैंय्या पार होती है। इसलिए हमें प्रभु पर आस्था रखते हुए प्रतिदिन प्रभु का नाम जपना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरूपर्व के उपलक्ष्य में उनके कार्यालय द्वारा नगर कीर्तन का भी जोरदार स्वागत किया जाएगा। इसके साथ ही शहर में जगह-जगह पर प्रसाद वितरित किया जाएगा। उन्होंने गुरूनानक देवी जी से सभी शहरवासियों की मनोकामनाएं पूरी करने की कामना की।

# बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान बनाना जरुरी : कंवरपाल

## नई शिक्षा नीति में भाषा, संस्कार और रोजगार पर दिया गया हैं जोर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरियाणा** के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि हमें बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ उन्हें संस्कारवान भी बनाना चाहिए। यह हमारे समाज के लिए बेहद जरुरी है। अगर हम बच्चों को संस्कारवान बनाते हैं तो यह न केवल हमारे लिए बल्कि पूरे समाज के लिए लाभदायक होगा। शिक्षा मंत्री गुरुवार को करनाल के सनातन धर्म बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के स्वर्ण जयंती वार्षिकोत्सव में बतौर



मुख्यतिथि बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्कूल की संस्था को 11 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने नई शिक्षा नीति के तहत यह कोशिश की है कि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ हमारे संस्कार भी सीखें, इसलिए इस नीति में भारतीय भाषाओं, हमारे संस्कारों व रोजगार पर पूरा जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार आज छठी कक्षा से वोकेशनल शिक्षा दे रही है, जिससे बच्चे नए-नए कौशल सीख रहे हैं, वे भविष्य में अपना काम भी शुरू कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा में वर्तमान में 98 हजार बच्चे वोकेशनल शिक्षा ले रहे हैं।

**4 हजार प्ले-वे स्कूल खोलने का लक्ष्य:** कंवरपाल ने कहा कि हरियाणा सरकार गांवों में भी प्ले-वे स्कूल खोल रही है। सरकार ने प्रदेशभर में 4 हजार प्ले-वे स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। वहीं सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुपर-100 कार्यक्रम के अच्छे नतीजे सामने आ रहे हैं। पहले वर्ष में इसमें पढ़ रहे 25 छात्र आईआईटी के लिए चयनित हुए, वहीं दूसरे वर्ष 29 छात्र आईआईटी, 26 छात्र एमबीबीएस के लिए चयनित हुए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने स्कूलों में बच्चों को टैब वितरित किए हैं ताकि वे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकें। इस टैब में 34 विषयों से जुड़ी पाठ्य सामग्री डाली गई है। उन्होंने कहा कि देश ही नहीं, बल्कि विदेश में भी छात्रों को इतनी बड़ी संख्या में आज तक टैबलेट नहीं बांटे।

## करनाल: गैंगस्टर लॉरेंस गैंग के शूटरों ने किया खुलासा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। करनाल** में एसटीएफ द्वारा पकड़े गए गैंगस्टर लॉरेंस गैंग के दोनों शूटरों ने पुलिस रिमांड के दौरान कई खुलासे किए हैं। लॉरेंस के भाई अनमोल के इशारे पर ही दोनों शूटरों ने इमिग्रेशन एजेंट के घर पर गोलियां बरसाकर दहशत का माहौल बनाया था। एजेंट के घर पर रंगदारी के लिए पर्ची भी फेंकी थी। अनमोल ने दोनों शूटरों को 5 लाख रुपए देने का वायदा किया था। पुलिस टीम द्वारा रिमांड के दौरान वारदात में इस्तेमाल की गई की गई बाइक को बरामद कर लिया गया है।

इसके साथ पुलिस को तीसरे आरोपी की लोकेशन का हिंट भी मिला। एसटीएफ तीसरे आरोपी के गिरेबान तक पहुंच चुकी है, लेकिन इस बारे में टीम द्वारा अभी तक अधिकारी पुष्टि नहीं की गई है। गैंग के अन्य लोगों तक पहुंचने के लिए जगह-जगह पर छापेमारी की जा रही है।

## मनुष्य को जीवन में नौ प्रकार के परोपकार करने चाहिए: उपेंद्र मुनि

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**जैन संत** उपेंद्र मुनि ने कहा है कि वस्त्र दान सही मायने में परमार्थ हैं। हर व्यक्ति को साल में कम से कम दो बार वस्त्रों का दान देना चाहिए।



उन्होंने कहा कि दुनिया में नौ प्रकार के परोपकार होते हैं, इनमें से एक वस्त्र दान भी है। नया कपड़ा पहनने से पहले हमें दो वस्त्र दान करना चाहिए। उपेंद्र मुनि जैन स्थानक सैक्टर चौदह में पद्मावती माता जैन महिला मंडल द्वारा आयोजित वस्त्र दान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम मंडल प्रधान नीरा जैन की सदारत में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपना आशियाना में रह रहे लोगों के लिए राज कुमार अरोड़ा को वस्त्र दिए गए। इसके अलावा कोढ़ी कालोनी के लोगों के लिए वस्त्र दिए गए। इस अवसर पर लगभग तीन सौ महिलाओं को कपड़े वितरित किए गए।

प्रधान नीरा जैन तथा कोषाध्यक्ष शिखा जैन ने बताया कि गुरु जी की प्रेरणा से यह कार्य संपन्न हुआ है। इस अवसर पर प्रधान प्रभात जैन, कोषाध्यक्ष राम नारायण जैन, महामंत्री कृष्ण जैन, विनोद जैन, सुरेन्द्र जैन, तरुण जैन, मुदित जैन, मनोज जैन, सागर जैन, सुरेश जैन, रीमा जैन, ममता जैन, वीनू जैन, उषा जैन, सविता जैन, मंजू जैन, कृष्णा जैन, नीतू जैन और समस्त महिला मंडल की सदस्य मौजूद रही।

## नकदी व आभूषण लेकर नाबालिग घर से फरार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिले में** एक 15 साल की नाबालिग लडकी घर से लापता हो गई। वह घर में रखा कैश भी साथ ले गई। परिजनों ने टोहाना के रहने वाले युवक पर बहला फुसला कर बेटी को ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी 8वीं कक्षा में पढ़ती है। बीती रात को पूरा परिवार एक साथ सोया थे। सुबह जब वह करीब 6 बजे उठे तो नाबालिग बेटी अपने बेड पर नहीं थी। इसके बाद उन्होंने घर में सभी जगह तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पिता ने कहा कि बेटी की सहेलियों के पास भी फोन किए।

## गांव मुनक के किरयाना स्टोर में लगी आग,10 लाख का सामान हुआ राख

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मुनक** गांव में करियाना स्टोर में आग लग गई। घटना के वक्त दुकानदार खाटू श्याम के धाम पर माथा टेकने के लिए जा रहा था, लेकिन रास्ते से वापस लौट आया। आग लगने से स्टोर में रखा करीब 10 लाख का सामान जलकर खाक हो गया।

दुकानदार ने शरारती तत्वों पर दुकान में आग लगाने का आरोप लगाया है। दुकानदार के परिजनों को अलसुबह करीब 3 बजे आग का पता चला। उसके बाद आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया।



दुकान के पीछे ही दुकानदार बिजेंद्र का चाचा अपने परिवार के साथ रहता है, लेकिन उनको भी आग का पता अलसुबह 3 बजे चला। दुकान से धुआं जब पीछे मकान तक पहुंचा तो बिजेंद्र के परिजनों की आंख खुली। जैसे ही घर के लोग उठे तो दुकान में आग लगी हुई थी। आग लगने की भनक लगने के बाद आसपड़ोस में भी हडकंप मच गया। लोगों की सहायता से आग पर काबू पाया गया।

दुकानदार ने दीवाली के दौरान ही दुकान में लाखों रुपए का सामान डाला था। दुकान में बड़े-बड़े फ्रिज रखे हुए थे। इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी था। छोटा कांटा भी रखा हुआ था। इन्वर्टर बैटरी से लेकर करियाने का पूरा सामान जल गया।

# सिविल अस्पताल में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**सिविल अस्पताल** के ट्रॉमा सेंटर में एडमिट युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। उन्होंने डॉक्टरों पर गलत इंजेक्शन लगाने के आरोप लगाए हैं। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। इस दौरान मृतक युवक की मां डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सिविल लाइन थाना के प्रभारी के पांव पकड़ती नजर आई। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

पुलिस ने आज दोपहर को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।



32 वर्षीय बिंदु इन्द्री के कलसौरा गांव का रहने वाला था और दिहाड़ी मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। करीब 5 दिन पहले बिंदु को कुत्ते ने काट लिया था। इसके बाद उसे रेबीज के इंजेक्शन भी लगाए थे। उसके बाद वह ठीक था। वह अपना काम भी कर रहा था। मृतक के बड़े भाई रिंकू ने बताया का उसके छोटे भाई बिंदु को मंगलवार को अचानक तेज बुखार हो गया। इसके बाद वह उसे करनाल कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में लेकर आए, लेकिन मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने चार घंटे तक बाहर बैठाकर रखा। हमारे लाख कहने पर भी उसे एडमिट नहीं किया। इसके बाद हम उसे इंद्री के निजी अस्पताल में लेकर गए। रिंकू ने बताया कि बुधवार को जब निजी अस्पताल में उसकी केयर नहीं हुई तो वह जानकार के कहने पर भाई को करनाल के सिविल अस्पताल में लेकर आए। यहां पर भी शाम तक उसका इलाज नहीं किया।

देर शाम को डॉक्टरों द्वारा उसे इंजेक्शन दिया। इसके बाद उसकी आधे घंटे में मौत हो गई। डॉक्टर द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने के बाद ही बिंदु की मौत हुई थी।

बेटे की मौत की सूचना पर रात को ही परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान परिजनों ने अस्पताल के स्टाफ को जमकर कोसा। सूचना के बाद सिविल लाइन थाना के प्रभारी विष्णु मित्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान मृत बिंदु की मां एसएचओ के पांव पकड़ते हुए डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग करती हुई नजर आई।

सिविल लाइन थाना प्रभारी विष्णु ने बताया के पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद युवक की मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। आज शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

## लाखन हत्या मामले में आरोपितो से बरामद हुए कई हथियार

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

**घसौली** गांव के लाखन की हत्या के मामले में पुलिस ने महज 4 दिन में सभी सात आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित में मलिकपुर गांव के शुभम व मोहित, गगन, अंकित गांव रसूलपुर व रोहित गांव मलिकपुर के रहने वाले हैं। पुलिस ने सभी आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां अदालत ने आरोपित को रिमांड अवधि पूरी होने के बाद जेल भेज दिया। एसीपी गौरखपाल राणा ने पत्रकारों के साथ बातचीत में बताया कि 13 नवम्बर को घसौली गांव का युवक माखन लापता था। उसकी पत्नी ने 17 नवम्बर को लापता होने की शिकायत दी थी। शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्जकर कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की थी। जांच में पता चला की लाखन की हत्या कर शव को मलिकपुर- ग्यासपुर रोड के पास बंद पड़ी रेत की खान में करीब 2 फूट गड्ढे में शव को दबा दिया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या के सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उधर मृतक लाखन के शव का बोर्ड की देखरेख में खानपुर मेडिकल कालेज में हुए पोस्टमार्टम में लाखन के गले व छाती पर गहरी के चोट के निशान पाए गए। लाखन के गले के नीचले हिस्से व छाती के बीचों बीच बोतल से इतनी तेज वार किया गया था कि लाखन के गले व छाती की हड्डियां तक टूट गई। जिस वजह से लाखन की मौत हो गई थी।

## ब्लॉक प्रभारी नियुक्त करने पर अरविंद केजरीवाल और डॉ संदीप पाठक का जताया आभार

**समालखा कमाल हुसैन**

**आम** आदमी पार्टी के यूथ विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित रुहल ने वीरवार को बयान जारी कर उन्हें इसराना का ब्लॉक प्रभारी बनाने पर पार्टी हाईकमान का आभार जताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने जो जिम्मेदारी दी है वे उसको बखूबी निभायेंगे। उन्होंने बताया कि 24 नवंबर को आम आदमी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) डॉ. संदीप पाठक सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ जींद में मंथन करेंगे और आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों को लेकर टिप्स देंगे। इसके साथ आम आदमी पार्टी के ब्लॉक प्रभारियों के साथ आगामी रणनीति को लेकर भी चर्चा की जाएगी।

# ओपन वर्ल्ड पॉवर लिफि्टंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

## धतूरी गांव की बेटी पूजा त्यागी ने स्वर्ण पदक जीत कर देश का नाम बढ़ाया

**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**

**किर्गिस्तान** के बिश्केक में 16 से 19 नवंबर तक हुई आपन वर्ल्ड पावर लिफि्टंग चैंपियनशिप में धतूरी गांव की बेटी पूजा त्यागी ने स्वर्ण पदक जीत कर लौटी पूजा त्यागी का ढोल नगाड़ों से स्वागत किया गया। बेटी के सम्मान में ग्रामीणों व परिजनों का उत्साह देखते ही बनता था। ग्रामीणों व खेल प्रेमियों ने बेटी पूजा त्यागी व पूजा के पिता सियान्नद त्यागी को बधाई दी। ज्ञात रहे कि पूजा त्यागी ने 67.5 किलोग्राम भारवर्ग में 355 किलोग्राम भार उठा कर स्वर्ण पर कब्जा जमाने पर किर्गिस्तान पावर लिफि्टंग फेडरेशन के अध्यक्ष ने पूजा त्यागी को मेडल पहना कर सम्मानित किया। पूजा त्यागी की इस सफलता पर उनके पिता जेजेपी के प्रदेश सह सचिव सियानंद त्यागी, ससुर अमरीश त्यागी व कोच एवं पूजा के पति अमनदीप को बधाई दी। पूजा ने बताया कि इससे पहले भी उनकी बेटी पूजा ने 2021 में केरल में हुई नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण, 2020 में भिवानी में हुई प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण मेडल व 2019 में हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। सियानंद त्यागी ने कहा कि उनकी बेटी भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में भी इसी तरह का भारत का नाम रोशन करती रहेगी। इस मौके पर पूर्व सरपंच रणधीर मलिक पिपली खेड़ा, सुभाष अरोड़ा, डा. राजेश दहिया, लक्ष्मण, त्यागी, आर के राणा, रामपत शर्मा, प्रधानाचार्य चांद किशोर, अजय मलिक, डा. डी सी, सुरेन्द्र राठी, जयभगवान दहिया, बिजेन्द्र कालीरमन, डा. अनिल तुषीर, डा. प्रदीप सोबती, प्रदीप जागड़ा, रोहताश राठी, रमेश बड़ौली, रघबीर गहलावत, विजय राठी सम्पदा अधिकारी, सुरेन्द्र मलिक।

# तसव्वर की हत्या के दो और आरोपियों को सीआईए टू पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया कमाल हुसैन**

**सीआईए** टू पुलिस टीम ने गांव अधमी निवासी तसव्वर 26 की पीटकर व चाकू से गोदकर हत्या मामले में नामजद फरार चल रहे और दो आरोपी वीरेंद्र व अजीत निवासी गढ़ी नवाब को बुधवार देर शाम समालखा में अनाज मंडी के पास से गिरफ्तार किया। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि पुलिस ने वीरवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड



के दौरान पुलिस आरोपियों से अन्य आरोपियों के ठीकानों का पता लगा काबू करने व वारदात में प्रयुक्त डंडे बरामद करने का प्रयास करेगी। इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि थाना बापौली पुलिस द्वारा उक्त मामले में नामजद आरोपियों में से चार आरोपी सुनील उर्फ लाखा, कृष्ण उर्फ मनीष लाला, अनिल व विकाश निवासी अधमी को पहले ही गिरफ्तार कर उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू, राड व डंडे बरामद कर चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा चुका है। आरोपी वीरेंद्र व अजीत निवासी गढ़ी नवाब उक्त वारदात में फरार चल रहे थे। पुलिस दोनों आरोपियों की धरपकड़ के लिए भरसक प्रयासरत थी।

**यह है मामला;**

**थाना** बापौली में अधमी गांव निवासी सरवर पुत्र नाजिम ने शिकायत देकर बताया था कि 30 सितम्बर की रात वह घर पर सो रहा था। तभी गांव निवासी सन्नी पुत्र सतपाल ने उसे उठाकर बताया की तेरे भाई तसव्वर के साथ अनाज मंडी के बाहर जेसीबी दफ्तर वाले सतीश के साथ झगड़ा हुआ है। तसव्वर को काफी चोट लगी है। उसने मौके पर पहुंचकर देखा भाई तसव्वर सड़क किनारे बेसुध हालत में पड़ा था जिसको काफी चोट लगी थी। वह भाई तसव्वर को सिविल अस्पताल लेकर पहुंचा। जहा डाक्टरो ने चेक कर तसव्वर को मृत घोषित कर दिया।

झगड़े बारे पता किया तो शामगढ़ी निवासी आजाद को भी काफी चोट लगी थी।

## धूमधाम से हुआ गुरु नानक खालसा कॉलेज के स्थापना दिवस समारोह का समापन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**गुरु नानक** खालसा कॉलेज के 54वें स्थापना दिवस का समापन समारोह धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंसए महासचिव सरदारनी जसप्रीत कौर विर्क, प्राचार्य डा. गुरिंदर सिंह, प्रबंधन समिति के सदस्यों, अध्यापकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने कालेज स्थित गुरुद्वारा साहिब में शीश नवाया। इसके बाद श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का भोग डाला गया। समापन समारोह में सभी ने बड़े उत्साह, उमंग भक्ति एवं सद्भावना सेवा के साथ भाग लिया। इस पावन अवसर पर दाढ़ी जत्था से भाई गुरप्रीत सिंह लाण्डरा वाले ने गुरु इतिहास से जोड़ते हुए शब्द कीर्तन कर साथ संगत को गुरबाणी से जोड़ा।

सतनाम श्री वाहेगुरु, सतगुरु नानक प्रकटया, मिट्टी दूध जग जनन हो व इसके साथ गायक अमनदीप सिंह, संदीप सिंह एवं सारंगी पर सुबेग सिंह ने भरपूर सहयोग देते हुए कीर्तन भजन का माहौल को भक्ति में एवं संगीतमय बना दिया।

उन्होंने कीर्तन करते हुए कहा कि जित्थे बाबा नानक उत्थे खुशियां भतेरियां गाया। उन्होंने बाबा नानक की शिक्षाओं और गुरु गोबिंद सिंह की कुर्बानियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया एवं संस्कारवान बने का संदेश दिया।

इससे पहले संगीत विभाग के अध्यक्ष डॉ. कृष्ण अरोड़ा के निर्देशन में कॉलेज के विद्यार्थियों केशव, मोहित, मंशा एवं प्रभजोत ने गुरबाणी का भावपूर्ण कीर्तन किया। साथ ही भाई गुरप्रीत सिंह शेखपुरा वाले ने गुरबाणी का उपदेश देते हुए कहा कि गुरु रूपी उपदेश से सभी वहम दूर होते हैं और हर कार्य संपूर्ण होता है।

# संपादकीय

## चुनाव व्यवस्था में सुधार की जरूरत


**देश** में पांच राज्यों में चुनाव प्रक्रिया जारी है। आगामी 3 दिसंबर को विधानसभा चुनाव के नतीजे आ जाएंगे। जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं वहां जीत हासिल करने और वोटरों को लुभाने के कई अनैतिक मामले प्रकाष में आए हैं। चुनाव आयोग द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव के दौरान 1760 करोड़ रुपये की नगदी, शराब, ड्रग्स और उपहार सामग्री जप्त गई जिसके बारे में संदेह है कि उसका उपयोग मतदाताओं को लुभाने की लिए किया जाना था। चिंता का विषय ये है कि 2018 की तुलना में ये आंकड़ा सात गुना अधिक है। जाहिर है चुनाव में उपयोग किया गया जो काला धन, शराब, मादक पदार्थ और उपहार में दी गई चीजें चुनाव आयोग की पकड़ से बाहर रहीं, उनका मूल्य कई गुना अधिक होगा। इससे साबित होता है कि आयोग की तमाम सख्तियों के बावजूद मतदाताओं को लुभाने या सीधे तौर पर कहें तो खरीदने के लिए नगद राशि, शराब और अन्य चीजें बांटने जैसे अनुचित तरीकों में रत्ती भर भी सुधार नहीं हुआ। वह भी तब जब अचार संहिता घोषित होते ही प्रशासन जबर्दस्त घेराबंदी करने लगता है। वाहनों को रोककर और छापेमारी जैसी कार्रवाई भी की जाती है। इसके परिणामस्वरूप ही तो 1760 करोड़ कीमत की जप्ती हो सकी। लेकिन जैसी खबरें चुनाव के दौरान आती रहीं उनके अनुसार तो जमकर नगद रुपया, शराब आदि बांटी गई। मतदान के एक दिन पूर्व गरीबों की बस्तियों में शराब और नगदी का वितरण बेरोकटोक होता रहा। इसके लिए किसी एक पार्टी या प्रत्याशी विशेष को आरोपित करना तो गलत होगा क्योंकि चुनाव जीतने के लिए इस तरह के तरीके अपनाया जाना आम हो गया है। वाहनों की जो संख्या प्रत्याशी चुनाव कार्यालय को लिखकर देता है उससे ज्यादा का उपयोग होता है। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल निर्दलीय प्रत्याशियों के कोटे से अपने वाहन चलवाने का इंतजाम भी कर लिया करते हैं। सबसे आश्चर्यजनक तो प्रत्याशियों द्वारा दिया जाने वाला खर्च का ब्यौरा है। चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अंतर्गत प्रत्याशियों को चुनाव के दौरान ही समय-समय पर खर्च का विवरण और मतदान के बाद चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा ऑडिट करवाया हुआ कुल खर्च का विवरण अनिवार्य रूप से जमा करना होता है। हाल ही में जहां-जहां मतदान संपन्न हुआ वहां-वहां प्रत्याशियों ने चुनावी खर्च का जो ब्यौरा दिया उसे पढ़कर हंसी आती है। निर्दलीय उम्मीदवार कम व्यय दशाएं तो फिर भी समझ में आता है किंतु भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी जितने कम खर्च में चुनाव लड़ने की जानकारी अधिकृत तौर पर देते हैं उसके सत्यापन की कोई सूक्ष्म व्यवस्था नहीं है। और फिर चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद जब तक कोई चुनाव याचिका पेश नहीं होती तब तक उन विवरणों पर कोई ध्यान भी नहीं दिया जाता । इस प्रकार चुनाव के दौरान आयोग द्वारा दिखाई जाने वाली सख्ती ऊपरी तौर पर तो प्रभावशाली नजर आती है किंतु सच्चाई ये है कि चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों के बीच तुम डाल द्द डाल तो हम पात द्द पात वाली कहावत चरितार्थ होती है। यही कारण है कि चुनावों में होने वाले बेतहाशा खर्च को नियंत्रित करने के उपाय अपेक्षानुसार कारगर नहीं हो पाते। सबसे बड़ी बात ये है कि नगदी, शराब, नशीले पदार्थ और उपहार सामग्री जिनसे जप्त होती है उनमें से कितनों को और कितनी सजा मिली ये पता ही नहीं चलता। यही वजह है कि अपवादस्वरूप लोग पकड़े जाने वाले कब छूट जाते हैं, पता ही नहीं चलता। यही कारण है कि चुनाव के दौरान काले धन, शराब और मुफ्त उपहार बांटने वाले पूरी तरह से बेखौफ रहते हैं। मतदान के समय भले ही अन्य राज्यों का पुलिस बल तैनात किया जाता है किंतु प्रारंभिक दौर में तो स्थानीय प्रशासन और पुलिस ही चूंकि चुनाव प्रक्रिया का संचालन करते हैं जिनका नेताओं और शराब माफिया से रिश्ता बताने की जरूरत नहीं हैं।

# 'सनातन धर्म' के बदलते अर्थ

-डॉ सत्यवान सौरभ

> "सनातन धर्म" शब्द को कैसे हेरफेर और हथियार बनाया गया है और हिंदू धर्म के ढांचे के भीतर जाति-विशेषाधिकार प्राप्त हिंदुओं की जाति भेदभाव को संबोधित करने में क्या जिम्मेदारियां हैं? ये सोचने का विषय है। सनातन धर्म शाश्वत, कालातीत और अपरिवर्तनीय परंपराओं का प्रतिनिधित्व करता है जो भारत-खंड (भारतीय उपमहाद्वीप) के भूभाग में विकसित हुए हैं। ये परंपराएँ इस संस्कृति में इतनी समाहित हो गई कि, इस भौगोलिक इकाई पर पुष्पित, पल्लवित और विकसित हुई संस्कृति को सनातन धर्म के नाम से जाना जाने लगा। यह अब्राहमिक धर्म की तरह कोई धर्म नहीं बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। इस धर्म का आधार हिंदू धर्म है, हालाँकि बौद्ध धर्म और जैन धर्म जैसी अन्य धाराओं ने भी इसमें अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

**'सनातन धर्म'** एक शब्द है जिसका प्रयोग अक्सर हिंदू धर्म का वर्णन करने के लिए किया जाता है। यह जीवन और विश्वास प्रणाली के एक प्राचीन और स्थायी तरीके का प्रतीक है। यह किसी एक संस्थापक, पंथ या पवित्र पुस्तक से बंधा नहीं है, बल्कि उभरते अनुभवों के आधार पर सत्य की निरंतर खोज की विशेषता है। 'सनातन धर्म' हिंदू परंपरा के भीतर मान्यताओं, प्रथाओं और दर्शन की एक विशाल श्रृंखला को समाहित करता है। 'सनातन धर्म' शब्द अब हिंदू धर्म का पर्याय बन गया है, जिसमें इसके अनुष्ठान, दर्शन और प्राचीन आध्यात्मिक परंपराएं शामिल हैं। हालाँकि, यह व्यापक उपयोग अपेक्षाकृत हाल ही में हुआ है और इसे मुख्य रूप से समाज के वर्गों द्वारा बढ़ावा दिया गया है। शब्दों के अर्थ स्थान, संदर्भ और कारण से प्रभावित होकर समय के साथ विकसित होते हैं। सनातन धर्म शाश्वत, कालातीत और अपरिवर्तनीय परंपराओं का प्रतिनिधित्व करता है जो भारत-खंड (भारतीय उपमहाद्वीप) के भूभाग में विकसित हुए हैं। ये परंपराएँ इस संस्कृति में इतनी समाहित हो गईं कि, इस भौगोलिक इकाई पर पुष्पित, पल्लवित और विकसित हुई संस्कृति को सनातन धर्म के नाम से जाना जाने लगा। यह अब्राहमिक धर्म की तरह कोई धर्म नहीं बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। इस धर्म का आधार हिंदू धर्म है, हालाँकि बौद्ध धर्म और जैन धर्म जैसी अन्य धाराओं ने भी इसमें अपना बहुमूल्य योगदान दिया। भले ही कुछ आध्यात्मिक नेता जातिगत विशेषाधिकार को संबोधित करते हैं, लेकिन वे शायद ही कभी व्यक्तियों को अपनी कट्टरता का सामना करने के लिए मजबूर करते हैं। जातिगत भेदभाव का प्रचार करने वाले ग्रंथों और प्रथाओं की आलोचनात्मक जांच का अभाव है। जातिवादी व्यक्तियों के कार्यों की जिम्मेदारी अक्सर जातिगत हिंसा से खुद को दूर रखने वालों द्वारा स्वीकार नहीं की जाती है। समकालीन चचाओं में, हिंदू धर्म के भीतर प्रगतिशील के रूप में पहचान रखने वालों के बीच बहस चल रही है और जो लोग खुद को अधिक रुढ़िवादी




या रुढ़िवादी व्याख्या के साथ जोड़ते हैं। इस बहस के केंद्र में 'सनातन धर्म' शब्द रहा है। 'सनातन धर्म' शब्द अब हिंदू धर्म का पर्याय बन गया है, जिसमें इसके अनुष्ठान, दर्शन और प्राचीन आध्यात्मिक परंपराएं शामिल हैं। हालाँकि, यह व्यापक उपयोग अपेक्षाकृत हाल ही में हुआ है और इसे मुख्य रूप से

समाज के वर्गों द्वारा बढ़ावा दिया गया है। शब्दों के अर्थ स्थान, संदर्भ और कारण से प्रभावित होकर समय के साथ विकसित होते हैं। रूढ़िवादिता के आलोचकों का तर्क है कि उपसर्ग 'सनातन' का उपयोग कुछ गुटों द्वारा प्राचीन पाठ्य सिद्धांतों के स्थायित्व पर जोर देने के लिए किया गया है, इसलिए वो हिंदू धर्म के भीतर परिवर्तन और सुधार का विरोध करना चाहते है। वे इसे प्रगति और समावेशिता में बाधा के रूप में देखते हैं। पूरे इतिहास में, हिंदू धर्म के भीतर आर्य समाज और रामकृष्ण मिशन जैसे विभिन्न सुधार आंदोलनों ने अस्पृश्यता और मूर्ति पूजा सहित पारंपरिक प्रथाओं को चुनौती देने की कोशिश की है। इन सुधारकों ने 'सनातन धर्म' को अस्वीकार नहीं किया, बल्कि इसका लक्ष्य इसमें सुधार और विकास करना था। कई लोग जाति को व्यवसाय से जुड़ी एक प्राकृतिक सामाजिक व्यवस्था मानते हैं, जो हिंदू धर्म का अभिन्न अंग है। इन जातियों के प्रगतिशील व्यक्ति जाति से जुड़ी हिंसा को समाप्त करने का आह्वान करते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि जाति व्यवस्था को ही। वे अक्सर ऐतिहासिक और वर्तमान वास्तविकताओं को दरकिनार करते हुए वर्ण, जाति और जाति के बीच भेद से जूझते हैं। उनके लिए, हिंदू धर्म की आलोचना, जब उनकी अन्य आलोचनाओं के साथ देखी जाती है, तो आक्रामक हो सकती है। स्वामी दयानंद सरस्वती ने सुधारों की वकालत करते हुए धर्म की शाश्वत और कालातीत प्रकृति पर जोर देते हुए 'वैदिक धर्म' को 'सनातन नित्यधर्म' कहा।

महात्मा गांधी, एक गौरवान्वित 'सनातनी', ने महिलाओं को भारतीय समाज की मुख्यधारा में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, यह प्रदर्शित करते हुए कि सुधार 'सनातन धर्म' का एक हिस्सा हो

सकता है। स्वामी विवेकानन्द ने, श्री नारायण गुरु के आंदोलन से पहले, केरल में हिंदू धर्म की स्थिति की आलोचना की थी, लेकिन ऐसा उन्होंने 'सनातन धर्म' में गहराई से निहित परिप्रेक्ष्य से किया था। उन्होंने धर्म के भीतर गतिशीलता और सुधार की वकालत की। सनातन धर्म का एक मूल सिद्धांत आत्मा की शाश्वत प्रकृति और पुनर्जन्म (पुनर्जन्म या संसार) की अवधारणा में विश्वास है। यह मानता है कि आत्मा अमर है और मुक्ति (मोक्ष) प्राप्त होने तक जन्म और मृत्यु के चक्र से गुजरती है। सनातन धर्म की मूल अवधारणाएँ हिंदू धर्म तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि जैन और बौद्ध धर्म तक भी विस्तारित हैं। ये परंपराएँ शाश्वत आत्मा और पुनर्जन्म के चक्र में विश्वास साझा करती हैं, जिससे "सनातन धर्म" उनके बीच एक एकीकृत अवधारणा बन जाती है। यह स्पष्ट करना महत्वपूर्ण है कि सनातन धर्म यहूदी धर्म, ईसाई धर्म और इस्लाम जैसे धर्मों पर लागू नहीं होता है, जो पुनर्जन्म और शाश्वत आत्मा में विश्वास साझा नहीं करते हैं। इन धर्मों के अलग-अलग धार्मिक दृष्टिकोण और उत्पत्ति हैं।

"सनातन धर्म" शब्द को 19वीं सदी के अंत में प्रमुखता मिली। उपयोग और महत्व में इस बदलाव का श्रेय उस समय के विभिन्न ऐतिहासिक और सांस्कृतिक कारकों को दिया जा सकता है। 19वीं सदी के अंत में मिशनरियों और ब्रह्म समाज और आर्य समाज जैसे समाज सुधारकों के नेतृत्व में सुधार आंदोलनों का उदय हुआ। इन आंदोलनों के जवाब में, "सनातन धर्म" को हिंदू रूढ़िवाद के प्रतीक के रूप में इस्तेमाल किया जाने लगा। 'सनातन धर्म' हिंदू धर्म की स्थायी और विकसित प्रकृति का प्रतिनिधित्व करता है, जो व्याख्या और सुधार के लिए खुला है।

हालाँकि इसके अर्थ और अनुप्रयोग पर बहस जारी रह सकती है, यह हिंदू विश्वास और अभ्यास का एक बुनियादी पहलू बना हुआ है। स्वामी विवेकानन्द और सुब्रमण्यम भारती जैसे प्रतीकों ने प्रदर्शित किया है कि 'सनातन धर्म' अपने कालातीत ढांचे के भीतर सुधार और प्रगति को समायोजित कर सकता है। 'सनातन धर्म' की रक्षा के लिए, हिंदू आस्था के लोगों को गहन आत्मनिरीक्षण और परिवर्तन में संलग्न होना चाहिए। जीवन की नश्वरता और सदैव बदलती प्रकृति को पहचानने का आह्वान हिंदू धर्म पर भी लागू होता है। कॉस्मेटिक परिवर्तन पर्याप्त नहीं होंगे; एक दार्शनिक पुनर्मूल्यांकन अत्यावश्यक है। 'सनातन धर्म' के सार की रक्षा के लिए, गहन आत्मनिरीक्षण और सार्थक परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता की आवश्यकता है।

# कविता

किसी किसी को ये नेअमत नसीब
होती है
कहाँ सभी को मोहब्बत नसीब होती है
अजीब राहतो - फरहत नसीब होती है
जब उस हसीन की कुर्बत नसीब होती है
बिछड़ के तुझ से फकत गम से वास्ता है मेरा
तुझे ये कैसे मसर्रत नसीब होती है
खुशा ये आप का अंदाज और हुस्नो - अदा
गजल को जिस से फसाहत नसीब होती है
सुरूरे - इश्क की सरमस्ती उन से पूछो जिन्हें
जुनून खेज तबीअत नसीब होती है
तुम्हारी हौसला अफजा रिफाकतों की कसम
हर इक मकाम पे सबकत नसीब होती है
बजाए गुस्सा जो लाए तबस्सुमों की बहार
जतन से ऐसी शरारत नसीब होती है
खुदा के नाम पे जो अपनी जां लुटाते हैं
उन्हें जमीं की इमामत नसीब होती है
करीब आओ न महरूम कुर्बतों से रखो
बदन को इस से हरारत नसीब होती है
उस इक बदन का है सदका जो फूलों को ऐ जकी
ये खुशबू और नजाकत नसीब होती है

**जकी तारिक बाराबंकवी**
**सआदतगंज, बाराबंकी**
**उत्तर प्रदेश**

---------

## कांग्रेस नेताओं के अपशब्द क्या कांग्रेस का खेल बिगाड़ सकते हैं ?

राहुल गांधी ने मंगलवार को राजस्थान के एक चुनावी रैली में कहा, 'पनौतीङ्कपनौतीङ्कपनौतीङ्क हमारे लड़के विश्व कप जीतने की राह पर थे लेकिन पनौती ने उन्हें हरा दिया ङ्कइस देश के लोग जानते हैं।" राजस्थान के भरतपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा था कि जेब कतरा कभी अकेला नहीं आता, तीन लोग होते हैं। एक सामने से आता है, एक पीछे से आता है और एक दूर से देखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काम आपके ध्यान को इधर-उधर करने का है। वे सामने से टी।वी। में आते हैं और हिंदू-मुस्लिम, नोटबंदी, जी एस टी कहते हैं। पीछे से अडानी आता है और आपका पैसा उठाकर ले जाता है। दूसरी तरफ से अमित शाह देखते हैं कि किसी को पता न लग जाए, दबाकर लाठी मारूंगा। मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी को झूठों का सरदार कह दिया। जयराम रमेश ने मोदी का मतलब ह्यमास्टर ऑफ ड्रामा इन इंडियाह्न बता दिया। अब तक कांग्रेस और भाजपा के नेता राजस्थान में एक दूसरे पर तीखे हमले कर रहे थे, एक दूसरे की नीतियों की आलोचना कर रहे थे, अपनी अपनी गारंटी और वादे जनता के सामने रख रहे थे, मुद्दों पर आलोचना हो रही थी। किसी ने एक दूसरे पर पर्सनल अटैक नहीं किए थे लेकिन मंगलवार को राहुल गांधी ने इसकी भी शुरूआत कर दी। राहुल ने जो कहा वो राजनीतिक नजरिए से, भाषा की मयार्दा की दृष्टि से, और चुनावी कैंपेन के गणित के लिहाज, हर तरह से गलत है। प्रधानमंत्री को पनौती कहना किसी लिहाज से ठीक नहीं है। इसे कोई उचित नहीं ठहरा सकता। कांग्रेस के सभी बड़े नेता आजकल चुनाव प्रचार के दौरान मोदी पर हमले करते हैं लेकिन शब्दों की मयार्दा का थोड़ा बहुत ध्यान रखते हैं । फिर राहुल गांधी ने ऐसा क्यों किया? इसको समझने की जरूरत है। असल में राहुल गांधी पिछले कई सालों से बार बार ये कहते हैं कि वो अकेले ऐसे नेता हैं, जो मोदी से नहीं डरते, वो मोदी के खिलाफ लड़ने वाले अकेले बहादुर नेता हैं, कांग्रेस के नेताओं के साथ मीटिंग में वो कई बार पार्टी के नेताओं को इस बात के लिए डांट चुके हैं कि वो मोदी पर सीधे हमले क्यों नहीं करते। गुलाम नबी आजाद जब कांग्रेस में थे तो उन्होंने ये बात कही भी थी। फिर ॠ23 के मेंबर्स ने कांग्रेस अध्यक्ष को चिट्ठी लिखकर राहुल गांधी की इसी तरह की बातों की शिकायत की थी लेकिन राहुल नहीं माने। राहुल उसके बाद मोदी पर लगातार इसीलिए पर्सनल अटैक करते हैं ताकि वह दिखा सकें कि वही अकेले ऐसे हिम्मत वाले नेता हैं जो मोदी के खिलाफ बिना डरे कुछ भी कह सकते हैं। लेकिन इस चक्कर में राहुल सेल्फ गोल कर देते हैं।

# विचार

## इसराइल हमास युद्ध - सीमित अवधि का मानवीय संघर्ष विराम समझौता लागू

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर कुछ देशों में आपसी मनमुटाव के संघर्ष जैसे रूस-यूक्रेन व इजरायल-हमास युद्ध का रूप धारण कर लिया है,जिसके पीछे पूरी दुनिया के देशों का पक्ष, विपक्ष समर्थन और न्यूट्रल के रहने से दुनियां तीन खेमों में बट गई थी है, जिसका परिणाम तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते कदमों से पूरी मानव जाति चिंतित है। परंतु दिनांक 22 नवंबर 2023 को अमेरिका मिस्त्र और कतर की मध्यस्थता का सराहनीय परिणाम मानवीय संघर्ष विराम समझौता जो अभी चार-पांच दिनों का है और पूरी संभावना है कि इसकी अवधि जरूर बढ़ेगी,उसने फिर एक बार दिखा दिया है कि आपसी वार्ता में दम है, यही वह अस्त्र है जिससे बढ़ती मानवीय जनहानि,प्राकृतिक संसाधनों का विनाश और भयंकर युद्ध के प्रकोप को रोका जा सकता है। एक ओर यह सफलता मिली है तो दूसरी ओर अब रूस-यूक्रेन युद्ध में भी यह प्रयास किए जाने चाहिए। चूंकि कूटनीतिक जीत के सफल नतीजे आए हैं। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, इजराइल कैबिनेट ने मानवीय संघर्ष विराम समझौता 35/3 से पारित कर वार्ता से सफलता मिलने की कहावत पर मोहर लगाई है। साथियों बात अगर हम इजराइल हमास युद्ध विराम के लिए मानवीय संघर्ष विराम समझौते की करें तो,बुधवार को सुबह कतर के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में इसकी घोषणा की गई और इसे मिस्त्र, अमेरिका और कतर द्वारा मानवीय संघर्ष विराम के लिए की गई मध्यस्थता की वार्ता का नतीजा बताया।बयान में कहा गया है, युद्धविराम चार दिन का होगा। इसमें विस्तार की भी संभावना है।बयान के अनुसार, समझौते के तहत, इजराइल द्वारा पकड़े गए फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में हमास द्वारा कब्जे में लिए गए 50 बंधकों की रिहाई होगी। दोनों पक्षों द्वारा रिहा किए जाने वालों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। बाद के चरणों में रिहा किए जाने वाले बंधकों की संख्या बढ़ सकती है।बयान के मुताबिक, इस समझौते से गाजा में मानवीय सहायता की आपूर्ति भी बढ़ेगी और युद्धविराम से बड़ी संख्या में मानवीय सहायता एवं राहत सामग्री आपूर्ति वाहनों के काफिलों को जाने की अनुमति मिल जाएगी जिनमें ईंधन की आपूर्ति भी शामिल है। इजराइल कैबिनेट बैठक से पहले जोर दिया कि समझौता इजराइल की सेना के अभियान से हमास पर दबाव बढ़ने का नतीजा है। उन्होंने कहा कि हमास को खत्म करने, सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने और इजराइल की सुरक्षा को गाजा से कोई खतरा नहीं होने की पुष्टि समेत सारे लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध जारी रहेगा। इजराइल और हमास बुधवार को चार दिन के अस्थायी युद्ध विराम पर सहमत हो गए जिससे 150 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले गाजा में चरमपंथी समूह द्वारा बंधक बनाए गए 50 लोगों की रिहाई होगी और क्षेत्र में मानवीय सहायता आपूर्ति की अनुमति मिलेगी। साथियों बात अगर हम समझौते पर अमेरिका इजरायल की टिप्पणियों की करें तो, अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक बयान में कहा, मैं कतर के शेख और मिस्त्र के राष्ट्रपति के अहम नेतृत्व और इस समझौते पर पहुंचने में उनकी भागीदारी के लिए उनका शुक्रिया अदा करता हूं।उन्होंने कहा, मैंइजराइल प्रधानमंत्री और उनकी सरकार की उस प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं जिन्होंने इस समझौते को पूरी तरह से लागू करने और गाजा में निर्दोष फलस्तीनी परिवारों की पीड़ा को कम करने के लिए अतिरिक्त मानवीय सहायता के प्रावधान सुनिश्चित करने के वास्ते एक विस्तारित विराम का समर्थन किया।यह घोषणा इजराइल के प्रधानमंत्री की उस टिप्पणी के बीच आई है जिसमें उन्होंने कहा था, हमारे सभी लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध जारी रहेगा।तेल अवीव में करीब छह घंटे चली बैठक बुधवार को सुबह खत्म हुई। बैठक के बाद इजराइल कैबिनेट ने कतर, मिस्त्र और अमेरिका की मध्यस्थता वाले समझौते को तीन के मुकाबले 35 वोट से मंजूरी दी। साथियों बात अगर हम इस समझौते में अमेरिका कतर मिस्त्र तुर्की के योगदान की करें तो, बाइडेन ने इस डील को संभव बनाने के लिए कतर के शेख और मिस्त्र के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## मुहांसों का सबसे बड़ा कारण होता है तनाव

**विनीता झा**

कहते है चेहरा इंसान के मन की बात बता देता है। वही सुंदर त्वचा चेहरे के सौंदर्य को कई गुना बढ़ा देती है। चमकीली और मुलायम त्वचा तो हर कोई चाहता है, लेकिन अक्सर उम्र बढ़ने के साथ या खराब जीवनशैली के कारण यह अपना आकर्षण खो देती है। त्वचा की कई समस्याएं हैं, लेकिन मुहांसे सबसे ज्यादा लोगों को परेशान करते हैं। त्वचा को प्रभावित करने में मौसम के अलावा तनाव भी मुख्य भूमिका निभाता है। शोध में पाया गया कि आहार और साफ- सफाई के अलावा तनाव भी त्वचा को प्रभावित करता है। कई लोग जो तनावग्रस्त होते हैं उनके मुहांसे और गम्भीर हो जाते हैं। शोधकताओं ने पाया कि जिन किशोरों में परीक्षा का तनाव होता है, उनमें मुहांसे उभरने या उभरे हुए मुहांसे और गम्भीर होने की सम्भावना अधिक होती है। परीक्षा के वक्त किशोरों को चेहरे पर मुहांसे भी उभरने के साथ पक भी जाते है। तनाव से खाज और अन्य त्वचा संबंधी समस्याएं हो जाती हैं।

देखा जाए तो त्वचा हमारे मन की स्थिति का आईना होता है। किशोरावस्था में मुंहासे होने का कारण शरीर में होने वाले हार्मोस से संबंधित बदलाव होते हैं। इसके अलावा इस उम्र में बच्चे तनाव का शिकार भी जल्दी होते हैं। पीयर प्रेशर और हमेशा सुंदर दिखने का दबाव उन पर रहता है। यही वजह है कि टीनएजर मुंहासे होने पर गहरे तनाव में घिर जाते हैं। ऐसी स्थिति में माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों पर इससे होने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभावों को समझें और जानें। जो माता-पिता बच्चों की इस समस्या को उचित मार्गदर्शन से सही कर सकते हैं उनके बच्चे इस समस्या से उबर सकते हैं। मुंहासे जवानी में भी हो सकते हैं। लगभग 50 प्रतिशत जवान महिलाएं और 25 प्रतिशत पुरुषों को जवानी में यह समस्या निरंतर जकड़े रहती है। कई महिलाएं तो इनके कारण डिप्रेशन का शिकार हो जाती हैं। इन मुंहासे के होने के कई कारण हो सकते हैं। जैसे वातावरण का प्रभाव, शारीरिक और हारमोन्स से संबंधित होने वाले बदलाव वगैरह।

जिस समय व्यक्ति तनावग्रस्त होता है तो शरीर में कोर्टिसोल हार्मोस का स्राव बढ़ जाता है जिसके कारण शरीर में त्वचा की ग्रंथियों से सीवम नामक हारमोन का स्राव ज्यादा होने लगता है जिसके कारण मुंहासे होते हैं। इसके अलावा यह ब्लैक हेड्स और व्हाइट हेड्स होने का भी कारण हो सकता है। अत: तनाव को बेहतर तरीके से हैंडल करना चाहिए। तनाव का प्रभाव शरीर पर न पड़े इसके लिए खुश रहें और पूरा आराम करें।

## गहलोत के वादों पर एतबार नहीं कर रहे लोग

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान विधानसभा का चुनावी संग्राम अंतिम दौर में पहुंच चुका है। सभी राजनीतिक दलों के नेता अपनी-अपनी पार्टी के पक्ष में धुआंधार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पिछले दो वर्षों से कह रहे हैं कि हम राजस्थान में हर बार सत्ता बदलने का रिवाज तोडेंगे और लगातार दूसरी बार सरकार बनाकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित करेंगे। इसके लिए अशोक गहलोत साम, दाम, दंड, भेद की नीति अपना रहे हैं। यहां तक की उन्होंने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी सचिन पायलट की तारीफ करने में भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। सरकार की वापसी के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मतदाताओं को लुभाने के लिए पिछले काफी समय से तरह-तरह की योजनाएं चला रहे थे। अब उन्होंने चुनावी ब्रह्मास्त्र के रूप में अपनी सरकार की तरफ से लोगों को सात गारंटी देने की घोषणा की है। साथ ही यह भी कहा है की सरकार रिपीट होने पर इन सातों गारंटी को लागू कर आम जनता को इनका फायदा पहुंचाया जाएगा। मगर गहलोत के साथ वही बात हो रही है कि बहुत देर कर दी हुजूर आते-आते। राजस्थान के मतदाताओं को गहलोत की गारंटी के ऊपर एतबार नहीं हो रहा है। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जब पूरे पांच साल लगातार सरकार चलाई तब इन सब बातों पर अमल क्यों नहीं किया। अब गारंटी देकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। गहलोत सरकार ने प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को घरेलू कनेक्शन पर 100 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त उपलब्ध करवा रही है। मगर दूसरी तरफ विद्युत कंपनियां पिछले 3 साल की ऑडिट के नाम पर बहुत से घरेलू उपभोक्ताओं से बकाया वसूली के रूप में पांच हजार से बीस हजार रुपए तक का बकाया निकाल कर वसूल रही है। इससे लोगों का गहलोत सरकार के प्रति विश्वास डगमगा गया है। लोगों का कहना है कि जहां हरियाणा में वृद्धावस्था पेंशन 2500 प्रतिमाह है। वही राजस्थान में चुनाव के नजदीक आने पर सरकार ने उसे बढ़ाकर 1000 किया है। प्रदेश में आज ऐसे बहुत से वरिष्ठ नागरिक है जिनके जीवन बसर का कोई साधन नहीं हैं।

## न्यूज फ्लैश

### 10 दिसंबर को चलाया जाएगा विशेष पोलियो अभियानः डा. नीरज यादव

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**पोलियो राउंड** के अन्तर्गत जिला उपायुक्त डा. मनोज कुमार की अध्यक्षता में लघु सचिवालय तृतीय तल स्थित कांफ्रेंस हॉल में जिला टास्क फोर्स की मिटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजुद रहे। इस मिटिंग में एसएमओ डब्ल्यूएचओ डा. अविरल शर्मा, उप सिविल सर्जन डा. गीता दहिया, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी सोनीपत डा. नीरज यादव, डा. जितेन्द्र सिंह व अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजुद रहे।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी सोनीपत डा. नीरज यादव ने अधिकारियों को बताया कि सोनीपत जिले में हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार 10 दिसंबर रविवार को पोलियो अभियान चलाया जायेगा। यह अभियान हाई-रिस्क क्षेत्र जैसे-ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में भटठो, फैक्ट्री, निर्माण अधीन स्थलों तथा अर्बन स्लम एरिया मे विशेष रूप से चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसकी दवाई 5 साल तक के बच्चों को स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा पिलाई जायेगी। जिसके अंतर्गत इस अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और ग्रामीण क्षेत्रों व शहरी क्षेत्रों में 0 से 5 वर्ष तक के 212719 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने हेतु जिले के ग्रामीण क्षेत्रों व शहरी क्षेत्रों में दवाई पिलाने की विशेष व्यवस्था की गई है। ताकि 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीये बगैर ना रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये स्वास्थ्य विभाग के साथ महिला बाल विकास विभाग, पंचायत, शिक्षा व आशा वर्करों का विशेष योगदान देने पर जोर दिया गया।

### किसान के खेत से धान की फसल चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**मोहाना थाना** क्षेत्र के गांव सिटावली में धान के खेत से फसल चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव सिटावली निवासी सुलैंद्र ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। उसने तीन एकड़ धान की फसल का कटवाकर झड़वा लिया था। वहीं एक एकड़ फसल की झड़वाई चल रही थी। जिसमें से चार एकड़ फसल से एक बीघा बाकि था। जबकि चार बीघे की फसल कट चुकी थी। जिसे छोड़कर वह घर चल आया। सुबह जाकर देखा को खेत से फसल गायब मिली। अपने स्तर पर फसल की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एसआई अनाम कंवार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### गुड़ मंडी स्थित इंद्रलोक कॉलोनी के घर में घुसकर 2.40 लाख रुपये व कागजात ले गए चोर

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**शहर थाना** क्षेत्र में गुड़मंडी स्थित मकान से लाखों रुपये की राशि व जरूरी कागजात के चोरी होने का मामला सामने आया है। व्यवसायी ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गुड़मंडी निवासी प्रमोद कुमार ने बताया कि किसी ने उसके घर पर सामान बिखरा हुआ मिला। सामान की जांच की तो घर से दो लाख 40 हजार रुपये की राशि, जरूरी कागजात के तीन बैग सहित चैक बुक उसकी पत्नी के बैंक की पास बुक सहित अन्य सामान गायब मिला। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई संजय कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### स्टॉक पर खड़ा ट्रक चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**राई थाना** क्षेत्र के बढ़खालसा में स्थित स्टॉक पर खड़े ट्रक के चोरी होने का मामला सामने आया है। ट्रक मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है।

ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव पिनाना निवासी कैलाश ने बताया कि वह ट्रांसपोर्ट का काम करता है। उसके पास 12 टायरी हाइवा ट्रक है। जोकि सफेद कलर व नीले कलर की बॉडी है। जिसे आशु नाम का चालक चलाता है। उसके बीमार होने के चलते गत 19 नंवबर को ट्रक गाड़ी को महालक्ष्मी स्टॉक बढखालसा पर खड़ा कर दिया।

उसने बृहस्पतिवार को वह स्टॉक पर पहुंचा। जहां से ट्रक गायब मिला। अपने स्तर पर ट्रक की तलाश की , लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी जयदेव ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# मतदाता जागरूकता प्रचार- प्रसार वैन को किया रवाना



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतक मंडलायुक्त** संजीव वर्मा ने मतदाता जागरूकता प्रचार-प्रसार वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि वे नये मतदाताओं के वोट बनवाने में विशेष सहयोग करें। नये मतदाताओं के मतदाता पहचान पत्र अवश्य बनवाये जायें, ताकि वे लोकतांत्रिक चुनाव प्रणाली में अपनी सक्रिय भूमिका अदा कर सकें।

आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार मतदाता सूची के शुद्धिकरण व नई वोट बनवाने का कार्य जारी है, जिसके तहत वीरवार को लघु सचिवालय में संबंधित चुनाव अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडलायुक्त संजीव वर्मा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र सबसे विशाल है जो विश्व भर में सम्माननीय है। विश्व के अन्य देशों के प्रतिनिधि हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली व चुनाव प्रणाली का अध्ययन करने के लिए आते हैं। हमारे चुनाव अधिकारियों को अन्य देशों में चुनाव करवाने में मदद के लिए निमंत्रण दिया जाता है। यह हमारे लिए गौरव की बात है। साथ ही गर्व अनुभूति होती है कि हम ऐसे लोकतांत्रिक देश के नागरिक हैं। ऐसे में हम सबका दायित्व बनता है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर संभव सहयोग दें। इसमें मतदान अत्यधिक महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता को स्वेच्छा से मतदान करने का अधिकार है।

मंडलायुक्त ने कहा कि नये मतदाताओं के पहचान पत्र बनाने का कार्य जारी है, जिसका फायदा युवा मतदाताओं को उठाना चाहिए। युवाओं को वोट बनवाने के लिए जागरूक करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जागरूकता वैन भी गांव-गांव व नगर-नगर जाकर युवाओं को वोट बनवाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। शिक्षण संस्थानों में भी कैंप लगाकर युवाओं के वोट बनवाने का कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल एजेंट अवकाश दिवसों शनिवार व रविवार को बूथों पर मतदाता सूची की त्रुटियों को दूर करने के लिए दावे व आपत्तियां लेते हुए नई वोट बनवाने का कार्य कर रहे हैं। नये मतदाताओं को इसका विशेष रूप से लाभ उठाना चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने मंडलायुक्त का स्वागत करते हुए भरोसा दिलाया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी युवाओं के वोट बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी, 2024 को आधार तिथि मानकर नई वोट बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जिनका जन्म 2 जनवरी 2004 से एक जनवरी 2006 के बीच हुआ है और उन्होंने अपना वोट नहीं बनवाया है। ऐसे युवा वोटर हेल्पलाइन पर ऑनलाईन फॉर्म 6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। इसके साथ ही आकर्षक इनाम भी जीत सकते है। उन्होंने बताया कि जिनकी आयु जनवरी, अप्रैल, जुलाई व अक्टूबर में 18 वर्ष हो जाती निवार्चन आयोग द्वारा उन्हें नए वोट बनवाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। सभी पात्र व्यक्तियों को अपने वोट अवश्य बनवाएं।

उपायुक्त ने बताया कि मृत व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिनकी आयु 18 वर्ष हो गई है, और अपना वोट बनवाने के लिए पात्र है। उन्हें वोट बनवाने के लिए स्थाई आवास का पता, जन्म तिथि तथा पासपोर्ट साईज का फोटो सहित तीनो की फोटो प्रतियां फार्म 6 के साथ लगानी होंगी। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन मतदाता सेवा पोर्टल के माध्यम से तथा ऑफलाइन बीएलओ के माध्यम से वोट बनवा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डा. मनोज कुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष अभियान चलाकर शनिवार 25 नवंबर व रविवार 26 नवंबर को पोलिंग स्टेशन पर नए वोट बनवाने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान संबंधित बीएलओ पोलिंग स्टेशन पर उपस्थित होकर लोगों के दावे व आपत्ति प्राप्त करेंगे।

## कुंडली आये व्यक्ति की गाड़ी से लाखों चोरी

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**कुंडली** थाना क्षेत्र में व्यवसाय के लिए आए व्यक्ति की गाड़ी से लाखों रुपये की राशि व सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस से शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

अशोक विहार फेस-1 निवासी प्रवीन बंसल ने बताया कि वह अपने किसी व्यवसाय के लिए कुंडली आया था। काम निपटाने के बाद वह वापिस दिल्ली लौट रहा था। उसकी गाड़ी में पंचर हो गया। वह जाटी मोड़ के सामने पंचर लगवाने के लिए उतर गया। उसी दौरान किसी ने उसकी गाड़ी से बैग व टिफिन चोरी हो गया। बैग में एक लाख 50 हजार रुपये की राशि, खाते की चेक बुक, उसकी पत्नी व बेटे के आधार कार्ड, पेन कार्ड, घर की चाबिया रखी हुई थी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी दीपक ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है।

## चीनी मिल में पेराई सत्र शुरू करने की जरूरी तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

### आज सुबह नौ बजे से वर्ष 2023-24 पेराई सत्र का होगा शुभारम्भ, सांसद कांटे पर गन्ना डालकर करेगें विधिवत शुरूआत

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**दी सहकारिता** चीनी मिल सोनीपत में वर्ष-2023-24 के पेराई सत्र का शुभारम्भ आज सुबह से होने जा रहा है। जिसका उद्घाटन सोनीपत सांसद रमेश चंद्र कौशिक करेगें। मिल प्रबंधन की तरफ से कारखाने के रिपेयरिंग व अन्य कार्यो को पूरा कर लिया गया है। प्रबंधन की तरफ से गन्ना उत्पादकों को 30 हजार क्विंटल गन्ने की पर्चियां जारी की गई है। किसानों से प्रबंधन की तरफ से समय पर गन्ना लेकर आने की अपील की गई है। ताकि चीनी की रिकवरी को बेहतर किया जा सके। बता दें कि शहर के गांव कामी सड़क मार्ग पर स्थित दी सहकारिता चीनी मिल सोनीपत के पेराई सत्र-2023-24 की शुरूआत होने जा रही है। मिल की पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल गन्ने की है। मिल जानकारी के अनुसार मिल प्रबंधन की तरफ से कारखाने में रिपेयरिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। प्रबंधन की तरफ से जिले के करीब 1850 गन्ना उत्पादकों के साथ पेराई सत्र के लिए 33 लाख 50 हजार क्विंटन गन्ने का करार किया गया है। वहीं चीनी मिल प्रशासन द्वारा इस बार मिल में किसानों के सुविधा के लिए कई कदम उठाए गए है। जिसके अंतर्गत चेन के पास जहां सीमेंट की नई सडके दोनों तरफ बनाई गई हैं, ताकि बरसात आदि होने पर किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न झेलनी पड़े। पेराइ सत्र शुरू होने से यार्ड की सफाई भी जेसीबी मशीन के माध्यम से शुरू कर दी गई है।

## 6 साल की जगह अब सिर्फ 1 साल का देना होगा कचरा प्रबंधन टैक्स

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर के विश्राम गृह में पत्रकारवार्ता में पार्षद संजीव सचदेवा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों को जब यह पता चला की अंबाला में नगर निगम द्वारा कचरा प्रबंधन के नाम पर पैसे जमा करवाए जा रहे है। इसको लेकर भाजपा पार्षदों ने बैठक की जिसमें इसमें तकनीकी व कानूनी पहलुओं को देखते हुए आगे बढ़ाया गया। 6 साल का कचरा प्रबंधन टैक्स लेने के लिए 2023-24 के प्रोपर्टी टैक्स के लिए जो मांगा गया यह पूरी तरह से अनुचित है। उन्होंने बताया कि हमने विभाग से भी पत्राचार किया और उसके बाद मुख्यमंत्री के संज्ञान में यह निर्णय लाया गया।

इसमें विधायक असीम गोयल का भी विशेष सहयोग मिला। उन्होंने भी अधिकारियों को तत्पर्ता के साथ करने के आदेश दिये। कोई भी व्यक्ति पोर्टल की आईडी पर जांच सकता है कि निगम द्वारा जो कचरा प्रबंधन टैक्स जो पहले 6 साल का लिया जा रहा था अब मात्र एक साल का लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इससे लोगों को भारी फायदा हुआ है। उन्होंने बताया कि इससे अंबाला के हर परिवार को लगभग 3 हजार रुपए का फायदा हुआ है जबकि कर्मशियल हॉल व बड़े-बड़े संस्थान वालों को तो लाखों रुपए का फायदा हुआ है।

सचदेवा व भाजपा पार्षदों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए यह भी बताया कि सरकार ने यह एतिहासिक निर्णय लिया है जिसमे लगभग 25 करोड़ रुपए का टैक्स माफ हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारा मुद्दा केवल समस्या का समाधान नहीं है बल्कि हम ऐसे लोगों के खिलाफ लड़ाई लडेगे जिन्होंने यह समस्या खड़ी करी है।

### सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को कार ने मारी टक्कर, मौत

**गन्नौर ।** जीटी रोड पर एचएसआईआईडीसी बड़ी के गेट नंबर के पास सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को कार ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार चालक फरार हो गया। कार की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने कार चालक के खिलाफ बड़ी थाना में शिकायत दी। शिकायत में गांव भीटारा, फतेहगंज पूर्वी, जिला बरेली, यूपी की रहने वाली शिवानी ने बताया कि उसके पति अजयपाल काम के लिए सोनीपत आए हुए थे। 21 नवंबर को उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनके पति का एचएसआईआईडीसी बड़ी के गेट नंबर एक के पास जीटी रोड पर हुई सड़क दुर्घटना में घायल हो गए हैं।

## खाटू श्याम करता है सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण: राजीव जैन



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**खाटूश्याम** की आराधना से होती है भक्तों की मनोकामनाएं पूरी, खाटूश्याम ने भगवान श्रीकृष्ण के आदेश से बिना स्वार्थ अपने शीश का दान कर दिया था उसी तरह हमें भी भगवान के चरणों में सब कुछ समर्पित करने के लिए तैयार रहना चाहिए यही प्रभु की सच्ची भक्ति है। उक्त विचार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने सांवरिया सेठ सेवा मंडल द्वारा आयोजित बाबा धाम, कामी रोड से शुरू हुई निशान यात्रा की अगुवाई करते हुए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किये । राजीव जैन ने खाटूश्याम की आरती में भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि खाटूश्याम दीन दुखियों के दर्द दूर कर सभी की मनोकामना पूर्ण करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के आशीर्वाद से खाटू नरेश श्री श्याम के नाम से पूजे जाते हैं। उन्होंने कहा कि खाटूश्याम के चरणों में सभी के कल्याण उत्थान की कामना करता हूँ और उन्होंने भगवान से सभी के लिए सुख समृद्धि की प्रार्थना की। खाटूश्याम धाम सोनीपत में आयोजित बाबा के कीर्तन में श्रधालुओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि आज चारों तरफ खाटूश्याम के नाम की धूम है और कोई हॉल में ध्वजा लेकर धाम की तरफ जयकारे लगाते हुए चला जा रहा है। उन्होंने कहा कि धाम की तरफ जाने वाली सड़कों पर चारों तरफ खाटूश्याम की श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा है जो इस बात का प्रतीक है कि धर्म की प्रभावना बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा, प्यार, प्रेम की भावना बढ़ती है और सभी का कल्याण होता है। कार्यक्रम में संजीव वलेचा, अंकित गुप्ता, अर्पित गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, कमल गुप्ता, तुषार गुप्ता, शुंभम गुप्ता, साहिल, राजीव गुप्ता, सौरभ, सुधीर, प्रवीण कुच्छल, सुनील कुच्छल, राकेश कुच्छल, हिमांशु कुच्छल, राजेंद्र कुच्छल (टाणु) आदि-आदि सैकड़ो बाबा के भक्त उपस्थित रहे।

## शो फाइव स्क्वाड्रन के 75 वर्ष पूरे होने पर हुआ एयर शो

### आसमान में हवाई करतब देख कर लोगों ने काफी लुत्फ उठाया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अम्बाला में** इंडियन एयरफोर्स प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन कर रही है। शो फाइव स्क्वाड्रन के 75 साल पूरे होने पर अंबाला कैंट के एयरफोर्स स्टेशन पर पहले दिन 1 घंट से अधिक समय तक एयर शो चला। यहां सबसे पहल जगुआर ने उड़ान भरी। एयर शो में राफेल और आकाश गंगा व सूर्य किरण टीम ने भी करतब दिखाए। एयर शो यूट्यूब पर भी लाइव दिखाया गया। इससे पहले एयरफोर्स ने कार्यक्रम की टाइमिंग में बदलाव किया था। पहले टाइमिंग सुबह 10:30 की थी, लेकिन एयर शो दोपहर 12 बजे शुरू हुआ। एयर शो देखने के लिए एयरफोर्स की तरफ से आमजन के लिए डोमेस्टिक एयरपोर्ट के नजदीक खाली मैदान में की गई, लेकिन यहां बैठने तक के लिए कुर्सियों नहीं लगाई गई है। अंबाला कैंट के रुपिंदर जीत सिंह ने कहा कि एयर फोर्स और आर्मी से यह उम्मीद नहीं की जा सकती। अंबाला में एयर शो देखने के लिए लोग पहुंचे, लेकिन उन्हें बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था नहीं है। जमीन पर बैठने को मजबूर लोग। उन्होंने कहा कि जो इंसान अपनी प्लानिंग करके

पहले से आया हो वह बताएं क्या करें अब प्रशासन ने वैसे तो पब्लिक के लिए कहने को एयर शो देखने के लिए व्यवस्था कर दी, लेकिन यहां ना पीने के पानी की व्यवस्था है ना ही बैठने के लिए कुर्सियों की। जिसके कारण बच्चों को अपने साथ लाए लागों को नीचे जमीन पर बैठकर ही शो देखना पड़ा।

लोगो का कहना था कि जब प्रशासन के पास प्रर्याप्त मात्रा में संसाधन नहीं थे तो एयर शो देखने की घोषणा क्यों कि।

इस एयर शो के दौरान सुरक्षा में कहीं कोई चूक न हो इसके लिए भी एयरफोर्स सतर्क है।

शो के दौरान कोई भी व्यक्ति अपने साथ खाने-पीने का सामान अपने साथ नहीं ला सकता। यही नहीं, जिला प्रशासन की तरफ से दोनों दिन धारा 144 लागू की गई है।

## बहालगढ़ : खाते से निकाली हजारों रुपये की राशि, पीड़ित को मिली धमकी

**सोनीपतटीम एक्शन इंडिया**

**बहालगढ़** थाना क्षेत्र में खाते से हजारों रुपये की राशि निकालने व आरोपित की तरफ से पीड़ित को धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत कष्ट निवारण एवं परिवाद समिति की बैठक में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद से ठग का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एसबीसी एक्टेशन सोनीपत निवासी अमित जिंदल ने बताया कि उसका एचडीएफसी बैंक कुमासपुर ब्रांच में खाता है। गत 6 अक्टूबर को किसी ने उसके खाते से 47 हजार रुपये यूपीआई करके धोखाधड़ी से निकाल लिए। मामले को लेकर उसने बैंक में कॉल किया। उसने ट्रांसजेक्शन के बारे में रोकने के लिए कहा, लेकिन उसे मना कर दिया। जिसकी रिकार्डिंग उसके पास है। हेल्प लाइन नंबर पर कॉल कर- के शिकायत दर्ज करवाई। साइबर क्राईम पर आन लाईन शिकायत दर्ज करवाई। उसने लिखित में शिकायत देने के बाद भी बैंक की तरफ से कोई भी जवाब नहीं आया। पुलिस ने साइबर की तरफ से कोई जवाब नहीं मिला। उसके फोन पर कॉल आई, उसे रुपये कटने से धमकी की कि उसने वह रुपये वापिस नहीं लौटायेगा। मामले को लेकर परिवाद समिति की बैठक में शिकायत दी। इस संबंध में पुलिस ने मुकदम दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई रमेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द साइबर ठगों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## जनसंवाद में आने वाली माँगों- शिकायतों का तुरंत निवारण हो: उपायुक्त



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**उपायुक्त** डा. मनोज कुमार ने कहा कि जनसंवाद सरकार और प्रशासन की प्राथमिकता है, जिसमें किसी भी प्रकार की कोताही स्वीकार्य नहीं होगी। जनसंवाद में आने वाली मांगों और शिकायतों का निवारण संबंधित अधिकारी-कर्मचारी प्राथमिकता के आधार पर करें। जनसंवाद पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के समाधान के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने विस्तार से जनसंवाद के महत्व से अवगत करवाते हुए जनसंवाद पोर्टल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनसंवाद के तहत आने वाली सभी मांगों व शिकायतों को जनसंवाद पोर्टल पर दर्ज किया जाता है। सभी विभागों को इसमें शामिल किया गया है, जो अपने से संबंधित शिकायतें व मांगें देख सकते हैं। संबंधित अधिकारीगण तुरंत प्रभाव से पोर्टल पर उनसे संबंधित शिकायतों व मांगों को अंडरटेक करें। साथ ही अपडेट भी करें।

उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि जनसंवाद में विशेष रूप से पंचायत विभाग से संबंधित मांगें व समस्याएं हैं। इसलिए पंचायत विभाग इस दिशा में तीव्र कदम बढ़ाये ताकि लोगों की समस्याएं व मांगें समय पर पूर्ण हो सके। उन्होंने प्रत्येक खंड की अलग-अलग मांगों व समस्याओं पर चर्चा करते हुए संबंधित बीडीपीओ को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाएं बुलाकर जनसंवाद की मांगों-समस्याओं के संदर्भ में रेजोल्यूशन करवायें। खासतौर पर संबंधित सरपंच से लिखित में लें। उन्होंने गढ़ी सिसाना ग्राम पंचायत द्वारा बूचडखाना बंद करवाने संबंधी मांग के संदर्भ में एसडीएम खरखौदा को विशेष निर्देश दिए। उपायुक्त ने जनसंवाद के अंतर्गत निकाय क्षेत्र की मांगों व समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा करते हुए प्रत्येक निकाय की अलग-अलग सुनवाई की।

उन्होंने सेवा विभाग के तहत बुढ़ापा पैंशन बनाने की मांगों को तुरंत पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने यूएचबीवीएन, जनस्वास्थ्य विभाग आदि से संबंधित मांगों को भी समयबद्धता के साथ पूरा करवाने के निर्देश दिए।

# सांसद ने की शुगर मिल पिराई सत्र की शुरूआत



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया कमाल हुसैन**
**राज्य सभा** सांसद कृष्ण लाल पंवार ने वीरवार को पानीपत शुगर मिल के 67वें पिराई सीजन की शुरूआत की। हवन-यज्ञ के बाद उन्होंने गन्ने डालकर और मशीन का बटन दबाकर पिराई को शुरू किया। कृष्ण लाल पंवार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार किसान का एक-एक गन्ना खरीदेगी और समय से पेमेंट भी देगी। उन्होंने कहा कि 9 साल में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सबका साथ-सबका विकास की भावना से हर वर्ग के लिए काम किया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 14 रुपये प्रति क्विंटल गन्ने का दाम बढ़ाकर 386 रुपये देने का काम किया है, जो पूरे देश में सर्वाधिक है। इसके लिए उन्होंने किसानों की तरफ से मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अगले साल के पिराई सीजन के लिए गन्ने के दाम 400 रुपये प्रति क्विंटल करने की पहले ही घोषणा कर दी है।

कृष्ण लाल पवार ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर ने किसानों के हित में अनेकों योजनाएं चलाई हैं।आज किसानों से जुड़ी योजनाओं की धनराशि सीधे किसानों के खाते में जाती है जिससे पारदर्शिता आई है। भाजपा नेता हरपाल ढांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिस तरह से इस शुगर मिल के प्रति व्यक्तिगत रुचि ली है उसे किसानों को बहुत बड़ा फायदा हुआ है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विशेष तौर पर आभार भी जताया।

उपायुक्त एवं पानीपत चीनी मिल के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार दहिया ने पिराई सत्र के शुभारंभ पर चीनी मिल के सभी अधिकारी और कर्मचारियों की ओर से स्वागत किया और कहा कि इस सत्र में चीनी मिल का 66 लाख क्विंटल का लक्ष्य रखा गया है। चीनी मिल के प्रबंध निदेशक जगदीप सिंह ने चीनी मिल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की ओर से सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए सभी किसानों से अपील की कि वह मिल में गन्ने को सुखाकर और साफ करके लाएं। उन्होंने सभी किसानों से अपील की कि आगामी समय में कोहरे का प्रकोप बढ़ सकता है इसलिए सभी किसान अपने ट्रैक्टर ट्रॉली पर रिफ्लेक्टर लगाकर आए। इसके साथ-साथ चीनी मिल में भी ट्रैक्टर ट्रॉली पर रिफ्लेक्टर लगाने की व्यवस्था की जाएगी ताकि दुर्घटना ना हो। एडीसी वीना हुड्डा, सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी, मनदीप सिंह भी उपस्थित रहे।

# अंबाला छावनी : 26 को होगा भाजपा का पन्ना प्रमुख सम्मेलन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) गृह मंत्री अनिल** विज के निर्देशन अनुसार भारतीय जनता पार्टी अंबाला छावनी की एक महत्वपूर्ण बैठक पी डब्लू डी विश्राम गृह में हुई। बैठक में मुख्य रूप से सदर मंडल प्रधान राजीव गुप्ता डिंपल व महेश नगर मंडल प्रधान विजेंद्र चौहान ने विषयों पर चर्चा करते हुए बताया कि 26 नवंबर 2023 को दिन रविवार को दोपहर 2 बजे बी पी एस प्लैनेटेरियम के ग्राउंड में भारतीय जनता पार्टी अंबाला छावनी का पन्ना प्रमुख सम्मेलन होने जा रहा है , सदर मंडल प्रधान ने बताया कि गृह मंत्री अनिल विज के नेतृत्व में व राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ की उपस्थिति में यह भव्य पन्ना प्रमुख सम्मेलन होगा , उन्होंने बताया कि पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्येक वोटर लिस्ट के पन्ने का प्रमुख बनाया गया है जिसमें हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने पन्ने के प्रमुख हैं व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा भी अपने पन्ने के प्रमुख हैं मंडल प्रधान ने बताया कि पन्ना प्रमुख की भूमिका भारतीय जनता पार्टी में सबसे अहम भूमिका है इन्हीं पन्ना प्रमुखों के बदौलत भारतीय जनता पार्टी जन सेवा और विकास कार्य जनता को समर्पित कर पाते हैं मंडल प्रधान ने बैठक में उपस्थित अम्बाला छावनी के सभी बूथ प्रधानों को उनके पन्ना प्रमुखों की सामग्री प्राप्त करवाई और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कहा। महेश नगर मंडल प्रधान विजेंद्र चौहान ने बताया कि गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री द्वारा पन्ना प्रमुख सम्मेलन बहुत ही भव्य रूप में होगा जिसमें गृह मंत्री अनिल विज ने सभी पन्ना प्रमुखों को बूथ प्रधानों को मोर्चा पदाधिकारी को व मंडल पदाधिकारी को स्वयं पदाधिकारीयों के नाम प संबोधित निमंत्रण पत्र भेजे हैं और साथ ही साथ उन्होंने क्यूआर कोड से स्कैन होने वाले आईडी कार्ड भी भिजवाए हैं जिससे स्कैन कर के ही प्रत्येक पन्ना प्रमुख की सम्मेलन कार्यक्रम में प्रवेश मिलेगा उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी जमीनी स्तर प कार्य करती है भारतीय जनता पार्टी इकलौती पार्टी है जिसमें कार्यकर्ता की कार्यशैली को देखते हुए उन्हें पद पर नियुक्त किया जाता है

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें पीडियों से चले आ रहे राजनीतिक नेताओं के बच्चों को अवसर न देते हुए साधारण कार्यकताओं को प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर पहुंचाया जाता है। इस बैठक में बलकेश वत्स संजीव सोनी बी एस बिंद्रा सुरिंदर तिवारी विकास बत्रा दीपक भसीन राजकुमार राजा ललिता प्रसाद सुनील नादरिया सुभाष शर्मा पुष्पा वेश सुनीता अरोड़ा ज्योति मीट ज्योति जड़िया गुलशन गुलाटी नीलम कुमारी मीनाक्षी भूटानी विपिन खन्ना सुन्नी तुली प्रमोद कुमार अनिल बहल सुमित अग्रवाल अंकित जैन अनिल कत्याल इकबाल ढांडा शम्मी चौहान उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### बैठक के दौरान 21 एजेंडों पर चर्चा हुई

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया/कमाल हुसैन**
**उपायुक्त डॉ.** वीरेंद्र कुमार दहिया ने प्रदूषण नियंत्रण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी को निर्देश दिए कि वे पानीपत जिले में स्थित डाई यूनिटों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। साथ ही कहा कि डाई यूनिटों का गैर शोधित पानी ड्रेनों में ना जाये। यह बात उपायुक्त वीरेंद्र कुमार दहिया ने वीरवार को जिला सचिवालय में प्रदूषण नियंत्रण के सम्बंध में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उपायुक्त ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी बड़ी जिम्मेदारी है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कौताही बर्दास्त नहीं की जायेगी। उपायुक्त डॉ. दहिया ने अधिकारियों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि वे साफ सुथरा व शुद्ध हवा वाला शहर चाहते हैं। इसके लिए किसी भी प्रकार का समझौता नहीं कर सकते।

**बैठक में उठा पार्किंग का मुद्द्दा:** जीटी रोड स्थित बैंकों के सामने पार्किंग की व्यवस्था दुरूस्थ ना होने के चलते आ रही परेशानी पर डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जिला योजनकार अधिकारी को निर्देश दिए कि वे ऐसी जगह तलाश करें जहां बैंक स्कवेयर स्थापित किया जा सके। उन्होंने इस बिल्डिंग में पार्किंग की समूचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

**सडक के बीच व नालों से खम्बे हटाने के आदेश:** बैठक के दौरान कुछ स्थानों पर बिजली के खम्बे सडक से सिफ्ट्ट नही होने का मामला सामने आने पर डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता को बैठक से ही फोन किया और सडक के बीच व नालों से बिजली के खम्बे सप्ताह भर में हटाने का आदेश दिया।

**उद्योगपतियों ने अतिक्रमण और कूड़े का मामला उठाया:** बैठक के दौरान उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने उद्योगपतियों से भी चर्चा की। उद्योगपतियों ने कई स्थानों पर अतिक्रमण और कूडे के ढेर लगे होने की बात रखी तो उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया ने सम्बंधित अधिकारियों को उक्त समस्या का गम्भीरता से समाधान कने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को ताऊ देवी लाल पार्क की व्यवस्थाएं दुरूस्थ करने के निर्देश दिये। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जयंत आहुजा, डीएफओ विजय लक्ष्मी, प्रदूषण विभाग के अधिकारी भूपेंद्र सिंह के अलावा एचएसआडीसी व कई अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 27 नवम्बर तक चलेगा भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला: उपायुक्त

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया/कमाल हुसैन**
**उपायुक्त डॉ.** वीरेंद्र कमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2023 नई दिल्ली के प्रगति मैदान में शुरू हो चुका है जो 27 नवम्बर तक चलेगा। इस व्यापार मेले का विषय वसुधैव कुटुम्बकम है, जो सतत विकास और समृद्धि के लिए व्यापार-क्षेत्र में आपसी संपर्क और सहयोग पर जोर देता है।

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि 14 दिनों तक चलने वाले इस व्यापार मेले में देश-विदेश के व्यवसायी भाग लेंते और अपनी सामग्री प्रदर्शित करते हैं। मेले में अन्य प्रदेश का भी भांति प्रदेश का पंडाल भी लगाया जाता है। उपायुक्त ने बताया कि मेले में पहुंचकर दर्शक पूरे प्रदेश की प्रगति का अवलोकन करने के अलावा बेहतरीन उत्पादों की खरीददारी कर सकते हैं।

### सहकारी बैंक के लॉकर तोड़ने के आरोपी काबू-एसपी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** बलदेव नगर के नारायणगढ रोड स्थित अम्बाला केंद्रीय सहकारी बैंक के लॉकर तोड़ लाखो रूपए नकदी व जेवर चुराने के मामले में पुलिस ने बिहार के राहुल व अन्य को गिरफ्तार किया है तथा राहुल का पुलिस रिमांड भी मांगा गया है। एसपी जशनदीप सिंह रंधावा ने आज पत्रकार वार्ता में बताया कि आरोपियों ने बड़े ही शातिर ढंग से इस वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों से 13 लाख रूपए के जेवर, अवैध हथियार व लगभग 5.50 लाख रूपए नकदी भी बरामद कर ली गई है। अब भी उनसे पूछताछ जारी है। एसपी ने बताया कि सीआईए-1 की टीम ने इस वारदात की गुत्थी को सुलझाने के लिए अपने प्रयास तेज किये जिसमें उन्हे कामयाबी भी मिली। सीआईए वन ने वारदात को सुलझाने के लिए प्रयास तेज किये। जिसके बाद सीआईए वन के इंस्पेक्टर हरजिंद्र की टीम को बड़ी कामयाबी मिली।

# भाविप ने बलिदान दिवस पर आयोजित की भाषण प्रतियोगिता



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) भारत** विकास परिषद् महर्षि दयानंद शाखा द्वारा संरक्षक प्रदीप गोयल, सह संरक्षक दीपक राय आनंद एवं अध्यक्ष अजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में शहर के केपीएके महाविद्यालय में श्री गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय महिला एवं बाल विकास संयोजिका डॉ अंजलि भारती, स्कूल प्रिंसिपल रेखा गोयल भागी, निर्णायक मंडल से रीटा मुंजाल व प्रियंका अग्रवाल के साथ शाखा अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके उपरांत मंच संचालन कर रहे प्रकल्प प्रमुख अंकुर गोयल ने भारत विकास परिषद् के पांच सूत्र व संस्था की कार्यप्रणाली व श्री गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में होने जा रही इस भाषण प्रतियोगिता व इसके नियमों को दोहराते हुए प्रतिभागियों को अपनी प्रस्तुति हेतु आमंत्रित किया। इस प्रतियोगिता में 9 स्कूलों से 18 बच्चों ने भाग लेते हुए गुरू जी, उनकी जीवनी व उनके बलिदान का अपने भाषण द्वारा उल्लेख किया। प्रतियोगिता में एस ए जैन विजय वल्लभ स्कूल से वनीषा ने तृतीय, केपीएके महाविद्यालय से सिमरनजीत कौर ने द्वितीय व एस ए जैन सीनियर माडल से जसदीप कौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

यह जानकारी शाखा के सचिव राकेश मक्कड़ एवं प्रैस सचिव श्रीकृष्ण सैनी ने सांझा करते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता 26 नवंबर को कैथल के आरकेएसडी कालेज में आयोजित होगी।

# अशोक विहार में नाली इंटरलॉकिंग गली का निर्माण कार्य शुरू



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** शहर के वार्ड नंबर 9 स्थित अशोक विहार अब पानी निकासी का स्थायी बंदोबस्त होगा। पिछले लंबे समय से यहां रहने वाले लोगों को बरसाती सीजन में निकासी ना होने के कारण भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। वीरवार को करीब 26 लाख रुपए की लागत से यहां बनने वाले नाली व गली का शुभारंभ पार्षद मेघा गोयल व गली की महिलाओं ने लड्डू बांटकर किया।

इस दौरान आसपास रहने वाले नागरिकों ने भी गली का निर्माण शुरू होने पर खुशी जताई है। समाजसेवी ईशु गोयल ने बताया कि अशोक विहार इस गली में पर सालों से बरसाती सीजन में निकासी ना होने के कारण लोगों को भारी जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ता था।

हर सीजन में बरसात का पानी लोगों के घरों में भर जाता था जिसके कारण उन्हें काफी समस्याएं होती है। चुनाव से पहले यहां के नागरिकों से पार्षद मेघा गोयल ने नाली व गली के निर्माण का वायदा किया था। चुनाव जीतने के बाद नगर निगम की पहली मीटिंग में मेघा गोयल ने इस मुद्दे को जोर शोर से उठाया था। बकायदा इसको लेकर सदन में एक प्रस्ताव भी पारित किया गया था। ध्वनि मत से पूरे सदन ने प्रस्ताव पर अपनी सहमति जताई थी। इसके बाद निगम की ओर से गली के निर्माण की कार्रवाई शुरू हुई। इसके लिए पहले 26 लाख रुपए का एस्टीमेट तैयार किया गया। इसके बाद सरकार ने एस्टीमेट को मंजूरी देकर अव गली वि नाली का निर्माण कार्य शुरू कर देंगे आदेश दिए हैं। ईशु गोयल ने कहा कि यह सालों पुरानी समस्या थी जिसका अब स्थाई समाधान होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि अशोक विहार पर रहने वाले लोगों ने इस मुद्दे को लेकर उनका हर संभव सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि वार्ड की दूसरी समस्याओं पर भी गंभीरता से काम चल रहा है। आने वाले दिनों में उन समस्याओं का भी स्थाई समाधान हो जाएगा।

# हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद भी नहीं थम रहा अवैध कॉलोनियां काटने का काम: स्वामी



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया/कमाल हुसैन**
**हरियाणा** में पनप रही अवैध कॉलोनीयो को लेकर उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को तलब किया है लेकिन इन सभी आदेशों से बेखबर भू माफिया अधिकारियों के साथ साठगांठ करके चारों तरफ धड़ल्ले से अवैध कॉलोनी विकसित करने का कार्य कर रहे हैं इसमें अधिकतर सत्ता पक्ष से जुड़े नेता शामिल है यह बात जोगेंद्र स्वामी पूर्व जिला पार्षद ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहीं उन्होंने कहा कि जिला योजनाकार कंट्री एंड टाउन प्लानिंग और डीटीपी नगर निगम खुले रूप से भूमाफियाओं के साथ मिलकर के इन अवैध कॉलोनी को विकसित करवाने के कार्य में लगे हुए हैं अगर शिकायत डीटीपी कंट्री एंड टाउन प्लानिंग को दी जाती है तो वह नगर निगम का क्षेत्र कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं और नगर निगम अधिकारी कंट्री एंड टाउन प्लानिंग की बात करते हैं जबकि यह दोनों विभाग मिलीभगत करके इन अवैध कॉलोनियों को विकसित करवाने के कार्य में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड 2 नगर निगम के अधीन आता है फिर वहां डीटीपी कंट्री एंड टाउन प्लानिंग कैसे नोटिस भेज रहे हैं और नोटिस के बाद मामले को दबा दिया जाता है और यह मामला कई जगह पर इसी प्रकार से चल रहा है उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के नेताओं के पास ना तो नगर निगम के अधिकारी जाते और ना ही कंट्री एंड टाउन

प्लानिंग के उन्होंने कहा कि असंध रोड नहर के साथ कई एकड़ के अंदर मिट्टी की सड़के बना कर कॉलोनी काटने का कार्य किया जा रहा है इसी प्रकार से असंध रोड से जाटल रोड की तरफ न्यू विराट नगर के नाम से कई एकड़ के अंदर भूमाफियाओं द्वारा विकसित की जा रही है इसके साथ-साथ गोहाना रोड , हरी नगर वार्ड 26, नूरवाला,भैंसवाल रोड, ड्रेन नंबर 2 के साथ बाईपास पर खुले रूप से कमर्शियल और आवासीय कॉलोनी काटने का कार्य रहा है।

# प्रशांत ने बॉक्सिंग में और रेणु ने वेट-लिफ्टिंग चैंपियनशिप में झटके गोल्ड



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया कमाल हुसैन**
**एसडी** पीजी कॉलेज पानीपत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन के बल पर कुरुक्षेत्र विश्वविधालय कुरुक्षेत्र में आयोजित बॉक्सिंग और वेट-लिफ्टिंग चैंपियनशिप में दो गोल्ड मैडल समेत कुल छः मेडल्स जीत कर तहलका मचा दिया । 20 से 22 नवम्बर तक आयोजित बॉक्सिंग चैंपियनशिप की 92 किलोग्राम भारवर्ग में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र प्रशांत ने और वेट-लिफ्टिंग की 45 किलोग्राम भारवर्ग में एमएससी भौतिकी की छात्रा रेणु ने गोल्ड मैडल जीता । इनके अलावा बॉक्सिंग में 70 किलोग्राम भारवर्ग में किरण देवी ने रजत और 54 से 57 किलोग्राम भारवर्ग में प्रशांत कुमार ने कांस्य पदक हासिल किये । वेट-लिफ्टिंग में बीए प्रथम वर्ष के छात्र अमित कुमार ने रजत और बीकॉम द्वितीय के आकाश ने कांस्य पदक प्राप्त किये । विजेता खिलाडियों प्रशांत, रेणु, किरण देवी, अमित कुमार, आकाश और प्रशांत कुमार का भव्य स्वागत एसडी पीजी कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा डॉ सुशीला बेनीवाल, कोच अंकुश मलिक, प्रो रजनी, ग्राउंडसमैन प्रताप सिंह और अन्य स्टाफ सदस्यों ने किया । इस अवसर पर सभी विजेता खिलाडियों की भरपूर हौंसला अफजाई की गई । एसडी कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल ने प्रशांत, रेणु, किरण देवी, अमित कुमार, आकाश और प्रशांत कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि जहाँ बॉक्सिंग एक लोकप्रिय खेल है वंही वेट-लिफ्टिंग भी वर्तमान में लोकप्रिय होता जा रहा है । खेल हम सभी के जीवन में, विशेष रुप से नौजवानों और विद्यार्थियों के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रशांत, रेणु, किरण देवी, अमित कुमार, आकाश और प्रशांत कुमार समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन और लगन की मिसाल है । ये गुण किसी भी खिलाड़ी के लिए उपलब्धि को प्राप्त करने के मूल मन्त्र है ।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में लोगों को दी जाएगी जानकारी




**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत नगर परिषद् अम्बाला सदर के अन्तर्गत आने वाले वार्ड नम्बर-1 बोह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार की उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाकर लोगों को जानकारी दी गई। वहीं पर उनके विभाग से सम्बधित सेवाओं का लाभ किस प्रकार से लिया जा सकता हैं, इस बारे में भी बताया गया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच कैम्प लगाया गया, जिसमें सीएचओ बोह शिल्पा व सीएचओ बब्याल अंजलि सैनी ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर निशुल्क दवाईयां भी दी। इस अवसर पर लोगों को स्वास्थ्य सम्बंधी जानकारी भी दी गई और उनके टेस्ट भी किए गए। कार्यक्रम में आयुष्मान भारत/ चिरायु कार्ड, परिवार पहचान पत्र बनवाने एवं त्रुटियों को ठीक करने के लिए स्टॉल, बैंक द्वारा बैंक से सम्बधिंत सेवाओं/स्कीमों इत्यादि के लिए स्टॉल, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने हेतू स्टॉल, शिक्षा विभाग द्वारा स्टॉल, स्वच्छता सम्बधिंत स्टॉल, सैल्फ हैल्प ग्रूप स्टॉल, स्टॉल, पीएम स्वनिधि योजना, एनयूएलएम आदि से सम्बधिंत स्टॉल लगाए गए थे।

# विज ने अपने निवास पर सुनी लोगों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) तंत्र-मंत्र** कर युवक को नहर में डूबोकर हत्या के आरोपों पर गृह मंत्री विज ने गंभीरता से कार्रवाई के निर्देश करनाल पुलिस अधीक्षक को दिए। उन्होंने एसपी से कहा कि तंत्र-मंत्र कर आरोपी ने और भी लोगों को निशाना बनाया होगा, ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएह्व। विज ने करनाल एसपी को इस मामले में एसआईटी गठित कर जांच के दिशा-निर्देश दिए।

दरअसल करनाल से आए परिवार ने आरोप लगाए कि उनके बेटे को रात जागरण के बहाने बुलाया गया था। परिजनों ने बताया कि आरोपी तंत्र-मंत्र करते हैं और रात्रि उनके बेटे को यमुना नदी में डुबोकर उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने मामूली धाराएं लगाई जबकि हत्या का केस दर्ज नहीं किया और आरोपी अभी तक फरार है।

गृह मंत्री ने इस मामले में आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने के निर्देश करनाल एसपी को दिए। इसी तरह, गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष कुरुक्षेत्र से आई महिला ने अपने ही ससुर व पति पर बलात्कार के आरोप लगाए। उसका आरोप था कि केस दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया।

# देहदानी माँगेराम गर्ग की जन्मजयंती पर अर्पित किए श्रद्धासुमन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली भाजपा** के पूर्व अध्यक्ष, प्रखर समाज सेवी एवं देहदानी स्वर्गीय मांगे राम गर्ग की जन्मजयंती के उपलक्ष्य में श्री मांगे राम गर्ग चेरिटेबल सोसायटी द्वारा एनडीएमसी कन्वेंशन सेन्टर में वरिष्ठ धर्मगुरूओं एवं भाजपा नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर डॉ. सुकृति माथुर द्वारा भजन प्रस्तुत किये गये और एनजीओ सक्षम के सहयोग से दिव्यांगों हेतु सहायता उपकरण वितरित किये गये। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े दिल्ली संत महामंडल के महामंत्री महामंडलेश्वर महंत नवल किशोर दास, विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. हर्ष वर्धन, विजय गोयल, आदेश गुप्ता, सक्षम के महामंत्री कमल कांत पांडेय, वरिष्ठ नेता पवन शर्मा ने मंच से देहदानी स्वर्गीय मांगे राम गर्ग को प्रेरणा पुंज बताते हुये पुष्पांजलि अर्पित की। मंच व्यवस्था प्रदेश महामंत्री योगेन्द्र चांदोलिया, हर्ष मल्होत्रा, कमलजीत सहरावत संभाली। स्वर्गीय मांगे राम गर्ग के पुत्र एवं दिल्ली भाजपा के कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग ने अपने परिजनों के साथ भजन संध्या में आये अतिथियों का अभिवादन किया जिनमें प्रमुख थे। प्रदेश पदाधिकारी हर्ष मल्होत्रा, योगेन्द्र चांदोलिया, कमलजीत सहरावत, दिनेश प्रताप सिंह, लता गुप्ता, बांसुरी स्वराज, प्रवीण शंकर कपूर, सोना कुमारी, अमित गुप्ता, वीरेन्द्र बब्बर, अजय सहरावत, सरदार ज्योतजीत सबरवाल, रोहित उपाध्याय, जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गोयल, सरदार कुलदीप सिंह, सुनील कक्कड़, सत्यनारायण गौतम, संजय गोयल, रणवीर तंवर, राम सिया शरण, राजकुमार चोटेला सहित जिला एवं मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

दिल्ली की अनेक वैश्य समाज से जुड़ी संस्थाओं के अलावा धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुये। महामंडलेश्वर महंत नवल किशोर दास जी ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुये कहा कि स्वर्गीय मांगे राम गर्ग जी अपने आप में एक पूर्ण संस्था थे। जिन्होंने अपने जीवन का एक बड़ा भाग धर्म यात्रा महासंघ की स्थापना और उससे दिल्ली के लाखों लोगों को जोड़ने में लगाया। समाज, संघ परिवार एवं राजनीतिक क्षेत्र सभी में उन्होंने अतुल्नीय योगदान दिया। आलोक कुमार ने कहा कि एक स्वस्थ एवं रोगमुक्त भारत का स्वप्न जिन लोगों ने बैठकर देखा था उनमें मांगे राम गर्ग थे और उनकी बताई गई बातों को हम आगे बढ़ा रहे हैं।

# आदर्श पूर्वांचल संगठन ने किया छठ पर्व प्रसाद का वितरण



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली** के नरेला में चार दिवसीय छठ महापर्व के समापन पर आदर्श पूर्वांचल विकास संगठन द्वारा छठ मैया का प्रसाद वितरण किया गया। जिसे बड़ी श्रद्धा से लोगों ने ग्रहण किया। गैर पूर्वांचली लोगों को भी छठ का प्रसाद विशेष तौर पर ठेकुआ दिया गया। प्रमुख सामाजिक संस्था आदर्श पूर्वांचल विकास संगठन के पदाधिकायो द्वारा संस्था संरक्षक अंकु विजय भगत के नेतृत्व में चार दिवसीय छठ महापर्व के समापन पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व गणमान्यो को छठ मैया का प्रसाद वितरण किया गया। जिसे श्रद्धा से लोगों ने ग्रहण किया। गौरतलब है कि आदर्श पूर्वांचल विकास संगठन द्वारा पिछले कई वर्षों से नरेला के चौः रामदेव चौक पर भव्य छठ महोत्सव का आयोजन किया जाता है। संस्था संरक्षक अंकु विजय भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि ठेकुआ से ही भगवान सूर्य को अर्ध दिया जाता है। पारण के बाद लोगों को प्रसाद के रूप में इसी ठेकुआ को वितरित किया जाता है। गैर पूर्वांचल लोगों को भी ठेकुआ का स्वाद बेहद पसंद आता है। मान्यता है कि छठ का प्रसाद मांग कर खाने से भगवान सूर्य देव और छठी मैया के प्रति भक्तों की आस्था प्रकट होती है। उन्होंने आगे बताया कि चौः रामदेव चौक पर स्थित छठ घाट पर छठ व्रतियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए दो नए छठ घाटों का निर्माण भी अगले साल किया जाएगा। मौके पर संस्था अध्यक्ष ओम प्रकाश शाह, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, महासचिव दयानंद चौरसिया, कार्यालय सचिव रणवीर सिंह मौजूद रहे।



**सावन पार्क एक्सटेंशन में आयोजित माता की चौकी में भाग लेते हुए वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी व अन्य।**

# धूमधाम से मनाया गया पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता का जन्मदिन









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता का जन्मदिन कार्यकर्ताओं ने बड़े ही धूमधाम से मनाया। आपको बता दें की सुबह से ही पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता को जन्मदिन की बधाई देने वालों का ताता उनके निवास पर लगा रहा।

इस मौके पर बधाई देने वालों में मुख्य रूप से आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिंदल, मोहम्मद उस्मान, आदर्श नगर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रविता पाल, चंद्रेश वर्मा, पंकज शर्मा, अनिल खारी, ममता वर्मा, अब्दुल सत्तार, मानसिंह, जोगिंदर खारी, महेश खारी, गिरीश जैन, पप्पन, अनूप गुप्ता, सिद्धार्थ राव, एडवोकेट क्षितिज शर्मा, एडवोकेट हिमांशु खारी, इरफान भाई सहित सैकड़ो लोगों ने पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता को बधाई दी और उनकी दीघार्यु की कामना की। इस मौके पर चंद्रेश वर्मा ने कहा कि हरिशंकर गुप्ता जी बड़े ही अच्छे व्यक्ति है और सभी के सुख-दुख में साथ रहते हैं, यही कारण है कि आज उनके जन्मदिन पर बहुताय की संख्या में लोग उनको बधाई देने के लिए मौजूद है। मैं उनको तहेदिल से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। इस मौके पर वजीरपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है मैं उन सभी का धन्यवाद करता हूं।

# जीबीपंतः यूनियन का शपथ ग्रहण हुआ संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जी. बी. पंत** हॉस्पिटल सीएण्डडी यूनियन की चुनाव प्रक्रिया के बाद शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें चुनाव अधिकारी फिरोज खान द्वारा विकास सारस्वत (अध्यक्ष) और महासचिव रविंद्र कुमार को और कार्यकारिणी में सदस्य उपाध्यक्ष पद पर दिनेश कुमार, मुकेश कुमार, धरमजीत, निरंकार सिंह, सहसचिव पद पर आशीष डोगरा, लोकेश कुमार, प्रदीप पाल, आदिल हुसैन, धर्मेन्द्र कुमार और कोषाध्यक्ष पद पर जीवन सिंह नेगी, प्रचार सचिव पद पर मनोज कुमार को पद प्रतिष्ठा और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उक्त जानकारी एनपीएचए के अध्यक्ष विजय कुमार ने दी। चुनाव अधिकारी फिरोज खान, रजत वर्मा के साथ मंच पर प्रशासनिक अधिकारी पंकज जोशी, देशवाल के अलावा शपथ ग्रहण समारोह में आमन्त्रित हरीश त्यागी एआईयूटीयूसी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, विजय कुमार (एन पी एच ए) अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश और दिल्ली राज्य सयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष/महासचिव रघुविंदर सिंह, संजय डीलोर(अध्यक्ष) लोक नायक अस्पताल कर्मचारी यूनियन (717) एवम सुजाता मखीजा(अध्यक्ष) लोक नायक अस्पताल पेरामेडिकल टेक्निकल एम्प्लॉय यूनियन रजिस्टर्ड और महाचिव नफे सिंह गुरू नानक नेत्र केंद्र व और जी बी पंत हॉस्पिटल पैरामेडिकल टेक्निकल एम्प्लॉय यूनियन रजिस्टर्ड के अध्यक्ष/महासचिव आर एस राणा, सुशील कुमार का फूल माला और पगड़ी बांध कर स्वागत किया।

विकास सारस्वत ने अपनी नवनिर्वाचित कार्यकारिणीं सदस्यो को शपथ ग्रहण के बाद संबोधित करते हुए कहा कि मैं अपनी टीम को कर्मचारियों की हर समस्या के निवारण हेतू कड़े फैसले लेकर हल निकालने के लिए एक जुट होकर समाधान करने के लिए कटिबद्ध रहने का प्रण लेंता हूं। इस अवसर पर एनपीएचए दिल्ली के अध्यक्ष विजय कुमार ने नवनिर्वाचित टीम को बधाई दी।

# बदरपुर में यादव शौर्य दिवस को लेकर हुई बैठक





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव की अध्यक्षता में बदरपुर विधानसभा में 25 नवंबर 2023 को जंतर-मंतर पर होने वाले यादव शौर्य दिवस के कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा हुई और सभी उपस्थिति सदस्यों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराने का आश्वासन भी दिया है। इस मौके पर अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनीष यादव, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष प्रवीन यादव, वासु यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने बैठक को संबोधित किया और कहा कि आने वाले 25 नवंबर को भारी से भारी संख्या में जन्तर-मन्तर पहुंचे और कार्यक्रम को सफल बनाये।

# 'गांवों में भाजपा युवा मोर्चा कर रहा है युवा चौपाल का आयोजन'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली भाजपा युवा मोर्चा द्वारा दिल्ली के अलग-अलग गांव में युवा चौपाल का आयोजन किया । प्रदेश अध्यक्ष शशि यादव के नेतृत्व में अब तक 110 गांवों में युवा चौपाल का आयोजन किया जा चुका है। इस युवा चौपाल के द्वारा गांवों में रहने वाले युवाओं को पार्टी से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष शशि यादव अलग-अलग गांवों में जाकर युवाओं से संवाद कर रहे हैं और उन्हें पार्टी से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। भाजपा युवा मोर्चा ने दिल्ली के कुल 360 गांवों में युवा चौपाल आयोजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है और अब तक हुए 110 गांवों में युवा चौपाल कार्यक्रम में युवा बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। शशि यादव ने कहा कि इस युवा चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से हम दिल्ली के गांवों में रहने वाले युवाओं को पार्टी से जोड़ने का कार्य करेंगे, क्योंकि यही युवा दिल्ली से केजरीवाल की भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकने में कारगार सबित होंगे।

# नांगलाईः जीवन मूल्यों में संस्कारों का बड़ा महत्वः संगीता चौधरी



**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**जीवन मूल्यों** में संस्कारों का बड़ा महत्व है। ऐसा ही एक संस्कार है सेवा का भाव। निःस्वार्थ भाव से यथासंभव जरूरतमंद की मदद करना, सेवा करना हमारे संस्कारों की पहचान कराता है। जियो खुशहाल ह्यूमन राइट्स संस्था की संस्थापिका व चेयरमैन संगीता चौधरी ने कहा कि तन, मन और वचन से दूसरे की सेवा में तत्पर रहना स्वयं इतना बड़ा साधन है कि उसके रहते किसी अन्य साधन की आवश्यकता ही नहीं रहती। क्योंकि जो व्यक्ति सेवा में सच्चे मन से लग जाएगा उसको वह सब कुछ स्वतः ही प्राप्य होगा जिसकी वह आकांक्षा रखता है। जिन बच्चों में प्रारम्भ से सेवा की भावना का स्वस्थ विकास कर दिया जाता है वे आगे चलकर अपने सेवा-भाव से समाज में प्रतिष्ठा के पात्र बन जाते हैं।

# अखिल भारतीय साहित्य महोत्सव एवं सम्मान समारोह संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**युवा उत्कर्ष** साहित्यिक मंच, दिल्ली ने अपने दसवें अखिल भारतीय साहित्य महोत्सव एवं सम्मान समारोह में लखनऊ के वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार अनूप श्रीवास्तव को उनके गत छः दशकों से अधिक समय से अपनी सशक्त लेखनी से हिंदी साहित्य की विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट मौलिक लेखन एवं पत्रकारिता के शाश्वत मूल्यों के सतत संरक्षण में अप्रतिम योगदान हेतु वर्ष-2023 के भारतेंदु हरिश्चंद्र शीर्षस्थ सम्मान से अलंकृत किया। प्रशस्ति-पत्र के साथ ग्यारह हजार रुपए की पुरस्कार राशि ,शाल, प्रतीक चिन्ह एवं उत्कृष्ट साहित्य सेवा पदक उन्हें गत उन्नीस नवम्बर को नई दिल्ली स्थित गांधी शांति प्रतिष्ठान में आयोजित देश के जाने व्यंग्यकार प्रेम जनमेजय की अध्यक्षता में भारत के पूर्व आई ए एस एवं रक्षा सचिव योगेन्द्र नारायण मुख्य अतिथि, ख्यात कथाकार बलराम, ख्यात गीतकार मीरा शलभ अतुल प्रभाकर सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने ऊंचा गांव में दी 13 गलियों के आरएमसी निर्माण की सौगात

## लगभग 60 लाख रुपये की धनराशि से बनाई जाने वाली गलियों के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/बल्लभगढ़/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने आज वीरवार को बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ऊंचा गांव में आरएमसी से बनाई जाने वाली करीब 13 गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस कार्य पर लगभग 60 लाख की लागत आएगी। मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लबगढ विधान सभा क्षेत्र में सड़कों, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा, स्ट्रीट लाइटिंग, पेयजल सप्लाई से जुड़ी लाइनों और सिवरेज व्यवस्था तथा पार्कों के सौन्दर्यकरण सहित तमाम



मूलभूत सुविधाओं के लिए विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा की बल्लभगढ़ के ऊंचा गांव की जोहड़ को करीब 1 करोड़ की लागत से सुंदर पौंड बनाया जाएगा। बल्लभगढ़ ऊंचा गांव से साहूपुरा को जाने वाली रोड पर शीघ्र ही सीवर लाइन भी डाली जाएगी। उन्होंने कहा कि ऊंचा गांव के दो पुराने सामुदायिक भवनों का भी जीर्णोद्धार होगा। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र की एक इन्च सरकारी जमीनों पर कब्जा नहीं होने दूंगा। कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा की भाजपा सरकार में सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति को क्रियान्वित करके सभी वर्गो का विकास हो रहा है।
आज केंद्र की भाजपा सरकार और प्रदेश की भाजपा सरकार ने हरियाणा प्रदेश में चहुमुखी विकास कार्यों की झड़ी लगाई हुई है। उन्होंने कहा की देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार हर व्यक्ति को उनके द्वार पर लाभ पहुंचाने और सरकार की उपलब्धियों को लेकर घर-घर पहुंचाने का काम करेंगे। कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने ऊंचा गांव में लोगों को संबोधित करते हुए कहा की आप मुझे काम बताएंगे में उन कार्यों को पूरा करने का काम करूंगा। यह मेरा यहां का जनप्रतिनिधि होने के नाते कर्तव्य है।

# हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2023 के सम्बन्ध में बैठक 28 नवम्बर को : डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2023 के सम्बन्ध में बैठक 28 नवम्बर को हुड्डा सम्मेलन केन्द्र में आयोजित की जाएगी।
उन्होंने कहा कि आगामी 02.12.2023 और 03.12.2023 को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा फरीदाबाद में हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा/ एचटेट/ ळी२३-2023 की लिखित परीक्षा का आयोजन फरीदाबाद जिला भी किया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि एचटेट फरीदाबाद जिला में 28 परीक्षा केन्द्रों पर किया जा रहा है।



**पात्रता परीक्षा**

**8 सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के पुलिस विभाग के डीसीपी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।**

जिला प्रशासन, पुलिस और शिक्षा विभाग के जिन अधिकारियों को जो भी दायित्व मिला है। वे 28.11.2023 को प्रातः 11:00 बजे हुड्डा सम्मेलन केन्द्र निर्धारित समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह ने आगे बताया कि एचटेट परीक्षा के सफल संचालन के लिए एडीसी आनन्द शर्मा को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जबकि एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद को एचटेट परीक्षा के लिए खजाना कार्यालय का नोडल अधिकारी लगाया गया है। वहीं परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के पुलिस विभाग के डीसीपी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# यूथ फेस्टिवल युवाओं की प्रतिभा निखारने का बेहतर प्लेटफार्मः विधायक सीमा त्रिखा

**युवा फेस्टिवल**

**8 प्रतिभाशाली युवा फेस्टिवल के जरिये अन्य युवाओं के प्रेरणा स्रोत बनते हैं।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि यूथ फेस्टिवल युवाओं की प्रतिभा निखारने का बेहतर प्लेटफार्म होता है।
विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि प्रतिभाशाली युवा फेस्टिवल के जरिये अन्य युवाओं के प्रेरणा स्रोत बनते हैं।
विधायक सीमा त्रिखा आज बुधवार को डीएवी शताब्दी महाविद्यालय एनआईटी-2 में जिला फरीदाबाद के 10 आईटीआई के विद्यार्थियों के लिए आयोजित दो दिवसीय यूथ फेस्टिवल का शुभारंभ अवसर पर उपस्थित युवाओं को सम्बोधित कर रही थी। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम के आदर्शों और मूल्यों को फैलाने के उद्देश्य से युवा शक्ति की भावना में आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए युवा उत्सव का आयोजन किया गया है । भारत की स्वतंत्रता की 77वीं वर्षगांठ के प्रतीक के रूप में कार्य किया है। इसका उद्देश्य जनता के बीच देश की विविध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के लिए सराहना पैदा करना है । इस पहल का उद्देश्य जिला स्तर से लेकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक होने वाले विभिन्न आयोजनों में युवाओं को शामिल करके देशभक्ति की भावना



और भारत के स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों को फिर से जागृत करना है। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि यूथ फेस्टिवल फाइन आर्ट से जुड़ी प्रकृति की नजदीकी ले जाने में सहायक होती है। इससे फेस्टिवल में भाग लेने वाले युवाओं को प्रकृति की ओरिजिनालिटी के साथ साथ जोड़ती है। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि फेस्टिवल के जरिये युवा विद्यार्थियों में छिपी हुई कला का बेहतर प्रदर्शन करने का बेहतर मौका मिलता है। फेस्टिवल में बहुत सारे लोगों को प्रतिभागियों की कला देखकर उन लोगों के वह प्रेरणा के स्रोत बनते हैं। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि यूथ फेस्टिवल में युवाओं को अपना हुनर दिखाने का मौका मिलता है। जिससे कि भागीदार युवा कई युवाओं की प्रेरणा का स्रोत बनता है। युवाओं में छुपी हुई प्रतिभा का प्रदर्शन यूथ फेस्टीवलों के जरिए ही होता है। दो दिवसीय महोत्सव के पहले दिन भाषण, मौके पर व्याख्यान, कहानी लेखन, फोटोग्राफी, पोस्टर मेकिंग, नृत्य (सामूहिक), नृत्य (एकल), गायन (समूह), गायन (एकल) की प्रस्तुतियां दी गयी। दो दिवसीय महोत्सव के पहले दिन भाषण, मौके पर व्याख्यान, कहानी लेखन, फोटोग्राफी, पोस्टर मेकिंग, नृत्य (सामूहिक), नृत्य (एकल), गायन (समूह), गायन (एकल) की प्रस्तुतियां दी गयी। प्राप्त निर्देशानुसार श्रीमती सुनीता, उड के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ राजकीय आईटीआई (महिला) फरीदाबाद की छात्राओं द्वारा मोटे अनाज से बने पकवान भी बनाकर प्रदर्शित किए गए। इस अवसर पर डीआईपीआरओ राकेश गौतम, महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती विजयवंती एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य श्री भगत सिंह, श्री रविन्द्र पाल वर्ग अनुदेशक, राजकीय आई.टी.आई तिगाँव से प्रेमचंद कार्यवाहक प्रधानाचार्य, राजकीय आई.टी.आई मोहना से श्री जिले सिंह कार्यवाहक प्रधानाचार्य, राजकीय बहुतकनीकी संस्थान महिला से प्राचार्य श्रीमती मीनू वर्मा उपस्थित रहे।

# क्राइम ब्रांच कैट ने 4 नाबालिक बच्चों को रेस्क्यू कर किया परिजनों के हवाले

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
हरियाणा सरकार के तहत चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्ग दर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने बच्चों को रेस्क्यू कर उनके जीवन को सही दिशा दिखाने के लिए व उनकी देखभाल के लिए परिजनों को प्रेरित करने का सराहनीय कार्य किया है।

# राजस्थान में परिवर्तन का ताला जेजेपी की चाबी खोलेगीः भाटी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
भरतपुर - राजस्थान विधानसभा चुनाव प्रचार अपने अंतिम दौर मैं है। हरियाणा की जननायक जनता पार्टी ने भी राजस्थान में अपना वाजूद खड़ा करने के लिए कई उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है भरतपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के उम्मीदवार मोहन सिंह के समर्थन में पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली ने प्रचार की कमान सँभालते हुए विधानसभा के कई इलाकों जा जाकर प्रत्यासी मोहन सिंह के लिए चुनाव प्रचार किया। हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी, राजेश रावत, नसीम खान सहित कई नेता उनके साथ प्रचार में दिखाई दिए।



चुनाव प्रचार में पिछले कई दिनों से कार्यकताओं के साथ मोर्चा संभाले हुए जेजेपी नेता उमेश भाटी ने मीडिया को जारी बयान में कहा की राजस्थान में परिवर्तन का ताला जेजेपी की चाबी खोलेगी। राजस्थान की जिस इलाकों मैं हमें लगता था की हम सीटें निकाल सकते है। उसी विधानसभा में हमने मजबूत कैंडिडेट मैदान में उतारे हुए है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जी लगातार चुनाव प्रचार कर रहे है रोड शो में आ रही भीड़ इस बात की दस्तक दे रही है की जननायक जनता पार्टी को जनता का काफी प्यार मिल रहा है।
मौजूदा दोनों पार्टियां जनता को बर्गला रही है। पहले जनता मजबूर थी और उनके पास कोई ऑप्शन नहीं था की वह किस पार्टी को वोट देकर विकास का सुख भोगे, अब उनके पास जेजेपी पार्टी के रूप में एक ऐसी पार्टी मौजूद है जो उनका विकास कर सकती है।
उमेश भाटी ने कहा की कहा कि राजस्थान की जनता परिवर्तन चाहती है और सबसे बड़ी बात है की जेजेपी के पास राजस्थान में खोने के लिए कुछ नहीं, हरियाणा की जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) राजस्थान में 25 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़कर बड़ा दांव खेल दिया है।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को ज्ञापन सौपेगा पंजाबी समाजः राजेश गाबा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
लगातार कांग्रेस में हो रही पंजाबी समुदाय की अनदेखी के चलते आज फरीदाबाद में पंजाबी समुदाय से संबंध रखने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेश गाबा आर्य ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा से मांग की है कि वह फरीदाबाद की बडखल विधानसभा व फरीदाबाद 89 विधानसभा क्षेत्रों से पंजाबी समुदाय को आगामी विधानसभा चुनावों में हिस्सेदारी देते हुए प्रत्याशी बनाए ताकि आगामी लोकसभा, विधानसभा, पार्षद चुनावों में कांग्रेस अपनी जीत का परचम लहरा सकें।



श्री गाबा ने कहा कि दर्द का अहसास तब से था कि हरियाणा कांग्रेस में चार कार्यकारी अध्यक्ष सम्मानित समाज से बनाए गए थे पर मेरे समाज से किसी भी नेता को कार्यकारी अध्यक्ष नहीं बनाया गया। पंजाबी समाज इंतजार करता रहा कि कब हमारे समाज के सीनियर नेता आवाज उठाएगें लेकिन इस मुद्दे पर किसी भी पंजाबी नेता ने आवाज नहीं उठाई तो मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को आगे आना पड़ा। बंटवारे से लेकर अब तक पंजाबी समाज को कांग्रेस ने बहुत कुछ दिया है लेकिन पिछले कुछ वर्षों से हमारे समाज की अनदेखी हो रही है।
हम कांग्रेस पार्टी के सच्चे कार्यकर्ता है। सच्चे कार्यकर्ता होने के नाते जो बहुमूल्य वोट कांग्रेस पार्टी का था वो कांग्रेस से दूर हो चुका है उसी कड़ी में हम अपने समाज के रूठे हुए आखिरी छोर के हर उस व्यक्ति को मनायेगें जो पार्टी से नाराज है क्योंकि कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जो हमारे समाज की सच्ची हितैषी रही है हमारे समाज के लिए कांग्रेस पार्टी का बहुत बड़ा योगदान है।

# जांगिड़ ब्राह्मण सभा फरीदाबाद के सामूहिक विवाह कार्यक्रम मे पहुँचे पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
आपको बतादें फरीदाबाद के सेक्टर 65 के सामुदायिक भवन मे आज जांगिड़ ब्राह्मण जिला सभा फरीदाबाद द्वारा तीसरे सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें फरीदाबाद के अलावा पलवल, होडल, गुरुग्राम व मेवात तक के एरिया के लोगों ने शिरकत की और अपने बच्चो के विवाह कार्यक्रम मे शामिल हुए। हरियाणा सरकार मे पूर्व उद्योग मंत्री रहे विपुल गोयल और परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने इस कार्यक्रम मे बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और कार्यक्रम के आयोजक रहे समस्त जांगिड़ ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियो कों सफल कार्यक्रम के आयोजन की बधाई भी दी। आपको बतादें आज इस वैवाहिक कार्यक्रम मे 21 नये जोड़े विवाह बंधन मे बंधकर अपने जीवन की नई शुरूआत करने जा रहे हैं। इस मोके पर पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा की विश्वकर्मा समाज एक मेहनतकश लोगों का समाज हैं। विपुल गोयल ने आगे कहा की बतौर उद्योग मंत्री रहते हुए उन्होंने देखा हैं की फरीदाबाद मे विश्वकर्मा समाज के तकरीबन छः लाख से ज्यादा लोग हैं जो अगर अपना एक दिन काम ना करें तो फरीदाबाद थम सा जाता हैं इसलिए विश्वकर्मा समाज देश मे अपनी विशेष पहचान रखता हैं ' पूर्व मंत्री ने इस अवसर पर कहा की किसी भी समाज के संगठित रहने के लिए मूल मंत्र यही है की आपसी निंदा बंद कर-के हमेशा एक-दूसरे के हर सुख-दुख में काम आना चाहिए। विपुल गोयल ने कहा की सामूहिक विवाह सम्मेलन आज की जरूरत और समाज को सही दिशा में ले जाने के लिए बेहद जरुरी है क्योंकि इससे दहेज प्रथा भी रुकती है और बेकार के खर्चे भी नहीं होते। इससे पहले कार्यक्रम के शुरूआत मे सभी ने मिलकर दीप प्रज्जवललित किया और आयोजको की प्रशंसा भी की।

# ट्रैफिक जाम को देखते हुए डीसीपी ट्रैफिक ने कानूनी प्रकिया के तहत दिए नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के द्वारा शहर में शादियों के चलते में सड़क पर पार्किंग से लगने वाले जाम को देखते हुए तीनों जोन के ट्रैफिक एसएचओ व टीआई को बैंकट हॉल, मैरिज गार्डन, वाटिका,फॉर्म हाउस व सामुदायिक केन्द्र इत्यादि के सामने सड़क पर पार्किंग के कारण लगने वाले जाम को देखते हुए कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि यह नोटिस बैंकट हॉल, मैरिज गार्डन, वाटिका,फॉर्म हाउस व सामुदायिक केन्द्र के मालिको/ मैनेजर को भारत में प्रचलित शादी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जारी किया गए है। जिसमें बैंकट हॉल और विवाह मैदानों में बड़ी संख्या में बुकिंग की जाती है। इस संबंध में, प्रतिभागियों के वाहनों की भारी संख्या के कारण शहर में यातायात जाम हो गया। कई बार जाम में एम्बुलेंस भी फंस जाता है। जिसको जाम के कारण रास्ता नही मिलता। इन सब परेशानियों को देखते हुए। बैंकट हॉल मालिको को निम्न प्रबंध करने के आदेश दिए गए है- बैंकट हॉल के द्वारा विवाह/पार्टी में भाग लेने वालों के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थान की व्यवस्था करनी होगी।

# छात्र-छात्राओं को वीडियो वेन के माध्यम से किया जागरुक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी बल्लबगढ़ श्री राजेश दुग्गल के दिशा निर्देश के तहत सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी इंस्पेक्टर माया, महिला थाना बल्लबगढ़ प्रबंधक गीता व थाना सिटी बल्लभगढ़ प्रबंधक निरीक्षक सतीश कुमार व दुर्गा शक्ति टीम ने राजकीय कन्या वरिष्ठ विद्यालय बल्लभगढ़ में छात्र- छात्रों को महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम, नशे के दुष्परिणामों और डायल 112 एप संबंधित के बारे में जागरुक करते हुए जानकारी प्रदान की। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी, महिला थाना प्रबंधक और सिटी



थाना प्रबंधक व दुर्गा शक्ति टीम ने राजकीय कन्या वरिष्ठ विद्यालय बल्लबगढ़ में करीब 700 छात्र-छात्राओं को जागरुक किया है। साइबर क्राइम के प्रति जागरुक तथा बचाव-
सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी ने बच्चो को बताया कि फेसबुक, व्हाट्सएप या किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील चैट या वीडियो कॉल की रिक्वेस्ट आए तो उसे तुरंत ब्लॉक करें। फेसबुक, व्हाट्सएप पर किसी अननोन नम्बर से वीडियो कॉल आने पर अटेन्ड नही कर। फोन कॉल, एसएमएस या अन्य किसी माध्यम से ओटीपी, यूपीआई पिन, एटीएम पिन और सीवीवी किसी के साथ भी शेयर न करें। इस से आप के साथ साइबर फ्रॉड हो सकता है। इस के संबंध में घरवालों को भी जागरूक करे। किसी भी रिमोट एक्सेस एप जैसे क्यूक स्पोर्ट, एनीडेस्क, टीम विवर, एंड्रायड आदि को प्ले स्टोर से डाउनलोड न करें और न ही इनके आईडी व पासवर्ड किसी से शेयर करें।
इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जिन छात्रों ने अभी नया नया मोबाइल उपयोग करना शुरू किया है उन्हें अभी इतनी जागरुकता नहीं है कि समाज में किस प्रकार के साइबर अपराधी घूम रहे हैं और वह किस प्रकार भोले भाले व अनजान व्यक्तियों को अपना निशाना बनाते हैं।

# आर्थिक रूप से कमजोर तपेदिक के मरीजो को किया गया विशेष पोषाहार वितरण : डीसी विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी कम जिला रैडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आज वीरवार को प्रातः 10:00 बजे जिला रैड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा संचालित अन्नदान- महादान मुहीम के तहत रैड क्रॉस भवन सेक्टर -12 में जिला रेड क्रॉस सोसायटी फरीदाबाद द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर तपेदिक के मरीजो को विशेष पोषाहार वितरण किया गया। जहां पोषाहार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे श्रीमती सुषमा गुप्ता वाईस चेयरपर्सन भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मंत्री का सपना है कि वर्ष



2025 तक भारतवर्ष को टीबी मुक्त बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को सभी समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से ही पूर्ण किया जा सकता है। अतः इस मुहिम को सार्थक करते हुए फरीदाबाद की स्वयंसेवी संस्था अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि तपेदिक के लक्षणों की पहचान करके तत्काल प्रभाव से इलाज बेहद जरूरी है।तपेदिक के इलाज के लिए जरूरीः- इस स्थिति में जरूरी ये है कि आप इलाज के साथ अपनी डाइट भी सही करें। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ एमपी सिंह, चीफ वार्डन डिफेन्स द्वारा सभी तपेदिक रोगियों को विशेष पोषाहार लेने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि रोगी खाने में उन फल और सब्जियों को शामिल करें। जो कि आपको अंदर से सेहतमंद रखें और शरीर की ताकत बढ़ाए। श्री प्रताप सिंह सेवानिवृत्त अधीक्षक, विशेष अतिथि द्वारा जिला रैड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा संचालित मुहिम को बहुत ही सार्थक बताते हुए तपेदिक के रोगियों से अपील करते हुए कहा कि तपेदिक रोग लाइलाज नहीं है। यदि इसकी पूरी दवाइयों का सेवन पूर्ण रूप से किया जाए । इस अवसर पर सचिव बिजेन्द्र सौरोत ने बताया कि तपेदिक की बीमारी बहुत ही खतरनाक बीमारी है, परन्तु लाइलाज नहीं है। इस बीमारी से सफल इलाज यही है कि पौष्टिक आहार ले और समय-समय पर अपनी जांच कराए। उन्होंने बीमारी से बचाव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह रोग एक खतरनाक संक्रामक रोग है। सही समय पर इसका इलाज नहीं होने पर यह जानलेवा हो सकती है। इसलिए अपने आप को इस बीमारी की चपेट में आने से बचाने के लिए आपको इसके बारे में पूरी जानकारी होना बहुत जरूरी है। जिससे आप खुद व अपने परिवार को इस जानलेवा रोग की चपेट में आने से बचा सकें। डॉ दुर्गेश, प्रवक्ता नेहरू कॉलेज फरीदाबाद के द्वारा मंच का संचालन किया गया। वहीं श्री पुरुषोत्तम सैनी उप अधीक्षक जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद ने भी तपेदिक रोगियों को माननीय प्रधानमंत्री के सपने के अनुसार वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए सभी उपस्थित तपेदिक रोगियों को शपथ दिलवाई।

## तपेदिक के इलाज के लिए कारगर डाइट :-

कार्यक्रम संयोजक पुरषोत्तम सैनी व मधु भाटिया जिला तपेदिक समन्वयक ने तपेदिक की बीमारी से बचाव के बारे में बताते हुए कहा कि तपेदिक कि बीमारी पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लडने.में लहसुन कारगार होता है, रोगाणुरोधी गुण से भरपूर लहसुन, प्रतिरक्षा प्रणाली को भी बढ़ावा दे सकता है। वहीं पुदीने में एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो तपेदिक से प्रभावित ऊतकों के उपचार में मददगार साबित हो सकते हैं। इसी के साथ आंवला भी लेना चाहिए आंवले में जीवाणुरोधी गुण होते हैं। कुमारी मधु भाटिया के द्वारा बताया गया कि टी बी प्रोजेक्ट में कार्यरत स्वयंसेवक समय-समय पर तपेदिक रोगियों को परामर्श देते है तथा उनको दवाइयों का निरंतर सेवन करने बारे में पूर्ण जानकारी रखते हैं।
ये महानुभाव रहे उपस्थितः-
इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री सुशील, डॉ दुर्गेश, प्रेम कुमार, श्रानी, बी एम शर्मा, मीनाक्षी, राम, परवीन, मीनू कौशल, रामबरन यादव, रामकिशोर व अन्य रेडक्रॉस स्टाफ ने पूर्ण सहयोग दिया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 24 नवंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# कांग्रेस ने किया गुर्जर समाज का अपमान: मोदी

## कांग्रेस ने राजस्थान को दंगों में नंबर वन बनाया: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/राजसमंद**
राजस्थान में विधानसभा चुनाव में अपने धुंआधार दौरों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राजसमंद जिले के देवगढ़ में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सचिन पायलट और राजेश पायलट के बहाने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राजस्थान में गुर्जर समाज का जितना अपमान कांग्रेस ने किया है, उतना किसी ने नहीं किया। राजस्थान में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन उन्होंने जनता से अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील करते हुए कहा कि देवउठनी एकादशी पर विवाहों के कारण जनता की आवाज को इलेक्शन कमीशन ने सुना है और अब हमें इलेक्शन कमीशन का मान रखते हुए रिकॉर्ड मतदान करना है। मोदी ने कहा कि एक गुर्जर समाज का बेटा राजनीति में जगह बनाने के लिए संघर्ष करता है, जान लगाता है



और सत्ता मिलने के बाद शाही परिवार की शह पर उसे दूध से मक्खी की तरह निकाल कर फेंक दिया जाता है। राजेश पायलट के साथ भी यही किया गया और उनके बेटे के साथ भी यही किया जा रहा है। पीएम मोदी ने चुटकी लेते हुए कहा कि वे राजस्थान में जहां भी गए हैं, वहां एक ही बात सुनाई देती है। गहलोत जी, कोनी मिले वोट जी। उन्होंने कहा कि इस चुनाव की एक खास बात और है। राजस्थान के इस चुनाव में माता-बहनों और बेटियों ने भी झंडा उठा लिया है। पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के बाद जो देश का पहला बड़ा घोटाला हुआ, वो भी हमारे देश के वीर जवानों के लिए खरीदी में हुआ। इन्होंने उसमें से भी कटकी कर ली थी। बोफोर्स घोटाले को भी ये देश कभी नहीं भूल सकता। यदि ये कांग्रेस सरकार 2014 में नहीं गई होती तो हमारे तेजस फाइटर प्लेन भी कागजों पर रह जाते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान को दंगों में नंबर वन बनाया। तीज-त्योहारों पर कर्फ्यू में नंबर वन बनाया। अपराध में नंबर वन बनाया। भ्रष्टाचार में टॉप पर पहुंचाया। राज्य को पेपर लीक में नंबर वन बनाया। कांग्रेस सरकार जब यहां बनी थी तो उसने भाजपा की अच्छी योजनाओं पर ताला लगा दिया। आप यह याद रखिएगा कि जहां कांग्रेस से उम्मीद खत्म होती है, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। भाजपा राजस्थान को टूरिज्म, तीर्थ यात्रा, निवेश, शिक्षा, खेल, उद्योगों के मामले में अग्रणी बनाएगी। उन्हें जीवन में बड़ा संतोष है कि भगवान राम का घर बन रहा है तो 4 करोड़ गरीब परिवारों का घर भी बन रहा है। सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ता धर्मचंद देरासरिया का नाम लेते हुए कहा कि 60 साल भाजपा के लिए खपाने वाले देरासरिया कार्यकर्ता के रूप में बैठे हैं।

## चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को भेजा नोटिस



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने राजस्थान की एक जनसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान का संज्ञान लिया है। आयोग ने राहुल गांधी को नोटिस जारी कर पूछा है कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। उन्हें शनिवार शाम तक जवाब देने का समय दिया गया है। आयोग ने उन्हें चुनाव आदर्श संहिता के विभिन्न प्रावधानों के तहत नोटिस भेजा है। राहुल गांधी ने कल बाड़मेर में एक चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए 'जेबकतरा' और 'पनोती' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था। इसके अलावा उन्होंने विश्वकप हारने और उद्योगपतियों के कर्ज माफ करने के आरोप भी लगाए थे। भाजपा ने चुनाव आयोग से इस बारे में शिकायत की थी। पार्टी का कहना था कि प्रधानमंत्री के लिए इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल करना और सत्यापित किए बिना आरोप लगाना गलत है।

## भाजपा की भड़काने वाली स्पीच का जनता देगी जवाब: गहलोत

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
राजस्थान विधानसभा चुनाव के प्रचार के अंतिम दिन गुरुवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी पर जमकर प्रहार किए। उन्होंने कहा कि भाजपा राजस्थान में सरकार गिराने में फेल हो गई, उसका झटका इतना भारी है कि उसकी टीस बाहर आ रही है। भाजपा वाले 25 नवंबर तक के मेहमान हैं। इसके बाद ये पांच साल तक मुंह नहीं दिखाएंगे। मुख्यमंत्री गहलोत गुरुवार को यहां पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में जब मैं गुजरात में कांग्रेस इंचार्ज था, तब मोदीजी कहते थे कि ये राजस्थानी अशोक गहलोत मुझे हराने आया है, आप मारवाडी की मत सुनो, आप बताइए मैं आपका बेटा हूं, आप मुझे वोट नहीं देंगे तो मैं कहां जाऊंगा। गहलोत ने पलटवार करते हुए कहा कि मैं राजस्थान की जनता से कहना चाहता हूं कि मैं राजस्थान का हूं। अब अगर मैं कहूं कि अब वो



गुजराती आ रहा हैं, हम तो नहीं कह रहे कि गुजराती यहां आ रहा है, प्रचार कर रहा है, घूम रहा है। आप गुजराती की बात मानोगे तो मैं कहां जाऊंगा। मैं तो आपके पास ही आऊंगा। मैं थांसू दूर कोनी।

गहलोत ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि नरेन्द्र मोदी, अमित शाह से लेकर सब मंत्रियों और बड़े नेताओं ने राजस्थान पर धावा बोल दिया है। राजस्थान की जनता भाजपा को करारा जवाब देगी। राजस्थान में भड़काने वाली स्पीच हो रही है।

## नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ा इस्कॉन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश को नशा मुक्त बनाने के मकसद से शुरू किए गए 'नशा मुक्त भारत अभियान' से अब इस्कॉन भी जुड़ गया है। इस संबंध में गुरुवार को नई दिल्ली स्थित डॉ.अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के साथ इस्कॉन प्रबंधन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत इस्कॉन भी देश में नशा मुक्ति के खिलाफ कार्यक्रम आयोजित करने के साथ लोगों को जागरूक करेगा। इस मौके पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार मौजूद थे। इस अवसर पर डॉ. वीरेन्द्र कुमार कहा कि देश में नशा मुक्त भारत अभियान एक जन आंदोलन बन गया है।
इस अभियान से देश के कई सामाजिक संस्थानों के साथ आध्यात्मिक संस्थानों के जुड़ने से इस अभियान को अधिक बल मिलेगा। इस अभियान में

**जागरूकता**

**8 इस्कॉन भी देश में नशा मुक्ति के खिलाफ कार्यक्रम आयोजित करने के साथ लोगों को जागरूक करेगा।**

आध्यात्मिक संगठनों की भागीदारी के महत्व पर जोर देते हुए केन्द्रीय मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस्कॉन के साथ यह सहयोग व्यक्तियों के जीवन को रोशन करने और उन्हें नशे की राह पर जाने से रोकने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस्कॉन इस दिशा में मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक रूप से मजबूत समाज के निर्माण के सफर में भागीदार होगा। इस्कॉन प्रबंधन ने भी मंत्रालय के प्रयासों के लिए सराहना करते हुए अपने सभी मंदिरों और केन्द्रों पर इस अभियान को आगे बढ़ाने की बात की।

## बेतिया मे अनियंत्रित स्कूल बस ने तीन को कुचला

**बेतिया।** बेतिया पुलिस जिला के जगन्नाथपुर के नवका टोला गांव के नजदीक अनियंत्रित स्कूल बस ने तीन बाइक सवार युवकों को रौंद दिया।जिसमें एक युवक की मौत हो गई है। जबकि दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए है। दोनों का इलाज हेतु गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल,बेतिया में भर्ती कराई गई। घटना गुरुवार सुबह लगभग साढ़े सात बजे की बताई गई है। स्कूल बस जिले के गोपालपुर थाने के शांति चौक अवस्थित संत कबीर पब्लिक स्कूल का है तथा घटना के बाद स्कूल में ताला बंद सभी फरार हो गए है।

## खूनी संघर्ष में बदला गुरुद्वारे की गद्दी पर कब्जे से शुरू हुआ विवाद

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
पंजाब के ऐतिहासिक शहर सुल्तानपुर लोधी के गुरुद्वारा बुंगा साहिब में निहंगा सिंघों तथा पुलिस के बीच चल रही फायरिंग बंद हो गई है। घटना में जहां एक पुलिस कर्मी की मौत हुई है वहीं डीएसपी समेत दस पुलिस कर्मचारी व अधिकारी घायल हो गए हैं। गुरुद्वारा बुंगा साहिब में गद्दी को लेकर शुरू हुई लड़ाई खूनी संघर्ष में बदल गई है। पंजाब में गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व से ठीक पहले हुई इस घटना को लेकर लोगों में दहशत है। यह गुरुद्वारा सुल्तानपुर लोधी के ऐतिहासिक गुरुद्वारे से ठीक सामने



है। गुरुपर्व के चलते ज्यादातर गुरुद्वारों में इन दिनों 101 अखंड पाठों की लड़ी चल रही है। अब तक हुई जांच में पता चला है कि गुरुद्वारा अकाल बुंगा में बुड्ढा दल के मुखी बाबा बलवीर सिंह 96वें करोड़ी काबिज थे। उन्होंने बाबा निरवैर सिंह ढिल्लो को गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार की जिम्मेदारी सौंपी हुई थी। मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे बाबा बुड्ढा दल से अलग हुए गुट के मुखी संत बाबा मान सिंह अपने 15-20 साथियों के साथ गुरुद्वारा श्री अकाल बुंगा साहिब में जबरन दाखिल हो गए। यहां उन्होंने निरवैर सिंह को रस्सियों से बांध लिया और जगजीत सिंह पर हथियारों से वार किए। दोनों का असलहा, मोबाइल व पैसे छीनकर गुरुद्वारा साहिब पर कब्जा कर लिया।

जगजीत सिंह के बयान पर बाबा मान सिंह और उनके 15-20 साथियों पर थाना सुल्तानपुर लोधी में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। बुधवार रात को निहंग सिंह मान सिंह के 10 सेवादारों की ओर से बाबा बलबीर सिंह के दूसरे डेरे गांव बूसोवाल रोड के समीप पीर गेब पर कब्जा करने की कोशिश की गई।

**प्रस्ताव**

**8 पुलिसकर्मी की मौत, डीएसपी समेत 10 घायल, निहंगों को बातचीत का दिया प्रस्ताव**

## राजसंस्था समर्थकों के विरोध में संगठन भी सड़कों पर उतरे

**काठमांडू, 23 नवम्बर (हि.स.)।** नेपाल की राजधानी में गुरुवार को राजसंस्था की बहाली को लेकर चलाए जा रहे अभियान के समर्थन में शक्ति प्रदर्शन किया गया तो दूसरी तरफ इसके विरोध में वामपंथी दल भी सड़कों पर उतरे। राजसंस्था पुनर्बहाली के समर्थन में हो रहे प्रदर्शन के विरोध में प्रमुख विपक्षी दल नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (एमाले) से संबद्ध युवा संगठन ने भी शक्ति प्रदर्शन किया है। विपक्षी कार्यकर्ता गणतंत्र के बचाव और राजसंस्था के विरोध में प्रदर्शन किया है। कम्युनिस्ट युवा संगठन के नेता महेश बस्नेत के नेतृत्व में



तीनकुने में वामपंथी दल से जुड़े लोगों ने गणतंत्र के बचाव में नारेबाजी की। महेश बस्नेत ने कहा कि सैकड़ों लोगों के बलिदान के बाद नेपाल में लोकतंत्र और गणतंत्र की स्थापना हुई है। इसे कुछ नेताओं के कारण खत्म नहीं किया जा सकता है। राजसंस्था के समर्थन और विरोध में एक ही दिन एक ही समय में प्रदर्शन होने से काठमांडू के अधिकांश स्थानों पर निषेधाज्ञा लागू की गई। दोनों प्रदर्शन के लिए अलग-अलग स्थान तय किये गए। राजसंस्था समर्थकों के लिए बल्खु क्षेत्र, जबकि युवा संगठन के लिए तीनकुने क्षेत्र में स्थान सुनिश्चित किया गया। आज राजधानी की सभी शैक्षिक संस्थाओं को बन्द रखा गया।

**नारेबाजी**

**8 महेश बस्नेत के नेतृत्व में तीनकुने में वामपंथी दल से जुड़े लोगों ने गणतंत्र के बचाव में नारेबाजी की।**

## जल्द पूरी हो सकती है मराठा समुदाय की आरक्षण की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को कहा कि सरकार मराठा आरक्षण की मांग को लेकर सकारात्मक है और मराठा समुदाय को आरक्षण देने की कोशिश चल रही है। मराठा समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को डिप्टी सीएम फडणवीस से सोलापुर जिले के



पंढरपुर में मुलाकात की। डिप्टी सीएम फडणवीस अपनी पत्नी के साथ पंढरपुर में भगवान विट्ठल और देवी रुकमणी के मंदिर में कार्तिकी एकादशी के मौके पर पूजा करने पहुंचे थे। देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में लिखा कि 'मैं मराठा समुदाय को आश्वस्त करना चाहता हूं कि राज्य सरकार उनकी मांग को लेकर सकारात्मक है।

## सीएसए के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**
चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह जानकारी गुरूवार को सीएसए के मीडिया प्रभारी डॉ.खलील खान ने दी।
उन्होंने बताया कि यह सम्मान उन्हें लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित "जलवायु परिवर्तन के अंतर्गत टिकाऊ कृषि पर्यावरण एवं स्वास्थ्य हेतु जीव विज्ञान में वर्तमान प्रचलन" विषय पर



आयोजित तीन दिवसीय (23 से 25 नवंबर 2023) राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रदान किया गया है। यह कार्यक्रम इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रीकल्चर बायोकेमिस्ट सीएसए कानपुर एवं वनस्पति विज्ञान विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है।

## ट्रेन में लगी आग, फायर सेफ्टी सिलेंडर से पाया गया काबू

**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**
कानपुर में बिल्हौर स्टेशन के पास ट्रेन मेंआग लगने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। हादसे से यात्रियों में हड़कंप मच गया और लोगों ने कूदकर जान बचाई। जानकारी के



अनुसार, बिल्हौर स्टेशन के पास कासगंज एक्सप्रेस 15039 की बोगी में अचानक आग लग गई। एक्सप्रेस ट्रेन कानपुर-अनवरगंज से कासगंज जा रही थी। तत्काल प्रभाव से राहगीर ने फायर सेफ्टी सिलेंडर से आग पर काबू पाया। एक्सप्रेस की बोगी से सभी यात्री सुरक्षित निकले गए हैं। सूचना पर मौके पर एम्बुलेंस सहित थाना प्रभारी मय फोर्स पहुंचे। घटना बिल्हौर थाना के सुभानपुर गांव के सामने हुई है।

## वित्त मंत्री ने साइबर धोखाधड़ी पर लगाम लगाने के लिए दिया जागरूकता पर जोर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि साइबर धोखाधड़ी के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने और घोटालेबाजों को सिस्टम से खिलवाड़ करने से रोकने के लिए तकनीक की बागडोर अपने हाथों में लेने की जरूरत है। वित्त मंत्री ने यहां डिजिटल एक्सेलेरेशन एंड ट्रांसफॉर्मेशन एक्सपो (डीएटीई) कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि लोगों को फोन या एसएमएस (संदेश) के जरिए निशाना बनाए जाने वाले



साइबर धोखाधड़ी के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार समय-समय पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की समीक्षा करती है। उन्होंने कहा कि बैंक नियामक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) अपनी स्वयं की प्रणाली की समीक्षा करता है। बीमा कंपनियां भी अपनी प्रणाली की समीक्षा करती हैं। उन्होंने कहा कि हम लगातार वही कर रहे हैं, जिसकी जरूरत है। जब तक जागरूकता नहीं आएगी, जब तक हम लोगों के मन में यह सतर्कता पैदा नहीं करेंगे कि उन्हें फोन पर कही गई किसी भी बात पर नहीं चलना चाहिए, तब तक खतरा रहेगा। सीतारमण ने कहा कि भारत बदलाव के दौर से गुजर रहा है। हम एक ऐसे मुकाम पर हैं, जहां हम पहले की तुलना में अब पूरी तरह डिजिटल हो रहे हैं।

### सीसीटीवी कैमरों के उच्चीकरण व नए सीसीटीवी कैमरों के इंस्टॉलेशन के जरिए इंटिग्रेटेड सीसीटीवी कैमरों का जाल विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी

## इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से लैस होगा गाजियाबाद, सीसीटीवी कैमरे होंगे इंटीग्रेट

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अब नोएडा के तर्ज पर गाजियाबाद में इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) लागू करने जा रही है। दरअसल, प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में इस प्रक्रिया को पूर्णतः लागू करने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी और अब इसी को क्रियान्वित करते हुए गाजियाबाद के ट्रैफिक निगरानी व संचालन प्रक्रिया को स्मार्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया



कि गाजियाबाद नगर निगम ने कार्यवाही शुरू करते हुए शहर के वर्तमान सीसीटीवी कैमरों के उच्चीकरण व नए सीसीटीवी कैमरों के इंस्टॉलेशन के जरिए इंटिग्रेटेड सीसीटीवी कैमरों का जाल विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि इंस्टॉलेशन व अपग्रेडेशन की प्रक्रिया पूर्ण होने से शहर के वीडियो मैनेजमेंट सिस्टम (वीएमएस) तंत्र को मजबूती मिलेगी, इससे यातायात नियंत्रण के साथ ही अपराध समेत आपात स्थितियों के नियंत्रण में भी सर्विलांस के जरिए मदद मिलेगी। इन सभी कार्यों के संचालन व समन्वय के लिए मास्टर सिस्टम इंटिग्रेटर की नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

**500 से ज्यादा इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कैमरों की लाइव फुटेज बनेगी निगरानी का जरिया:** प्रवक्ता ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम ने आरपीएफ माध्यम से मास्टर सिस्टम इंटिग्रेटर की नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे हैं। ई-निविदा के जरिए कायार्वंटन प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा तथा जिस एजेंसी को मास्टर सिस्टम इंटिग्रेटर का दायित्व सौंपा जाएगा, उसे शहर में 500 से ज्यादा इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कैमरों की लाइव फुटेज एसेसमेंट व स्टोरेज कैपेसिटी वाला वीएमएस विकसित करना होगा। कंट्रोल रूम संचालन, फीड स्टोरेज प्रक्रिया समेत सीसीटीवी के उच्चीकरण जैसी प्रक्रियाओं को मास्टर सिस्टम इंटिग्रेटर द्वारा पूर्ण किया जाएगा। इसके अलावा, रिमोट एसेसमेंट, कंट्रोल रूम एक्सेस, क्लाउड व स्टोरेज कैपेसिटी मैनेजमेंट समेत तमाम प्रक्रियाओं को पूर्ण करना होगा।

**8 सीसीटीवी कैमरों के इंस्टॉलेशन के जरिए इंटिग्रेटेड सीसीटीवी कैमरों का जाल विकसित करने की प्रक्रिया शुरू**

## महाराष्ट्र में मेले के दौरान मंच पर हुआ अश्लील डांस

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
महाराष्ट्र में एक गांव में मेले के दौरान मंच पर अश्लील डांस होने का मामला सामने आया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही एक असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर को ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में पुलिस मुख्यालय से संलग्न कर दिया गया है। खबर के अनुसार, घटना 17 नवंबर की रात की है। जब भंडारा जिले के नाकाडोंगरी गांव में स्थानीय मेले का आयोजन हुआ। यह इलाका गोबरवाही पुलिस थाने के अंतर्गत आता है। गांव में आयोजित मंडाई मेले के दौरान नागपुर के एक डांस ग्रुप की डांसर ने कथित तौर पर सार्वजनिक रूप से अश्लील डांस किया। इस दौरान कुछ युवा भी मंच पर चढ़ गए और उन्होंने महिला डांसर को छूने की कोशिश की और इस दौरान नोट भी उड़ाए। डांस के दौरान किसी ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया, जो वायरल हो गया।